3 राजधानी
जंगपुरा मेट्रो स्टेशन से एक करोड़ की नकदी के साथ दो पकड़े गए

8 अभिमत
हम जीत सकते थे चीन से युद्ध!

13 विदेश
सिंगापुर में भारतीय दंपति पर मानव तस्करी के आरोप लगे

14 स्पोर्ट्स
कोहली को विश्राम, शिवम को मिला मौका

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 345
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आडाई के रिमेक में नहीं दिखेंगी कंगना
विविध-16

# हरियाणा में त्रिशंकु विधानसभा-महाराष्ट्र में राजग सरकार

## बहुमत से चूके खट्टर लेकिन फिर सरकार बनाएगी भाजपा

● आलाकमान ने दिए संकेत, भाजपा संसदीय बोर्ड ने शाह को सौंपा हरियाणा-महाराष्ट्र में सरकार गठन पर फैसले का जिम्मा

● खट्टर सरकार के आठ दिग्गज मंत्री चुनाव हारे, पहलवान दत्त और फोगाट भी चारों खाने चित्त



मनोहर लाल खट्टर — भूपेंद्र सिंह हुड्डा — दुष्यंत चौटाला


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पांच** साल पहले शानदार जीत के साथ हरियाणा में अपने बलबूते सरकार बनाने वाली भाजपा 40 सीटें जीतकर इस बार बहुमत से चूक गई है। बुरी तरह टूटी-बिखरी कांग्रेस ने अप्रत्याशित तरीके से 31 सीटें जीतकर उसे जबर्दस्त टक्कर दी है वहीं, जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता दुष्यंत चौटाला 10 सीटें अपनी झोली में डालकर किंगमेकर बनकर उभरे हैं। इनेलो और एचएलपी ने एक-एक सीट पर जबकि निर्दलियों ने सात सीटों पर कब्जा जमाया है। जाहिर है कि सरकार गठन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

भाजपा बहुमत का आंकड़ा भले नहीं छू पाई लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी जरूर बनी है और सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। फिर सरकार बनाने का संकेत देते भाजपा आलाकमान व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया कि पिछले पांच सालों में मोदी जी के नेतृत्व में खट्टर सरकार ने हरियाणा की जनता के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए। भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बनाकर पुन: सेवा का मौका देने के लिए जनता का अभिनंदन। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। इस बीच, भाजपा संसदीय बोर्ड ने हरियाणा और महाराष्ट्र में सरकार बनाने से जुड़े फैसले के लिए पार्टी अध्यक्ष अमित शाह को अधिकृत किया है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक हुई। सूत्रों ने बताया कि दोनों राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा यानी खट्टर व फडनवीस सीएम बने रहेंगे। उधर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहने पर शाह ने उन्हें फटकार लगाई है।

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा की 90 में 40 सीटें जीती हैं यानी बहुमत के जादुई आंकड़े (46) से छह सीटें कम। भाजपा ने 2014 के विधानसभा चुनाव में 47 सीटें जीती थीं और इस बार 75 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। चौंका देने वाला प्रदर्शन करती कांग्रेस ने 31 सीटों पर कब्जा जमा लिया है। अपना पहला चुनाव लड़ने वाली जेजेपी ने 10 सीटें जीतकर सत्ता की चाभी अपने हाथ में ले ली है। इनेलो ने ऐलनाबाद सीट जीती है जहां से अभय चौटाला मौजूदा विधायक हैं जबकि हरियाणा लोकहित पार्टी (एचएलपी) के अध्यक्ष गोपाल कांडा सिरसा से चुनाव जीत गए हैं। निर्दलियों ने सात सीटें अपनी झोली में डाली हैं।

भाजपा भले ही सत्ता में लौट आए लेकिन नतीजों को लेकर औरों की भांति वह भी (शेष 10 पर)




## शिवसेना की दहाड़ के साथ फड़णवीस फिर पहनेंगे ताज



महाराष्ट्र में चुनाव परिणाम आने के बाद खुशी जताते सीएम देवेन्द्र फड़णवीस, रामदास अठावले, उद्धव ठाकरे व आदित्य ठाकरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**महाराष्ट्र** में भाजपा-शिवसेना गठबंधन को अगले पांच साल के लिए स्पष्ट बहुमत मिल गया है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 288 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा ने 102 जीती हैं जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना को 57 सीटें मिली हैं। भले सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिल गया, लेकिन 2014 के मुकाबले सीटें घट गई हैं। वहीं, कांग्रेस-एनसीपी गठजोड़ ने पहले के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस को 47 और एनसीपी को 53 सीटें हासिल हुई हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के 122 और शिवसेना के 63 विधायक जीत कर आए थे। दोनों ही दल अलग-अलग चुनाव लड़े थे। कांग्रेस के 42 और एनसीपी 41 सीटों पर जीती थी। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार विधायकों की संख्या बढ़ने के मामले में सबसे ज्यादा फायदे में शरद पवार रहे हैं। कांग्रेस की भी पहले की अपेक्षा सीटें बढ़ी हैं। भाजपा को 20 और शिवसेना को छह सीटों का नुकसान हुआ है। हालांकि इससे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का हौसला टूटा नहीं है। वह पूरे उत्साह से कहते हैं कि गठबंधन को अगले पांच साल शासन करने के लिए राज्य ने स्पष्ट जनादेश दे दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र की जनता का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और शिवसेना सत्ता में साझेदारी को लेकर वही करेगी जो उनके बीच पहले से तय है।

दूसरी ओर, नतीजों से उत्साहित शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने तेवर भी साफ कर दिए हैं। गठबंधन को नतीजों/रुझानों में बहुमत मिलने के फौरन बाद पत्रकारों से बातचीत में शिवसेना प्रमुख ने कहा कि सीएम पद को लेकर भाजपा के साथ 50-50 फॉर्म्युले पर बात हुई थी और उनकी पार्टी इस पर नहीं झुकेगी।

सहयोगी पार्टी को अपना वादा भूलना नहीं चाहिए। ठाकरे परिवार से पहली बार चुनावी मैदान में उतरे उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे भारी मतों से जीते हैं। ठाकरे ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि अगला मुख्यमंत्री शिवसेना से होगा। राज्य में 21 अक्टूबर को एक लोकसभा सीट (सतारा) के लिए भी उपचुनाव हुआ। पूर्व नौकरशाह एवं सिक्किम के पूर्व राज्यपाल राकांपा प्रत्याशी श्रीनिवास पाटील ने सतारा लोकसभा सीट पर उदयनराजे भोसले को हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उपचुनाव से पहले भोसले राकांपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सातारा में एक चुनाव प्रचार रैली को संबोधित भी किया था।

विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले अहम नेताओं में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना के आदित्य ठाकरे और विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे शामिल हैं। धनंजय ने इस रोचक मुकाबले में भाजपा की मंत्री और अपनी चचेरी बहन पंकजा मुंडे को हराया है। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले अन्य नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और पृथ्वीराज चव्हाण तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार शामिल हैं। खास यह कि चुनाव से पहले दलबदल करने वाले नेताओं की हार हुई है। इस दलबदल में शिवसेना में 11 जबकि भाजपा में आठ नेता शामिल हुए थे। नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि संदेश यही है कि जनता सत्ता के अहंकार को पसंद नहीं करती। जनता ने उनकी पार्टी को विपक्ष में रहने का जनादेश दिया है। इसलिए वह महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेंगे।




● यह वक्त सत्ता बंटवारे के लिए 50:50 फॉर्मूले को लागू करने का है: उद्धव

● जनता सत्ता का अहंकार पसंद नहीं करती: पवार

● चुनाव से पहले दलबदल करने वाले नेताओं की हार

### उत्तर प्रदेश की 11 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे

## बीजेपी ने आठ, सपा ने तीन सीटों पर दर्ज की जीत

● रामपुर में सपा का कब्जा बरकारार, बीजेपी ने जैदपुर सीट गंवाई जबकि बसपा और कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा के उप चुनाव में बीजेपी पर जनता ने भरोसा कायम रखा है। 11 में से भाजपा और उसके सहयोगी दलों को आठ सीट मिलीं जबकि सपा ने भाजपा और बसपा से एक-एक सीटी छीन ली है। जलालपुर और बाराबंकी की जैदपुर पर सपा ने कब्जा किया है।

रामपुर में भी साइकिल को भाजपा पंचर नहीं कर पाई है जबकि बसपा और कांग्रेस का इस चुनाव में खाता नहीं खुला है। जलालपुर बसपा के पास थी। चुनाव आयोग के अनुसार गंगोह से बीजेपी के कीरत सिंह ने कांग्रेस के मसूद नोमानी को 5419 मतों के अंतर से हराया है। रामपुर में मोहम्मद आजम खां की पत्नी डा तंजीम फातिमा ने बीजेपी के भारत भूषण को 7716 मतों के अंतर से हराया है। अलीगढ़ की इगलास सीट पर बीजेपी के राजकुमार सहयोगी ने बसपा के अभय कुमार को 25937 मतों के अंतर से पराजित किया है। लखनऊ कैंट में बीजेपी के सुरेश तिवारी ने सपा के मेजर आशीष चतुर्वेदी को 35428 मतों के अंतर से हराया है। कानपुर (शेष 10 पर)

### विजयी प्रत्याशियों को सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले सभी प्रत्याशियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने को बधाई दी। योगी ने कहा कि इस जीत को सभी चुने गए जन प्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से सबका विश्वास में बदलेंगे। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि जीते हुए सभी प्रत्याशी जन आकांक्षाओं को पूरा करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे तथा प्रदेश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी

## दो राज्यों में पहले आ गई दिवाली: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के लोगों ने एक बार फिर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर भरोसा जताया है और वे अगले पांच साल उनकी सेवा करने के लिए और ज्यादा मेहनत करेंगे। भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने हरियाणा में पार्टी के प्रदर्शन को अभूतपूर्व करार देते हुए कहा कि पार्टी ने 2014 के 33 फीसद के मुकाबले अपने मत प्रतिशत में इजाफा कर इस बार इसे 36 प्रतिशत तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दो राज्यों में दिवाली पहले ही आ गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और उनके महाराष्ट्र के समकक्ष देवेंद्र फड़णवीस की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा कि खट्टर सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चली जबकि फड़णवीस का प्रशासन बेदाग रहा और वह बीते 50 सालों में महाराष्ट्र में कार्यकाल पूरा करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32.1°C (0) |
| न्यूनतम | 17.7°C (+1) |

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,020 | ↓ | 38 |
| निफ्टी | 11,582 | ↓ | 21 |
| सोना | 38,945 | ↑ | 75 /10g |
| चांदी | 46,520 | ↑ | 110 /kg |

### क्विक न्यूज

#### शोपियां में आतंकियों ने दो ट्रक चालकों की हत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सेब लाने गए दो कश्मीरी ट्रक चालकों की आतंकवादियों ने गुरुवार को हत्या कर दी। दक्षिण कश्मीर में गत 10 दिनों में ट्रक चालकों को निशाना बनाए जाने की यह तीसरी घटना है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ट्रक चालक बिना सुरक्षा बलों को जानकारी दिए हुए अंदरूनी हिस्सों में गए थे। उन्होंने बताया कि दो ट्रक चालकों के शवों को बरामद कर लिया गया है जबकि एक घायल ट्रक चालक को श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दूरसंचार क्षेत्र के राजस्व पर केंद्र के रुख को न्यायालय ने सही माना

## कंपनियों को तगड़ा झटका

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दूरसंचार** सेवाप्रदाता कंपनियों को बृहस्पतिवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब उच्चतम न्यायालय ने उनसे करीब 92,000 करोड़ रुपए के समायोजित सकल राजस्व की वसूली के लिए केंद्र की याचिका स्वीकार कर ली। जिन कंपनियों से इसकी वसूली की जानी है उनमें भारती एयरटेल, वोडाफोन, रिलायंस कम्युनिकेशंस और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां एमटीएनएल और बीएसएनएल शामिल हैं।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति एम आर शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने दूरसंचार विभाग द्वारा तैयार की गई समायोजित सकल आय की परिभाषा बरकरार रखी है। शीर्ष न्यायाल ने इस विषय में दूरसंचार कंपनियों की आपत्तियों को बेदम बताया। पीठ ने कहा, हमने व्यवस्था दी है कि समायोजित सकल राजस्व की परिभाषा बरकरार रहेगी। पीठ ने कहा, करार में सकल राजस्व की परिभाषा पूरी तरह साफ है। यह भी स्पष्ट है कि समायोजित सकल राजस्व कैसे निकाला जाता है। यह नहीं कहा जा सकता कि अनुबंध में राजस्व को परिभाषित नहीं किया गया है। एक बार सकल राजस्व को परिभाषित किए जाने के बाद कोई उससे हट नहीं सकता। इसी तरह का अर्थ करार के लिए राजस्व को दिया जाना चाहिए। इस संबंध में निर्णय के मुख्य अंश पढ़ते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, हम दूरसंचार विभाग की याचिका को स्वीकार करते हैं, जबकि कंपनियों की याचिका खारिज करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने दूरसंचार कंपनियों की सभी दलीलों को खारिज कर दिया है।

न्यायालय ने साफ किया कि कंपनियों को दूरसंचार विभाग को जुर्माना और ब्याज की रकम का भुगतान भी करना होगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले मे आगे और कोई कानूनी वाद की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा वह समायोजित (शेष 10 पर)

## चार माह तक झेलना होगा डायवर्जन

### मेरठ एक्सप्रेसवे पर चल रहा निर्माण कार्य

**रिंकू यादव।** नोएडा



**मेरठ** एक्सप्रेसवे के अंतर्गत नोएडा-गाजियाबाद सेक्शन पर अंतिम चरण में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। ऐसे में इस सेक्शन पर करीब चार माह तक वाहन चालकों को डायवर्जन झेलना होगा। वहीं, दो सप्ताह से यहां होने वाले डायवर्जन से वाहन चालकों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरपी सिंह ने बताया कि जो सड़कें बन गई हैं उन पर बिटुमिनस कारपेट डाला जा रहा है। इसके बनने के बाद सड़क निर्माण का कार्य पूरा माना जाएगा। फिलहाल, यह काम मॉडल टाउन तिराहे के पास चल रहा है, जहां भारी भरकम मशीनें लाई गई हैं, जिनकी मदद से यह काम चल रहा है। जिस कैरेज वे पर इनकी मदद से काम किया जा रहा है उनके अलावा आसपास के कैरेज वे पर भी वाहनों का परिचालन बंद रखा है। इसका काम कभी एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरेज वे में चल रहा है तो कई कभार सर्विस रोड पर भी मशीनों को लाया जा रहा है।

ऐसे में सड़क बंद करके काम किया जा रहा है। इस बाबत ट्रैफिक पुलिस को पहले ही बता दिया जाता है कि कौन से सेक्शन पर काम करना है और ट्रैफिक की आवाजाही बंद की जानी है, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। वाहन चालकों का कहना है कि कई बार पीक ऑवर में आगे सड़क बंद होने का बोर्ड लगा होता है इससे काफी परेशानी होती है। उक्त सड़क पर आगे निकलने पर डायवर्जन का सामना करते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। इस वजह से ज्यादा समय लगता है। शिप्रा अंडरपास के पास कई बार वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह से मॉडल टाउन अंडरपास पर भी डायवर्जन का सामना करना पड़ता है।

नोएडा-गाजियाबाद सेक्शन पर सात अंडरपास प्रस्तावित हैं। इनमें से तीन अंडरपास वाहनों के लिए खोल दिए गए हैं। चार अंडरपास एक माह में खुल जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यहां तेज गति से काम चल रहा है और काम पूरा करने के बाद एक माह में सातों अंडरपास वाहनों के लिए खोल दिए जाएंगे।

## कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत की ऊंची छलांग

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**विश्वबैंक** की कारोबार सुगमता सूची में भारत ने 14 स्थान की छलांग लगाई है और अब वह दुनिया का 63वां ऐसा देश है जहां कारोबार करना सुगम है। विश्वबैंक ने यह सूची बृहस्पतिवार को जारी की। भारत उन शीर्ष दस देशों में शामिल है जिन्होंने इस सूची में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है।

यह तीसरी दफा है जब भारत सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले देशों में शीर्ष दस में शामिल रहा है। इसकी प्रमुख वजह दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता को कुशल और सफल तरीके से लागू करना है। इससे पिछली सूची में 190 देशों में भारत 77वें स्थान पर था। कारोबार सुगमता सूची में न्यूजीलैंड शीर्ष पर बना हुआ है। इसके बाद क्रमश: सिंगापुर, हांगकांग का स्थान है।

दक्षिण कोरिया सूची में पांचवे और अमेरिका छठे स्थान पर है। भारत के लिए इस सूची में स्थान सुधरना एक राहत भरा मौका है। यह सूची ऐसे समय में आई है जब भारतीय रिजर्व बैंक, विश्वबैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। कारोबार सुगमता सूची-2020 में विश्वबैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए सरकार द्वारा किए गए सुधार प्रयासों की सराहना की है। (विस्तृत पेज 12 पर)

# ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक चलाई जाएगी लाइट मेट्रो

## कनेक्टिविटी को प्राधिकरण कर रहा कई विकल्पों पर विचार

● 35 किमी रूट को नॉलेज पार्क-2 से जोड़ा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफ ील्ड एयरपोर्ट जेवर की कनेक्टिविटी अन्य शहरों से बढ़ाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक लाइट मेट्रो चलाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के लिए प्राधिकरण ने डीएमआरसी से राय मांगी है। यह रूट करीब 35 किमी लंबा होगा। डीएमआरसी की रिपोर्ट आने के बाद ही यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट पर आगे काम करेगा।

जेवर एयरपोर्ट के लिए बिड नवंबर के प्रथम सप्ताह में खुल जाएगी। लिहाजा जेवर एयरपोर्ट से अन्य शहरों की पहुंच सुगम बनाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण कई विकल्पों पर काम कर रहा है। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक लाइट मेट्रो चलाने की तैयारी है। लाइट मेट्रो से एयरपोर्ट के साथ-साथ यमुना सिटी के सेक्टर भी जुड़ जाएंगे। लाइट मेट्रो को नॉलेज पार्क 2 से जोड़ा जाएगा। जिसकी लंबाई करीब 35 किलोमीटर होगी। इस रूट पर लाइट मेट्रो कितनी सफल होगी, इसके बारे में प्राधिकरण ने डीएमआरसी से राय मांगी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने डीएमआरसी को पत्र भी लिख दिया है। लाइट मेट्रो की अधिकतम गति सीमा 60 किमी प्रति घंटा होती है। इसका ट्रैक भी सामान्य मेट्रो के ट्रैक से भिन्न होता है। लागत भी अपेक्षाकृत कम आती है और समय भी कम लगता है। यही नहीं यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण रैपिड रेल को लेकर भी काफी गंभीर है जिसमें दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने की भी योजना है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल को न्यू अशोक नगर दिल्ली से जेवर तक रैपिड रेल चलाई जानी है। इस रूट की लम्बाई लगभग 51 किलोमीटर है।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने रैपिड रेल के लिए एनसीआरटीसी को पत्र लिखा है।

## पटाखे की दुकान में मिली इलेक्ट्रिक वायरिंग तो लाइसेंस होगा निरस्त

गाजियाबाद। पटाखों की दुकानों में इलेक्ट्रिक वायरिंग पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। दुकानों में रोशनी के लिए करीब 10 फीट दूरी पर लकड़ी की बल्लियों पर लगी लाइट का फोकस डाला जाएगा।

उप निदेशक विद्युत सुरक्षा केके शुक्ला ने बताया कि दिवाली पर बिजली से होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय ने कड़े इंतजाम किए हैं। वहीं, पटाखा व्यापारियों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

व्यापारी को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी दुकानों में इलेक्ट्रिक वायरिंग न कराएं। ऐसा करने वाले व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। दुकान में रात में रोशनी का इंतजाम के तौर पर दुकान से 10 फीट की दूरी पर लकड़ी की बल्ली लगाने को कहा गया है तथा व्यापारियों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# हाईवे पर जाम से कराह उठे लोग, बेवस्था को कोसा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ हाईवे पर निर्माण कार्य के चलते लगे जाम में वाहनों की लंबी कतार।

बृहस्पतिवार को दिल्ली-मेरठ हाईवे एक बार फिर जाम से हांफ उठा। मोदीनगर को पार करने में राहगीरों को जहां एक घंटे का समय लगा वहीं, मुरादनगर में भी लोगों को गंगनहर के आसपास भीषण जाम से दो चार होना पड़ा।

त्योहार के चलते वैसे तो बृहस्पतिवार सुबह से ही हाईवे पर वाहनों की अधिकता थी। उधर, सीवरेज पाइपलाइन डाले जाने के

● कुछ मीटर की दूरी तय करने में लगा घंटों

चलते जगह-जगह की गई खुदाई तथा बस अड्डे के आसपास बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गए। देखते ही देखते हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की करीब तीन किलोमीटर से भी अधिक लंबी कतारें लग गईं। सुबह नौ बजे से देर शाम तक लोगों ने जाम के झाम में फंसकर मुसीबत का सामना किया।

लोगों को कुछ मीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से भी अधिक का समय लगा। बेहाल लोग सिस्टम को कोसते नजर आए। वहीं, मुरादनगर में भी गंगनहर से लेकर आयुध निर्माणी गेट के सामने दोनों तरफ करीब ढाई किलोमीटर लोगों ने भीषण जाम झेला।

बेहाल लोगों ने पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए। इस बारे में एसएचओ जितेंद्र कुमार यादव का कहना है कि त्योहार पर हाईवे पर वाहनों का दबाव अधिक है। फिर भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी कटों पर लगाई गई है। कोशिश है कि हाईवे पर जाम की स्थिति न बने।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बैठक लेते कैबिनेट मंत्री सतीश महाना।

## उद्यमियों को पूरी सुरक्षा देगी यूपी सरकारः महाना

नोएडा। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा है कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार गंभीर है। केंद्र व प्रदेश सरकार की बेहतर औद्योगिक नीतियों के चलते पिछले दो सालों में बहुत सारे उद्योग स्थापित हुए हैं। माहौल खराब करने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जाएगा।

महाना ने उद्योग बंधु की मंडलीय समीक्षा बैठक में उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनकी हर समस्या का समाधान शासन स्तर पर किया जाएगा। महाना समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

# 40 से भी ज्यादा वारदात करने वाला शातिर बदमाश दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● घेराबंदी के दौरान एक बदमाश फरार

थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग अभियान के दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का ईशारा किया तो युवकों ने सीधा फायर झोंक दिया तथा चकमा देकर भागने लगे।

इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ ही दूरी पर उन्हे धर दबोचा। इस दौरान पुलिस द्वारा भी जवाबी कार्रवाई करते हुए कई राउंड फायरिंग की गई जिसमें बाइक सवार एक युवक को गोली लगी है जबकि उसका दूसरा साथी भागने में कामयाब हो गया।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान 10 हजार के इनामी बदमाश साबिर उर्फ राजू के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि इसके ऊपर दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न थानों में 40 से भी ज्यादा केस दर्ज हैं।

# भाजपा विधायक के घर के सामने हरे पेड़ काटे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● निगम और वन विभाग आमने-सामने

भाजपा विधायक सुनील शर्मा के मकान के सामने खड़े पेड़ों को काटने का मामला लखनऊ तक पहुंच गया। आनन-फानन में वन विभाग की टीम ने विधायक के मकान के सामने से काटे जा रहे पेड़ों के मामले में एक व्यक्ति को पकड़ लिया। यह व्यक्ति नगर निगम का ठेकेदार बताया जाता है। इस मामले में वन विभाग अब ठेकेदार पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

दरअसल, बृहस्पतिवार सुबह सुनील शर्मा के सेक्टर-10 राजनगर मकान के पास हरे पेड़ों की अचानक कटाई शुरू हो गई। इस मामले की शिकायत किसी ने वन विभाग के अफसरों से की। शिकायतकर्ता ने बताया कि भाजपा विधायक सुनील शर्मा के मकान के पास खड़े चार हरे पेड़ों को निगम काटने का काम कर रहा है जो अवैध है।

शिकायतकर्ता ने बीएफओ को सूचना देने की कोशिश की, मगर उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद मामला लखनऊ पर्यावरण विभाग तक पहुंच गया। पर्यावरण विभाग ने इस मामले में तुरंत वन विभाग की स्थानीय इकाई को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर ले जाए जा रहे हरे पेडों को कब्जे में ले लिया। इस ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नगर निगम गाजियाबाद लिखा हुआ था। इस दौरान निगम के कुछ अफसर भी मौके पर पहुंचे वहां वन विभाग कर्मचारियों के बीच भी काफी नोक-झोंक भी हुई मगर वन विभाग ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे से नहीं छोड़ा। उधर, विधायक का कहना है कि उन्होंने कोई हरा पेड़ नहीं कटवाया है। उनका कहना है कि मेरे घर के पास एक अमरूद का सूखा पेड़ है जिसे हटवाने के लिए गत दिनों निगम से एनओसी मांगी गई थी।

# पिज़्ज़ा दुकान में आग से लाखों का सामान जलकर हुआ राख

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद क्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी में स्थित पिज़्ज़ा बर्गर की एक दुकान में इन्वर्टर के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग से लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। आसपास के घरों को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया। बाद में अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार डीएलएफ कॉलोनी सी-58 में दिल्ली हर्ष विहार निवासी सूरज कुमार पुत्र मुरारी लाल का पिज़्ज़ा बर्गर की जॉन शॉप नाम से एक दुकान है। इस दुकान में बृहस्पतिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे इनवर्टर के शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। दुकान में रखे दो भरे एलपीजी गैस सिलेंडर में आग की लपटें पहुंचने के बाद आग ने भयंकर रूप ले लिया। इस घटना में आसपास के फ्लैट तक भी आग की लपटें पहुंच गई। आग से टीवी, एसी, इन्वर्टर



साहिबाबाद स्थित डीएलएफ कॉलोनी में आग लगने के बाद जलती दुकान।

आदि समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दल बल के साथ पहुंचकर काबू पाया।

मुख्य दमकल अधिकारी साहिबाबाद ने बताया कि दुकान में आग पर नियंत्रण पाने के लिए कोई इल्जाम नहीं थे । वे इस मामले की जांच कर रहे हैं और सही बात पाई गई तो दुकान मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों का कहना है कि अग्नि से बचाव के उपाय यहां के दुकानदारों नहीं किए हुए हैं।

## व्यापार समझौते के विरोध में ज्ञापन सौंपा

गाजियाबाद। 15 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते का किसानों पर बुरा असर होगा। इसे लेकर भाकियू के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

भाकियू का कहना था कि किसान और कृषि पर ये समझौता पूर्व में मुक्त व्यापार समझौते से अधिक नुकसानदेह साबित होगा। इस समझौते में शामिल 15 देशों में भारत सहित 11 देश व्यापार घाटे से जूझ रहे हैं। इसमें किसानों के लिए कोई भी लाभ के लिए उम्मीद नहीं है। विशेष रूप से डेयरी क्षेत्र और पौधरोपण क्षेत्र के बारे में किसान संगठन चिंतित हैं।



नोएडा के जिला अस्पताल में खड़ीं एंबुलेंस सेवा की गाड़ियां।

## जिले को मिलीं ग्यारह नई एंबुलेंस, जल्द मिलेगी सेवा

नोएडा। जिले को 108 नंबर की 11 नई एंबुलेंस मिली हैं, जल्द इसकी सेवा शुरू की जाएगी। यह एंबुलेंस जिला अस्पताल परिसर में है। 11 नई एंबुलेंस आने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

108,102 एंबुलेंस सेवा के कार्यक्रम प्रबंधक अशरद ने बताया कि इन सभी एंबुलेंस का संचालन 108 एंबुलेंस सेवा के तहत किया जाएगा। इनके संचालन के लिए चालकों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जल्द ही इन एंबुलेंस की सेवा स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलनी शुरू हो जाएगी।

## आईएमएस इंस्टीट्यूट में दीपोत्सव का आयोजन

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टॉफ एवं फैकल्टी के लिए रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य, लोक गीत के साथ-साथ दिवाली हाट भी लगाया गया।

कार्यक्रम में आईएमएस के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, निदेशिका डॉ कुलनीत सुरी, डीन डॉ मंजू गुप्ता के साथ सभी स्टॉफ एवं फैकल्टी मौजूद रहे। इसमें स्टॉफ, फैकल्टी एवं छात्रों को उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना कर बधाई दी।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, जांच जारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

विजयनगर के कृष्णा नगर बागू में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। विवाहिता के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और मामले की छानबीन में जुट गई हे।

मिली जानकारी के अनुसार अलीगढ़ जिले के खैर तहसील की रहने वाली 27 वर्षीया नीतू शर्मा की शादी मार्च 2017 में कृष्णा नगर बागू कॉलोनी की गली नंबर 11 में रहने वाले योग टीचर सचिन शर्मा के साथ हुई थी। शादी में जरूरत से ज्यादा दहेज दिया गया था। मृतका नीतू के परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा, इसके बाद ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर नीतू का ससुराल वाले शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि इसी कारण ससुरालियों ने नीतू को मार डाला।

घटना की जानकारी मिलने के बाद विजयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि विवाहिता के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उसकी मौत कैसे हुई इसका पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा, इसके बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

उधर, सचिन शर्मा के परिजनों का कहना है कि मृतका नीतू को कई दिन से बुखार आ रहा था, जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

# देश की सुरक्षा में आईटीबीपी का अहम योगदानः रेड्डी

## आईटीबीपी ने 58वां स्थापना दिवस मनाया, गृहराज्य मंत्री ने ली परेड की सलामी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर स्थित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी का 58वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री किशन रेड्डी ने परेड की सलामी ली। इस दौरान मंत्री ने आइटीबीपी को स्थापना दिवस की बधाई दी।

इस मौके पर आईटीबीपी के 6 अफ सरों को वीरता के लिए पुलिस पदक, 6 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 23 अन्य को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक तथा 8 को मेडल फ ॉर एक्सीलेंस इन पुलिस ट्रेनिंग से विभूषित किया। परेड में बल के सभी सीमांत की टुकड़ियों ने भाग लिया। साथ ही महिला कमांडो,



आईटीबीपी के स्थापना समारोह में परेड की सलामी लेते गृहराज्यमंत्री।

कमांडो कंटीजेंट, स्कीइंग, माउंटेनियरिंग कंटीजेंट, डॉग स्क्वायड व अश्वरोही दल सम्मिलित रहे। परेड में बल के सभी पहलुओं को दर्शाया गया। जिसमें बल में शामिल उपकरण, वाहनों के साथ-साथ स्नो स्कूटर,विभिन्न प्रकार के ऑल टैरेन व्हीकल, हाई पावर एसयूवी पोलनेट इत्यादि सम्मिलित थे।

परेड में पदमश्री और तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड विजेता कर्मियों को भी शामिल किया गया।

इस मौके पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि आईटीबीपी द्वारा देश के हिमालय क्षेत्र में स्थित अति कठिन एवं दुर्गम अग्रिम चौकियों पर उत्साह और चौकसी की जा रही है। आईटीबीपी का देश की सुरक्षा में अहम योगदान है।

गृह राज्यमंत्री ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को ट्रॉफी प्रदान की। जिनमें सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण केंद्र की ट्रॉफ ी एसटीएस शिवपुरी ने प्राप्त की तथा स्वच्छता ट्रॉफ ी 38 वीं वाहिनी राजनंदगांव ने प्राप्त की।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आना था लेकिन, महाराष्ट्र और हरियाणा प्रदेश में चुनाव परिणाम व अन्य कारणों के चलते उनका कार्यक्रम रदद हो गया।

## संक्षिप्त समाचार



विजयी छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान।

### एमिटी विवि में मनाया संस्थापक दिवस

नोएडा। एमिटी विविमें चल रहे अंर्तसंस्थान खेल प्रतियोगिता संगठन 2019 के समापन पर बृहस्पतिवार को संस्थापक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों एवं टीमों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल समूह की चेयरपरसन डॉ. अमिता चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश के चांसलर डॉ अतुल चौहान, एमिटी राजस्थान के चांसलर डॉ असीम चौहान, एमिटी डायरेक्टोरेट ऑफडिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के चेयरमैन अजित चौहान, एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन की चेयरपरसन सुश्री पूजा चौहान, एमिटी स्कूल ऑफफाइन आर्ट एवं एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की चेयरपरसन सुश्री दिव्या चौहान द्वारा विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल लेफ्ट जनरल के एम सेठ भी उपस्थित थे।

### पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज

गाजियाबाद। एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन कर पराली जलाने के मामले में जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय के आदेश पर एसडीएम सदर एके प्रजापति ने मसूरी में 8 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इस साल पराली जलाने के मामले में यह पहली एफआईआर है। जिन किसानों के खिलाफ एफआईआर हुई है, उनके नाम योगेश सिंघल, नीरज महाजन, संजीव कालरा, देवेंद्र कुमार जैन, शेफाली जैन, सुनीता जैन, प्रीति जैन व प्रदीप जैन हैं।

### दो दर्जन चोरी के वाहन बरामद, 18 गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बुधवार को 18 लोगों को गिरफ्तार कर चोरी के दो दर्जन वाहन बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां और बरामदगी वर्तमान में जारी ऑपरेशन क्लीन के तहत की गई है जिसमें त्यौहारी सीजन के दौरान निरीक्षण के लिए जिले भर में पुलिस टीमों को लगाया गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 100 पुलिस टीमों (शहरी क्षेत्रों में 51 और ग्रामीण क्षेत्रों में 49) ने बुधवार दोपहर 12 बजे से रात आठ बजे तक निरीक्षण किया। मुख्य ध्यान कबाड़ की दुकानों पर था जहां पुराने वाहन या उनके हिस्से बेचे जा रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, अठारह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और चोरी के 24 वाहन बरामद किए गए।

### मेवाड़ इंस्टीट्यूट में दीवाली मिलन समारोह

गाजियाबाद। इस बार मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस आडिटोरियम में आयोजित दीवाली मिलन समारोह चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को समर्पित किया गया। सभी को मंच पर सम्मानित किया गया। समारोह में मेवाड़ परिवार के सदस्यों ने कविताओं, एकल व समूह नृत्य, चुटकुले, फैशन शो आदि कार्यक्रमों से चार चांद लगा दिए। अपने संबोधन में मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने दीवाली की सबको बधाई दी और कहा कि हम दीवाली धूमधाम से मनाएं लेकिन, स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। समारोह का सफल संचालन डॉ. ओंकारनाथ, असीम चौधरी व असलम सैफी ने संयुक्त रूप से किया। मेवाड़ परिवार के सभी सदस्य लक्ष्मी पूजन पर भी मौजूद रहे। सभी को मिठाई का वितरण किया गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

निविदा आमंत्रण सूचना (ID No.: 2019_AAI_34474_1)

अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) की ओर से महाप्रबंधक (निगमित संचार) "भा.वि.प्रा. की मासिक पत्रिका 'एयरपोर्ट्स इंडिया' के डिजाइन, उत्पादन और आपूर्ति" के लिए योग्य प्रकाशक संस्थाओं से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 14.11.2019 को 1700 बजे तक है। पात्रता मानदंड और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया सीपीपी पोर्टलः https://etenders.gov.in/eprocure/app तथा एएआई की वेबसाइटः www.aai.aero देखें। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

एन-63/2019-20

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

अधिशासी अभियंता, (पीआर-I) सेन्ट्रल जोन का कार्यालय
शिव मंदिर मार्ग, जल विहार, लाजपत नगर, नई दिल्ली-110024
निविदा आमंत्रण सूचना सह प्रस्ताव हेतु निवेदन

एनआईटी सं. ई.ई. (पीआर.)-I/सीएनजैड./टीसी/2019-20/08 दिनांकः 23.10.19

ऑनलाइन निविदा समय सारणी के लिए कृपया www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER/ का संदर्भ लें।

1. वार्ड सं. 59-एस, सेन्ट्रल जोन के सादिक नगर में ड्रेन, फुटपाथ एवं पटरियों का निर्माण। अनुमानित लागतः रु. 4,95,56,000/-, निविदा मूल्यः रु. 4,58,30,287/-, धरोहर राशिः रु. 9,91,200/-, समापन अवधिः 12 माह निविदा शुल्कः रु. 1,500/-, लेखा शीर्षकः एएमआरयूटी। 2. वार्ड सं. 59-एस, सीएनजैड के अमर कॉलोनी मॉर्केट में ड्रेन, फुटपाथ एवं पटरियों का निर्माण। अनुमानित लागतः रु. 1,71,63,000/-, निविदा मूल्यः रु. 1,58,72,798/-, धरोहर राशिः रु. 3,43,300/-, समापन अवधिः 8 माह निविदा शुल्कः रु. 1,500/-, लेखा शीर्षकः एएमआरयूटी। 3. वार्ड सं. 59-एस, सीएनजैड के लाजपत नगर में विक्रम विहार के मकान सं. 1 से मकान सं. 34/216 तक ड्रेन का निर्माण अनुमानित लागतः रु. 96,51,000/-, निविदा मूल्यः रु. 89,25,609/-, धरोहर राशिः रु. 1,93,100/-, समापन अवधिः 6 माह, निविदा शुल्कः रु. 1,000/- लेखा शीर्षकः एएमआरयूटी। 4. वार्ड सं. 60-एस, सीएनजैड कोटला मुबारकपुर के अमृत नगर में ..... डेन्स कार्पेटिंग उपलब्ध कराकर सड़क का सुधार एवं मजबूतीकरण। अनुमानित लागतः रु. 35,46,000/-, निविदा मूल्यः रु. 32,79,403/-, धरोहर राशिः रु. 72,200/- समापन अवधिः 3 माह, निविदा शुल्कः रु. 500/-, लेखा शीर्षकः XL-VIII-S (MLALAD) विवरणों एवं आगे की गतिविधियों के लिए, कृपया दक्षिणी दि. न.नि. वेबसाइट अर्थात www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER/ का नियमित रूप से संदर्भ लें। निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड/क्रय करने की अंतिम तिथिः दिनांक 12.11.2019 को दोपहर 02.00 बजे, निविदा समापनः 12.11.2019 अप. 03.00 बजे, वित्तीय निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 14.11.2019 को अप. 03.30 बजे

आरओ सं.: 91/डीपीआई/दक्षिण/2019-20 ई.ई. (पीआर.)-I/सेन्ट्रल जोन

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कनॉट प्लेस में लेजर शो के दौरान वाहनों पर रोक-विवाद

**● दिल्ली सरकार ने 26 से 29 अक्टूबर तक किया है आयोजन, कारोबारियों ने किया कड़ा ऐतराज**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप सरकार के चार दिन के लेजर शो के लिए पार्किंग स्थलों और कुछ सड़कों को बंद करने पर कारोबारियों ने आपत्ति जताई है। यह शो आगामी शनिवार से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में होगा और इसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। कारें बंद होने से कारोबार प्रभावित हो सकता है, इसी आशंका के चलते कारोबारी खुलकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार पटाखों पर रोक लगाए, कारों पर नहीं। व्यापारियों ने मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में पोस्टर लगाकर कहा है कि सीपी (कनॉट प्लेस) कारोबारी केंद्र है, मेले का मैदान नहीं है। पटाखों को बंद करें, कारों को नहीं। न्यू दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) ने भी उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर मामले में दखल देने का अनुरोध किया है। एनडीटीए के प्रमुख अतुल भार्गव ने बताया, लोगों को बिना पटाखे जलाए दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित करना अच्छी बात है और हम शो आयोजित करने के खिलाफ भी नहीं हैं, लेकिन इसके लिए कारोबार या सड़कें बंद नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा था कि दिल्ली सरकार दिवाली पर पटाखे नहीं जलाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए लेज़र शो का आयोजन करेगी। कनॉट प्लेस का इनर सर्किल शाम छह से रात 10 बजे तक वाहन मुक्त होगा और पार्किंग स्थलों पर खाने के स्टॉल लगाए जाएंगे।



नाराज व्यापारियों ने दुकानों के बाहर लिखा-पटाखों पर रोक लगाये न कि कारों पर।

### यातायात को लेकर पुलिस ने बनाई योजना

**यातायात पुलिस के अनुसार दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम को दिल्ली की दिवाली नाम दिया गया है। इसके तहत 26 से 29 अक्टूबर तक रोज शाम 6 बजे से कनॉट प्लेस में एक लेजर शो आयोजित किया जाएगा, जो रात 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान बड़ी तादाद में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसकी वजह से कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों में यातायात जाम की समस्या हो सकती है। इस कार्यक्रम को देखते हुए इनर सर्कल में शाम 4 बजे से रात 11 बजे के बीच सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इनर सर्कल के पार्किंग में जाने की इजाजत भी केवल सी ब्लॉक, एफब्लॉक और पालिका पार्किंग के रास्ते ही मिलेगी। इसके लिए एक आने-जाने की योजना भी तैयार किया है। इनर सर्कल में वाहनों के आने इजाजत नहीं रहेगी। केवल पार्किंग से निकल रही गाड़ियों को नजदीकी एग्जिट रोड तक जाने की इजाजत रहेगी। गाड़ियों को इनर सर्कल से आउटर सर्कल पर पंचकुइयां रोड की तरफबाहर निकलने की इजाजत नहीं होगी। यहां से केवल पैदल ही लोग आ-जा सकेंगे।**

# बेहतरीन सुविधाओं से लैस है राजीव गांधी अस्पताल

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया उद्घाटन, निजी अस्पतालों को दे रहा मात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के राजीव गांधी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार किया गया है। यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को निजी अस्पताल की तरह ओपन हर्ट सर्जरी, 16 बेड आईसीयू, ओटी काम्प्लेक्स, हेप्टाटोबलरी, बिराट्रिक और मेटाबोलिक सर्जरी सेंटर और गैस्ट्रोएंट्रोलाजी की सुविधा मुहैया होगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि इंसान का विकास होगा तभी देश व इंसानियत बढ़ेगी।

इंसान तभी बढ़ेगा जब वह स्वस्थ्य व शिक्षित होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस अस्पताल में कई सुविधाएं शुरू हो रही है। सड़क के उस पार वर्ष 2000 से 2010 तक वह सुंदर नगरी अपने एनजीओं के दफ्तार आते थे। उस समय यह अस्पताल बन रहा था। वह सोचता थे अस्पताल कब शुरू होगा।

इस अस्पताल में वर्ष 2008 में एक ओपीडी व 2013 में दूसरी ओपीडी चालू हुई। वर्ष 2016 में आप सरकार आने के बाद आईपीडी शुरू किया गया। पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि सरकारी अस्पताल में निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं मिलेंगी केजरीवाल के अनुसार दिल्ली में अब स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास हो रहा है। मोहल्ला क्लीनिक व नए अस्पताल खुल रहे हैं। अस्पतालों में सुविधाओं का विकास हो रहा है। राजीव गांधी अस्पताल में कई सुविधाओं का विकास हो रहा है। यहां निजी अस्पताल से बेहतर सुविधा उपलब्ध है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में डाक्टर भी बहुत अच्छे हैं। कई डाक्टर ऐसे हैं जिन्हें निजी अस्पताल में बेहतर पैसा मिल सकता है लेकिन वह सेवा भाव से काम कर रहे हैं। केजरीवाल अपना व्यक्ति अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके एक जानकार के रिश्तेदार का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके पास पैसे की कमी नहीं है। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उनको जवाब दे दिया था।

रिश्तेदार ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने मरीज को जीबी पंत अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। निजी अस्पताल में उनका डेढ से दो लाख का रोजाना खर्च आ रहा था। डॉक्टरों ने जवाब भी दे दिया था कि तीन चार दिन के मेहमान हैं।

सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने एक हफ्ते में मरीज को ठीक कर घर भेज दिया। दिल्ली सरकार के स्कूलों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि रोहिणी में एक सरकारी स्कूल दिल्ली सरकार ने बनाया। नौ सौ बच्चे के स्कूल में साढ़े सात सौ बच्चे निजी स्कूल से नाम कटाकर आए। यह गर्व की बात है लेकिन यह चुनौती भी है। यही स्थिति सरकारी अस्पतालों में भी है। पांच साल पहले सरकारी अस्पताल में 3 करोड़ ओपीडी होती थी। अब यह 6 करोड़ हो गई है।



### दिल्ली अन्य राज्यों के लिए बने मिशाल

दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में 3 स्तरीय प्रणाली बनाई है। पहला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मोहल्ला क्लीनिक है। इसके अलावा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं मुहैया कराने के लिए मल्टी स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हैं। राजीव गांधी अस्पताल सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक है। अस्पताल में बड़ी बीमारियों के इलाज की सुविधा है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के अनुसार अस्पताल में 200 से अधिक बेड हैं और यह शहर के सबसे अच्छे सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक है। एक महीने के भीतर 500 एंजियोग्राफी टेस्ट और 150 एंजियोप्लास्टी करना अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# जंगपुरा मेट्रो स्टेशन से एक करोड़ की नकदी के साथ दो पकड़े गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो के एक स्टेशन पर सीआईएसएफ के कर्मियों ने एक युवक और युवती को एक करोड़ रुपए ले जाने के शक में पकड़ा है।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौबजे जंगपुरा मेट्रो पर विकास चौहान (20) और आरती (20) ने अपना बैग सुरक्षा जांच के लिए एक्स रे स्कैनर पर डाला था। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ के कर्मियों को बैग में नोटों जैसा कुछ लगा तो उन्होंने अच्छी तरह से जांच के लिए बैग को उठा लिया और दोनों से पूछताछ की।

अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान के रहने वालेयुवक और मध्य प्रदेश की युवती इतनी बड़ी नकद राशि ले जाने को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उनके जवाब और गतिविधियों पर शक होने पर उन्हें आयकर विभाग के हवाले कर दिया गया।

# स्कूल के बच्चों को मिला एस्ट्रो टर्फ फील्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

झिलमिल कॉलोनी स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में हॉकी का विश्व स्तरीय एस्ट्रो टर्फ फील्ड का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया।

इस दौरान दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक राम निवास गोयल और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वर्ल्ड क्लास हॉकी प्ले ग्राउंड स्कूल स्तर के हॉकी खिलाड़ियों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा वहीं दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने स्कूल में हॉकी के लिए विश्व स्तरीय एस्ट्रो टर्फ फील्ड प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार को धन्यवाद दिया।



# दिव्यांगों के प्रदर्शन से मध्य दिल्ली हुई जाम

**नई दिल्ली।** रेलवे की समूह डी की नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले दिव्यांग उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किया।

इसके चलते मध्य दिल्ली में भयंकर जाम लग गया। मध्य दिल्ली के मंडी हाउस में धरने पर बैठे दिव्यांग आवेदक रेलवे अधिकारियों से मुलाकात की मांग कर रहे थे। जाम से निपटने के लिए पुलिस ने ट्रैफिक को रास्ते बदल कर निकाला। पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी कि मंडी हाउस में प्रदर्शन के चलते विकास मार्ग पर लक्ष्मी नगर से आईटीओ के बीच यातायात बाधित है।

# अध्यक्ष बनने के बाद सोनिया गांधी से मिले सुभाष चोपड़ा

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष कीर्ति आजाद ने पार्टी अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सोनिया के घर जाकर उनका आभार जताया।

चोपड़ा और आजाद ने संगठन को मजबूत करने को लेकर गांधी से बातचीत की। कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी। सोनिया गांधी के अनुमोदन पर ही बुधवार को दोनों नेताओं को दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश इकाई की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आजाद ने कहा कि चोपड़ा के साथ सोनिया से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लेकर उन्हें दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव में एड़ी चोटी का जोर लगाने का वादा किया। मालूम हो कि गत शीला दीक्षित के निधन के बाद से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद खाली था।

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय
ध्यान दें!
आपका सहयोग

पटाखों की बिक्री तथा उपयोग के लिए
माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देश

- परिसरों में पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा निर्धारित एवं अनुमोदित सेफ वाटर एंड एयर स्प्रिंकलर्स (एसडब्ल्यूएएस) के अनुसार कम प्रदूषण वाले पटाखों (उन्नत पटाखे) और कम धुआँ छोड़ने वाले हरित पटाखों के अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार के पटाखे नहीं बेचे जायेंगे।
- प्रतिबंधित/अस्वीकृत पटाखों की श्रेणियां
  - जुड़े हुए पटाखे (सीरीज पटाखे या लड़ियां)
  - बेरियम साल्ट्स/लिथियम/आर्सेनिक/एंटीमॉनी/सीसा/पारा से युक्त पटाखे
  - माननीय उच्चतम न्यायालय के उपरोक्त आदेश के अनुसार प्रतिबंधित पूर्व में निर्मित पटाखे
- केवल वैसे पटाखों को बेचने की अनुमति है जिसकी डेसीबल (ध्वनि ) स्वीकृत सीमा (फटने के स्थान से 4 मीटर पर 125 डेसीबल (एआई) या 145 डेसीबल (सी) पीके) के अंदर हो।
- साइलेंस जोन में पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं : अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, न्यायालयों, धार्मिक स्थलों से न्यूनतम 100 मीटर का दायरा साइलेंस जोन में शामिल है या कोई अन्य क्षेत्र जिसे सक्षम प्राधिकरण ने साइलेंस जोन घोषित किया है।
- माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पटाखे चलाने का समय :

| | |
|---|---|
| रात 08 :00 बजे से 10 :00 बजे तक | दिवाली के दिन |
| प्रात : 04 :00 बजे से 05 :00 बजे तक<br>रात 09 :00 बजे से 10 :00 बजे तक | गुरपुरब के दिन |
| रात 11 :55 बजे से 12 :30 बजे तक | क्रिसमस एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या |

- सामूहिक रूप से पटाखे यथासम्भव पूर्व–चिन्हित क्षेत्रों/स्थानों पर चलाये जा सकते हैं।

सभी संबंधित व्यक्ति इसका ध्यान रखें और पालन करें
दिल्ली पुलिस की ओर से
आप सभी को दिवाली की शुभकामनायें
DP/9166/19

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय
"अपने बच्चों की सुरक्षा" हेतु
आओ हाथ मिलाएं
आपका सहयोग






अभिभावक!
यह सुनिश्चित करें कि
आपके बच्चे की
स्कूल वैन ओवरलोडेड
तो नहीं है।




| ड्राइवर हेतु दिशानिर्देश | माता-पिता हेतु दिशानिर्देश |
|---|---|
| स्कूल कैब की ढोने की क्षमता उसमें बैठने की क्षमता की 1½ (डेढ़) गुना तक सीमित होनी चाहिए | ड्राइवर या परिचालक के व्यवहार के बारे में जानने हेतु अक्सर अपने बच्चे से बात करें |
| वाहन में अनुमोदित इलैक्ट्रॉनिक स्पीड गवर्नर, प्राथमिक उपचार पेटी और अग्निशामक लगा होना चाहिए | अपने बच्चे से पूछें, क्या ड्राइवर वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करता है या वाहन को तेज गति से चलाता है |
| स्कूल वाहन में एक रजिस्टर होना चाहिए जिसमें छात्रों के नाम और उनके आवश्यक विवरण अंकित हों | जाँच लें कि वाहन चालक नेमप्लेट और पी.एस.वी. बैज के साथ वर्दी पहने हुए हो |


सी.पी., दिल्ली को cp.amulyapatnaik@delhipolice.gov.in पर ई-मेल करें।
सी.पी., दिल्ली को पो.ऑ.बॉक्स नं. 171, जी.पी.ओ., नई दिल्ली पर अपनी शिकायत या कोई गोपनीय सूचना लिखें।
तत्काल पुलिस सहायता हेतु 112 नम्बर पर कॉल करें
जानकारी साझा करने हेतु 1090 नम्बर पर कॉल करें
DP/9170/19






# गुरुग्राम की तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा जीती, एक पर निर्दलीय




संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### हरियाणा की जनता ने रोका भाजपा का विजयी रथ

### पोस्टल बैलेट में थी बढ़त, ईवीएम से निकली हार

**इस** बार का हरियाणा विधानसभा चुनाव सबकी सांसें थाम देने वाला रहा। गुरुवार को जैसे ही गिनती शुरू हुई तो भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं की खुशी दोगुनी होती गई। मतगणना के एक घंटे बाद तक सभी खुश थे। तब तक पोस्टल बैलेट्स की गिनती चल रही थी। जैसे ही ईवीएम से वोटों की गिनती शुरू हुई, वैसे ही भाजपा की हवा खराब होती गई। बात करें गुरुग्राम जिला की तो यहां पर बादशाहपुर और सोहना विधानसभा में कड़ी टक्कर रही। गुरुग्राम और पटौदी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों ने शुरू से ही बढ़त बना रखी थी। यह बढ़त आखिरी दौर तक रही।

### गुरुग्राम से सिंगला जीते, मोहित हुए मजबूत

**गुरुग्राम** विधानसभा की बात करें तो यहां पर शुरू से ही भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला की बढ़त रही। पहले राउंड में सुधीर सिंगला को 4628 वोट मिले, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी मोहित ग्रोवर 1525 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के सुखबीर कटारिया पहले राउंड में तीसरे स्थान पर थे। लगभग हर राउंड में ही भाजपा के सुधीर सिंगला और निर्दलीय प्रत्याशी मोहित ग्रोवर पहले-दूसरे नंबर पर रहे। आखिरी 24वें राउंड में भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला को 1938 वोट मिले। इस तरह से उन्हें कुल 81926 वोट मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी मोहित ग्रोवर को 33289 वोटों से हराया। मोहित ग्रोवर को कुल 48637 वोट मिले। इससे साफ है कि गुरुग्राम में कांग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे मोहित ग्रोवर मजबूती के साथ उभरे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया मोहित ग्रोवर से आधे वोट भी नहीं ले पाये। उन्हें मात्र 23119 वोट ही मिले हैं।

### बादशाहपुर के बादशाह बने राकेश जांघू

**बात** करें बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र की। यहां से भाजपा ने मंत्री राव नरबीर सिंह की टिकट काटकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मनीष यादव को मैदान में उतारा है। यहां से मनीष यादव और निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जांघू के बीच कड़ी टक्कर रही। अंत में निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जांघू को 1,06,798 वोट मिले। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनीष यादव को 10,157 वोटों से शिकस्त दी। मनीष यादव 96,641 वोट लेकर दूसरे स्थान पर, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी राव कमलबीर सिंह 10,610 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे हैं।

### राकेश ने भाजपा से लिया पुरानी हार का बदला

**राकेश** जांघू ने 2014 का विधानसभा चुनाव इनेलो की टिकट पर लड़ा था और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राव नरबीर सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। इस चुनाव में नरबीर सिंह ने 86672 वोट हासिल किये थे, वहीं राकेश जांघू ने 68540 वोट लिये थे। इस बार भाजपा ने टिकट बदली तो इसका बड़ा फायदा राकेश जांघू को हुआ और वे बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे। बादशाहपुर प्रत्याशी के लिए खुद भाजपा अध्यक्ष एवं गृह मंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार करके गये थे। एक तरह से यहां पर भाजपा के चाणक्य अमित शाह का भी जादू नहीं चल पाया। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चायें सुनाई दी कि यहां से मनीष ही नहीं बल्कि अमित शाह हारे हैं।

### सोहना में भाजपा जीती जजपा दूसरे नंबर पर

**बात** करें शिव की नगरी सोहना विधानसभा क्षेत्र की तो यहां का मुकाबला काफी दिलचस्प रहा। यहां से भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह और जजपा प्रत्याशी रोहताश सिंह के बीच कांटे का मुकाबला रहा। कभी संजय सिंह तो कभी रोहताश सिंह आगे-पीछे होते रहे। आखिरी के 17वें राउंड में भाजपा के संजय सिंह को 2342 वोट मिले। उन्हें कुल 59117 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जजपा के रोहताश सिंह को 46664 वोट मिले। संजय सिंह 12453 वोटों से जीते। तीसरे नंबर पर 39868 वोट लेकर बसपा के जावेद अहमद रहे।

### पटौदी से साढ़े 41 हजार वोटों से जीते जरावता

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के गढ़ पटौदी सुरक्षित सीट पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पंसद के प्रत्याशी सत्यप्रकाश जरावता ने जीत दर्ज की है। दूसरे नंबर पर आरएसएस के कार्यकर्ता एवं पंचायती उम्मीदवार नरेंद्र पहाड़ी रहे। नरेंद्र पहाड़ी यहां से भाजपा की टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा। सत्यप्रकाश जरावता को कुल 60633 वोट मिले। निर्दलीय नरेंद्र पहाड़ी को कुल 24057 वोट मिले। इस तरह से जरावता ने 41,639 वोटों से जीत दर्ज की। तीसरे नंबर पर दीपचंद 19629 वोट लेकर दीपचंद रहे और चौथे नंबर पर 18994 वोट लेकर कांग्रेस के सुधीर चौधरी रहे।

## पहले टिकट वितरण में, अब चुनाव में हारे इंद्रजीत!

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुड़गांव** लोकसभा से सांसद, केंद्र में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की यहां गुरुवार को राजनीतिक हार होती नजर आई। पहले तो वे टिकट वितरण के दौरान हार गए थे और अब यहां चुनाव के मैदान में तब हारते नजर आये, जब उनकी पसंद की जगह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद के नेता सत्यप्रकाश जरावता की जीत हुई। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चायें खूब होती रही कि इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद के बिना पटौदी से किसी भी पार्टी का उम्मीदवार नहीं जीत सकता, इस बार यह भ्रम भी टूट गया और बिना इंद्रजीत के आशीर्वाद के ही सीएम की पसंद के प्रत्याशी सत्यप्रकाश जरावता ने जीत दर्ज की। अब कम से कम अहीरवाल की राजनीति में तो राव इंद्रजीत का कद कम हुआ ही है। क्योंकि उनके गढ़ रेवाड़ी से भी कांग्रेस के पूर्व मंत्री कप्तान अजय यादव के बेटे चिरंजीव राव जीते हैं। पटौदी, रेवाड़ी से जीत ने अब राव इंद्रजीत के गुरूर को भी कहीं न कहीं कम किया है। अहीरवाल के राजा कहलाने वाले इस राजा को जनता से इस चुनाव में नकारने का काम किया है। बेशक जरावता के पटौदी विस क्षेत्र में धुर-विरोधियों ने हराने के खूब प्रयास किये हों, लेकिन नवाब की नगरी की जनता ने न तो सीएम की पसंद के नेता को नकारा और न ही राव इंद्रजीत सिंह को स्वीकारा। इंद्रजीत सिंह के समर्थकों ने निर्दलीय प्रत्याशी, आरएसएस कार्यकर्ता नरेंद्र पहाड़ी का खुलकर समर्थन किया, लेकिन वे पहाड़ी को बहुत आगे नहीं बढ़ा पाये और पहाड़ी हार गये।

### पीएम मोदी, अमित शाह का भी जादू हुआ फेल



**अहीरवाल** की बात करें तो यहां पर बीजेपी के दिग्गजों ने चुनाव प्रचार किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बादशाहपुर में, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोहना विस के भोंडसी में, पटौदी में चुनाव प्रचार किया था। जहां-जहां राजनाथ सिंह की जनसभायें हुई, वहां तो बीजेपी जीत गई है, लेकिन जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रैलियां की, अहीरवाल के उन क्षेत्रों में बीजेपी को हार मिली है। इन दिग्गजों का जादू जनता पर नहीं चल पाया। यह बड़ा सवाल है। रेवाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली की थी। वहां से कांग्रेस प्रत्याशी, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव के बेटे चिरंजीव राव ने जीत दर्ज की है। इसी तरह से बादशाहपुर में अमित शाह आये थे। यहां से निर्दलीय प्रत्याशी राकेश दौलताबाद बाजी मार गये। यानी न तो यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही लहर चली और न ही बीजेपी के चाणक्य अमित शाह का पास फिट बैठ पाया।

### रुझान कांग्रेस के पक्ष में आने के साथ बढ़ा तनाव

**गुरुग्राम** के एमजी रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में मतगणना चल रही थी। जैसे-जैसे मतगणना का क्रम आगे बढ़ रहा था, केंद्र के बाहर खड़े कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ रहा था। खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का। बेशक अंदर से सूचनायें उनके पास कम पहुंच रही हों, लेकिन टेलिविजन व सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ता चुनाव परिणामों पर नजर गढ़ाये हुये थे। इसी बीच यहां सड़क पर खड़े कुछ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गया। काफी संख्या में यहां तैनात पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाया। बताया गया कि कुछ कांग्रेसी और कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच यहां बहस हो गयी थी और उसी से माहौल बिगड़ गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये स्थिति पर काबू भी पा लिया और झड़प के दौरान क्या बात हुई थी, यह भी लीक नहीं होने दी।

## जीत में रहा सर्व समाज का सहयोग : संजय सिंह



जीत के जश्न में सोहना के नवनियुक्त विधायक कंवर संजय सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंवर संजय सिंह ने जजपा के प्रत्याशी रोहतास काटना को 12,139 मतों से करारी हार दी। जबकि बसपा प्रत्याशी जावेद अहमद तीसरे नंबर पर रहे। सोहना विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंवर संजय सिंह ने 59,596 वोट लेने के साथ जीत हासिल की है। संजय सिंह ने जजपा के प्रत्याशी रोहतास काटना को पहले छह राउंड में पछाड़ने के बाद से आगे निकलने का मौका नहीं दिया। संजय सिंह ने रोहतास काटना को पूरे 11 राउंड में मात देते हुए जीत हासिल की। कंवर संजय सिंह ने जीत का श्रेय क्षेत्र के सभी मतदाताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि सर्व समाज का सहयोग रहा है।

## करनाल की सीटों में तीन पर भाजपा, एक पर कांग्रेस और एक पर जीता निर्दलीय

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल** जिला के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का कार्य आज पूरा हो गया। करनाल विधानसभा क्षेत्र में कुल 125408 मतों में से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मुख्यमंत्री मनोहर लाल को 79906 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी इंडियन नेशनल कांग्रेस के त्रिलोचन सिंह को 45188 मतों के अंतर से हराया, त्रिलोचन सिंह को 34718 वोट मिले।

घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 143876 मत पड़े। क्षेत्र की मतगणना के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के हरविन्द्र कल्याण 67209 मत लेकर विजयी रहे। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनिल कुमार को 17402 मतों के अंतर से हराया, अनिल कुमार को 49807 मत मिले। इंद्री विधानसभा क्षेत्र में कुल 142655 मत पड़े। इस क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के रामकुमार कश्यप 54221 मत लेकर विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आजाद उम्मीदवार राकेश काम्बोज को 7431 मतों के अंतर से हराया। राकेश काम्बोज को 46790 वोट मिले। विधानसभा क्षेत्र नीलोखेड़ी से कुल 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। मतों की कुल संख्या 134210 रही। यहां से आजाद उम्मीदवार धर्मपाल गोंदर 42979 मत लेकर विजयी रहे, जबकि भाजपा के भगवानदास कबीरपंथी को 40757 मत मिले। अन्य उम्मीदवारों में इंडियन नेशनल कांग्रेस के बंता राम को 19736 मत मिले। असंध विधानसभा क्षेत्र से 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के शमशेर सिंह को 32114 मत मिले और वे विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बहुजन समाज पार्टी के नरेन्द्र सिंह को 1703 मतों के अंतर से हराया, नरेन्द्र सिंह को कुल 30411 मत मिले। अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के स. बख्शीश सिंह को 28518 वोट मिले।

### 2014 के विधानसभा चुनावों में पांचों पर था भाजपा का कब्जा

## कार लूट के दोषियों को 8-8 साल की कैद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा

**हथियार** के बल पर कार लूटने के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए दोनों आरोपियों को 8-8 साल की कैद व 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारका दिल्ली के अनिल कुमार ने 20 फरवरी 2017 को सेक्टर-5 थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी कार ऊबर कंपनी में लगाई हुई है। बीती देर रात उसके मोबाइल पर कॉल आई कि रेलवे स्टेशन गुड़गांव जाना है। वह कार लेकर द्वारका स्थित दिल्ली सीएनजी पंप पर पहुंच गया। उसे शिकायत में कहा था कि 3 युवक कार में बैठ गए। जब वह दौलताबाद फ्लाईओवर से रेलवे स्टेशन की ओर जाने लगा तो कार में बैठे युवकों ने उसे वापिस फ्लाईओवर पर जाने के लिए कहा। जिसका उसने विरोध करते हुए उन्हें कार से उतरने के लिए कहा, लेकिन उन युवकों ने न केवल उसके गले पर चाकू लगा दिया, अपितु उसके सिर पर पिस्तौल के बट से वार किया तथा उसे कार से धक्का देकर उसकी कार छीनकर फरार हो गए थे। कार में उसके दो मोबाइल व कार के दस्तावेज आदि भी थे। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। झज्जर पुलिस ने आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर लिया था और उसने बताया था कि उसने यह कार गुड़गांव से छीनी है। गुड़गांव पुलिस ने कपिल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की तो उसने अंकित व एक अन्य का नाम भी बताया था।

पुलिस ने अंकित को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को 8-8 साल की कैद व 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी है।

## सिर्फ टिकट के लिए नहीं, जीत के लिए भी किस्मत चाहिए...

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बादशाहपुर** विधानसभा क्षेत्र बीजेपी प्रत्याशी मनीष यादव की हार के बाद राजनीतिक गलियारों में मनीष यादव के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर भी लोग चटकारे लेकर कटाक्ष करते रहे। यहां से मंत्री राव नरबीर सिंह की टिकट काटकर मनीष यादव को दी गई थी और सीएम ने बादशाहपुर से दो अक्टूबर को सफाई अभियान की शुरुआत के मौके पर नरबीर सिंह को यह कहकर सांत्वना देने का प्रयास किया कि टिकट पाने को मेहनत के साथ किस्मत भी चाहिये।


बेशक किस्मत से मनीष यादव टिकट तो हासिल कर गये, लेकिन उनकी किस्मत में जीत नहीं थी। राव नरबीर सिंह की टिकट कटने से खफा अब उनके समर्थक यह कहकर चुटकी लेते दिखे कि सिर्फ टिकट लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लिए भी किस्मत जरूरी होती है। मनीष की किस्मत में बीजेपी की टिकट तो थी, लेकिन जीतना उनकी किस्मत में नहीं था।


वहीं दूसरी ओर अब यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि बीजेपी ने टिकट वितरण में मनीष की जमीनी पकड़ का आंकलन नहीं किया और उन्हें जैसे-तैसे टिकट थमा दी। जब राव नरबीर सिंह को निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जांघू मोदी लहर में टक्कर दे सकते हैं तो फिर इस चुनाव में मनीष यादव को राजनीतिक रूप से राकेश जांघू के आगे कहीं नहीं ठहरते। यह बात शायद ही बीजेपी आलाकमान को किसी ने बताई हो।

## धारा के विपरीत तैरने में धराशायी हुए दिग्गज

### मेवात के लोग भाजपा की नीतियों के विरोधी रहे हैं

मलिक असगर हाशमी। नूंह





**मेवात** के लीडरों को भाजपा का दामन थामना महंगा पड़ा। वे धारा के विपरीत तैरने की कोशिश में थे। मेवात के लोग भाजपा की नीतियों के विरोधी रहे हैं। फिर भी ऐन चुनाव से पहले अपनी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थामने की गलती की। कांग्रेस ने मेवात की तीनों सीटें जीत ली हैं। मेवात के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए एक संदेश भी है।

मेवात क्षेत्र की प्रतिष्ठित सीट नूंह से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले जाकिर हुसैन इनेलो से पाला बदल कर इसमें आए थे। इसी तरह फिरोजपुर झिरका के भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद पहले इनेलो में थे। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था, पर पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था। मेवात की तीसरी सीट पुन्हाना से सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने मंत्री रहीश खान को टिकट न देकर नए चेहरे नोक्षम चौधरी को मैदान में उतरा था। रहीश ने पिछला चुनाव निर्दलीय लड़ा था। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। अब तीनों सीटें कांग्रेस के पाले में हैं। नूंह से जाकिर को आफताब अहमद ने, फिरोजपुर झिरका से नसीहम अहमद को मामन खान और पुन्हाना से रहीश खान को कांग्रेस के मोहम्मद इलियास ने पटखनी दी है।

फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस प्रत्याशी मामन खान ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। मेवात कांग्रेस और इनेलो का गढ़ रहा है। भाजपा की नीतियां, मुस्लिम बहुल इस इलाके के लोगों के विचारों से मेल नहीं खातीं। केंद्र के तीन तलाक कानून, अनुच्छेद 370 हटाने और असम के एनआरसी का विरोध करते रहे हैं।

मेवात के कई लोगों की गोकशी के आरोप में हत्या कर दी गई थीं। सांस्कृतिक तौर-तरीके में हिंदुओं के करीब होने के बावजूद मेव मुसलमान भाजपा को पसंद नहीं करता। इसके बावजूद नसीम अहमद और जाकिर हुसैन ने भाजपा के टिकट पर चुनावी बैतरणी पार करने की कोशिश की, जिससे जनता ने नकार दिया। माना जा रहा है कि मेवात क्षेत्र से भाजपा चुनाव में जीत दर्ज करती तो इसका सीधा संदेश जाता कि हाल में लिए गए उसके तमाम बड़े फैसले से आम मुसलमान सहमत है। लोकसभा चुनाव से अब तक केंद्र सरकार द्वारा लिए गए बड़े फैसलों के बाद यह पहला चुनाव था। इलाके के वरिष्ठ वकील नूरुद्दीन नूर कहते हैं, चुनाव परिणामों के बाद शायद भाजपा के चाल-चलन में कोई बदलाव देखने को मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिवसीय दीपावली महापर्व शुरू, धनतेरस आज

**गुरुग्राम।** दीपावली पांच दिवसीय महापर्व है। दीपावली से पूर्व धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को महालक्ष्मी को समर्पित माना जाता है। आज शुक्रवार को धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, यानि कि लोग अपनी सामर्थ्यनुसार सोना-चांदी, हीरा-मोती की ज्वेलरी व स्टील आदि के बर्तन खरीदकर इस पर्व को मनाएंगे। धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। दीपावली को लेकर बाजार सज गए हैं और लोग अपने सामर्थ्यनुसार जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि दीपावली पांच दिवसीय महापर्व होने के कारण प्रथम दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चौदस, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन और 5वां दिन भाई दूज के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शहर के मुख्य सदर बाजार, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, सभी आवासीय सेक्टरों के मार्केट, सोहना चौक सहित अन्य क्षेत्रों स्थित मार्केटों व शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित शॉपिंग मॉल्स में दीपावली पर्व की तैयारियां कर ली गई हैं। दुकानदारों ने हर श्रेणी का सामान बिक्री के लिए रखा हुआ है। उधर गिफ्ट आईटम्स की भी मार्केट में भरमार है। लोग अपनी सामर्थ्यनुसार गिफ्ट आइटम्स खरीद रहे हैं। हलवाइयों के यहां भी दीपावली को लेकर पैक मिठाइयों की बुकिंग पूरी हो चुकी हैं। खरीदारों का बाजारों में तांता लगा हुआ है।

### एनीमिया के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुड़गांव गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को विभाग की परियोजना अधिकारी इंदू गोदारा की अध्यक्षता में ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप (बीआरजी) कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विभाग की कर्मचारी व क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। विभाग की प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को चिकित्सकों ने खून की कमी से होने वाले एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए संयमित जीवन व खान-पान बहुत आवश्यक है। शरीर में यदि खून की मात्रा जरूरत से कम है तो उसे एनीमिया कहा जाता है। एनीमिया के रोगी को चक्कर आना, जल्दी थकना, रक्तचाप घटना जैसी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एनीमिया से बचने के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए। समय-समय पर चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। मॉडल नंबर सात पर भी चर्चा की गई। एनीमिया के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन की योजना तैयार की गई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की एएनएम, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर आदि का सहयोग रहा।

### कंबोपुरा में आज लगाया जाएगा चिकित्सा शिविर

**करनाल।** 25 अक्टूबर को आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धंवंतरी की जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा काम्बोज चौपल गांव कम्बोपुरा जिला करनाल में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जन साधारण को विभिन्न योकगक क्रियाओं द्वारा स्वस्थ रहने बारे एवं ऋतु अनुसार आहार-विहार की जानकारी एवं आयुष विभाग की विभिन्न पद्धतियों द्वारा रोगियों की नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा की जाऐगी। इस संबधं में चिकित्सकों की कमेटी गठित कर दी गई है। शिविर हेतु निःशुल्क आर्युवैदिक दवाइयों का प्रबंध भी किया गया है। इस शिविर की शुरूआत प्रात 8:30 बजे आर्युवेद दौड़ स्वास्थ्य की ओर (हाफ मैराथन) से किया जाऐगा। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा भाग लिया जाऐगा। उस के उपरान्त प्रात: 9:00 बजे विधिवत रूप से भगवान धनवन्तरी का पूजन करके शिविर का प्रारम्भ किया जाएगा। इस शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार के मरीजों का नि:शुल्क चेक-अप किया जाऐगा। साथ ही उन मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। योग विशेषज्ञ द्वारा योग करवाया जाएगा और पंचकर्म विशेषज्ञ द्वारा विशेष रूप से पंचकर्म की ओपीडी की जाएगी। यह जानकारी जिला आर्युवैदिक अधिकारी करनाल डॉ. सतीश खटकड द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमर के दिशा निर्देश में यह कैम्प लगया जाएगा। उन्होंने आम जन से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस शिविर का लाभ उठाएं।

### प्रवीन डागर ने हथीन में भाजपा को पहली बार दिलाई जीत



**हथीन।** हथीन में भाजपा के प्रवीन डागर ने पहली बार भाजपा को जीत दिलाई। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार मोहम्मद इसराईल को 2887 वोटों से हराया। प्रवीन डागर ने 46 हजार 744 मत प्राप्त किए, जबकि मोहम्मद इसराईल ने 43 हजार 857 वोट लिए। तीसरे नंबर पर रहे बसपा उम्मीदवार तयैब हुसैन ने 35 हजार 233 वोट प्राप्त किए। जजपा के उम्मीदवार पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने 30 हजार 334 मत प्राप्त किए। मतगणना के एक ईवीएम मशीन के खराब होने के कारण उसकी गणना वीवीपेट मशीन से कराई गई। जिसमें काफी समय लग गया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने दोबारा गिनती की मांग की। लेकिन पांच मशीनों की रेडम चेकिंग कराई गई। जिस कारण रिजल्ट जारी करने में काफी समय खराब हो गया। प्रवीन डागर शुरुआत से बढ़त बनाए हुए थे। आखिर तक वह बढ़त में रहे। शुरुआती मुकाबले में भाजपा व जजपा का चलता रहा। बाद में जजपा प्रत्याशी पीछे रह गए। मेव बाहुल्य गांवों में कांग्रेस को मिली जबरदस्त वोटों ने भाजपा के प्रवीन डागर को लीड को काफी कम कर दिया। आखिरी राउंड में प्रवीन डागर 808 मत प्राप्त कर कुल 46 हजार 627 मत प्राप्त किए। 117 मत उन्हें बेल्ट पेपर के माध्यम से मिले। प्रवीन डागर ने जीत के बाद कहा कि वे सभी समाज के लोगों को चहुमुखी विकास करेंगे। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता व केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को दिया। उन्होंने कहा के क्षेत्र में सेम की समस्या व पेयजल समस्या तथा सड़क, बिजली व अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

# बागियों ने भाजपा को उतरने न दिया 75 पार

राकेश चौरासिया। फरीदाबाद

**हरियाणा** भाजपा का अतिविश्वास ही उसके जी का जंजाल बन गया। भाजपा 'दिल्ली का फार्मूला' हरियाणा में लागू करने पर मात खा गई और उसे अब हरियाणा में सरकार बनाने के लिए खंडित जनादेश की सूरत में बैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा। टिकटों का अनुचित वितरण और कई दिग्गजों की टिकट काटना उसके लिए आत्मघाती सिद्ध हुआ। निर्दलीय विधायकों में कई ऐसे हैं, जो भाजपा से बगावत करके खड़े हुए और जीत हासिल की।

भाजपा ने 2017 में दिल्ली नगर निगम के 153 पार्षदों की टिकट काटकर नया प्रयोग किया और प्रचंड बहुमत हासिल किया था। दिल्ली का यह फार्मूला भाजपा ने हरियाणा में भी लागू करने की कोशिश की। दो मंत्रियों राव नरबीर सिंह और विपुल गोयल की टिकट काट दी गई। पानीपत की विधायक रोहिता और गुरुग्राम से उमेश अग्रवाल का टिकट काटा। इसके अलावा छह ऐसे निर्दलीय विधायक जीते हैं, जो भाजपा के या तो पूर्व प्रत्याशी या फिर मजबूत दावेदार थे, लेकिन भाजपा ने उनसे किनारा कर लिया। इनमें पृथला से नयन पाल रावत, महम से बलराज कुंडू, पुंडरी से रणधीर सिंह, सिरसा से गोकुल सेतिया, बादशाहपुर से राकेश दौलताबाद, रनिया से निर्दलीय प्रत्याशी रणजीत सिंह शामिल हैं। इस तरह के टिकट विरतण के बाद भाजपा में भारी उथल-पुथल मची। बागी या तो मैदाने-जंग में कूद पड़े या फिर बागी खेमों से घोषित प्रत्याशियों की मदद नहीं हो पाई।

## हरियाणा में नहीं चला दिल्ली वाला फार्मूला

**नवरत्न हारे:** यह सबसे बुरा हुआ कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की कैबिनेट के नवरत्न मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, ओपी धनखड़, रामबिलास शर्मा, कृष्ण लाल पंवार, कविता जैन, सुभाष बराला, प्रेमलता, मनीष ग्रोवर और कृष्ण बेदी हार गए हैं। यानि मंत्री किस कदर जनता से कटे हुए थे। इस पर भाजपा को भविष्य के लिए मनन करना होगा।

**नए चेहरे की तलाश:** बड़ी पार्टी होने के नाते भाजपा को राज्यपाल सरकार बनाने का निमंत्रण दे सकते हैं, लेकिन संभवत: जजपा की बैसाखियों पर चलने वाली भाजपा सरकार को पूरे पांच टिकाना है, तो उसके लिए अतिरिक्त राजनीतिक चातुर्य की आवश्यकता होगी। उस खांचे में खट्टर फिट नहीं बैठते हैं। ऐसे में चर्चा शुरू हो गई है कि भाजपा में जो भी सीएम मैटीरियल थे, वे हार का मुंह देख चुके हैं। इसलिए नया दायित्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को मिल सकता है। वे जोड़-तोड़ की राजनीति के माहिरीन हैं।



### बादल छंटेंगे

चुनाव परिणामों से भाजपा बादलों और कुहासे में घिर गई है। ऐसे में भाजपा के सहयोगी अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल संकटमोचन कर सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि बादल जजपा के दुष्यंत चौटाला और भाजपा के बीच संवाद कर रहे हैं कि किस तरह कांग्रेस को अलग रखकर हरियाणा में सरकार बनाई जाए और जजपा द्वारा समर्थन दिए जाने की क्या शर्तें होंगी।

### कांग्रेस का धोबीपाट

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा में सरकार बनाने के लिए फ्री हैंड दिया हुआ है। ऐसे में हुड्डा भाजपा की सरकार बनते देख यह धोबीपाट दांव मार सकते हैं कि वे जजपा के दुष्यंत चौटाला को सीएम प्रोजेक्ट कर दें और कांग्रेस उन्हें समर्थन करे। कांग्रेस यह प्रयोग पहले भी कर चुकी है।

**धनतेरस कनेक्शन:** हरियाणा में इस बार की धनतेरस पर्व कई विधायकों पर विशेष धन वर्षा कर सकता है। खंडित जनादेश के कारण शुक्रवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण होगा। राज्यपाल के निमंत्रण या फिर दावेदारी पेश करने की स्थिति में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल समय रहते अतिरिक्त संख्या बल की व्यवस्था करने के लिए विधायकों से संपर्क करेंगे। इसलिए होर्स ट्रेडिंग की संभावनाएं बलवती हो गई हैं।

### मंथन शिविर

हरियाणा में जनता ने भाजपा को पूरी तरह खारिज नहीं किया है, क्योंकि अब भी वह ही सबसे बड़ी पार्टी है। किंतु भाजपा को 45 के जादुई आंकड़े से दूर रखकर उसे यह सोचने पर विवश कर दिया है कि वह एक बार फिर मंथन शिविर आयोजित करे और उन कारणों की तलाश करे कि जिस हरियाणा ने लोकसभा चुनाव में सभी दस सीटें देकर भाजपा की झोलियां भर दीं थीं, उसी हरियाणा ने कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव में इतनी तंगदिली क्यों दिखाई कि सरकार बनाने के लाले पड़ रहे हैं।

**बनेंगे दो मंत्री:** राजनीतिक पंडितों का कहना है कि अगर भाजपा सरकार बनाती है, तो इस बार फरीदाबाद को दो मंत्री मिल सकते हैं। जिस तरह केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर और सीएम खट्टर ने मंत्री विपुल गोयल की टिकट काटकर नरेंद्र गुप्ता की लांचिंग की है। उस सूरते-हाल में गुप्ता का मंत्री बनना तय है। इसके अलावा हरियाणा में दो ही ब्राह्मण जीते हैं। ऐसे में मूलचंद शर्मा की भी दावेदारी पक्की हो गई है, क्योंकि वे दूसरी बार और भारी अंतर से जीते हैं।

# यह जनता, नमो और मनो सरकार की जीत: नरेंद्र गुप्ता




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** सीट से नव निर्वाचित भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि जनता ने उन्हें उम्मीद से ज्यादा समर्थन देकर विजयी बनाया है। वे जनता के इस अहसान को जीवन भर याद रखेंगे। यह उनकी नहीं, बल्कि जनता की जीत है।

नरेंद्र गुप्ता के समर्थकों ने क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर जोरदार विजयी जुलूस निकाला। ढोल की थाप पर समर्थकों ने पूरे रास्ते नृत्य करके जश्न मनाया। समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर लड्डू वितरित किए। खुली जिप्सी में सवार नरेंद्र गुप्ता का कारवां जब सेक्टर 11 स्थित कार्यालय में पहुंचा, तो सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वे उन सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने उन्हें भारी अंतर से जिताकर विधानसभा में पहुंचाया है। नरेंद्र गुप्ता ने संकल्प व्यक्त किया कि जनता के लिए उनके दरवाजे चौबीसों घंटे खुले रहेंगे। जनता ने उन्हें जो प्यार दिया है, उसका कर्ज वे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करके चुकाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने जात-पांत से ऊपर उठकर मनो और नमो सरकार के सुशासन के आधार पर कामयाब बनाया है। उन्होंने एक मैकेनिक के तौर पर अपना करियर शुरू किया था और वे प्रभु अनुकंपा से जन प्रतिनिधि तक पहुंचे हैं। इसलिए वे आम जन से लेकर उद्योगपतियों तक की समस्याओं को बखूबी समझते हैं। जो भी समस्याएं उनके संज्ञान में आएंगी, उनका वे प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे।

# तिगांव को विकास में अग्रणी बनाएंगे: राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** के नव निर्वाचित भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि वे तिगांव क्षेत्र को विकास में अग्रणी बनाएंगे। जनता ने उनका खुल कर साथ दिया है। इसलिए वो भी जनता के लिए रात दिन एक करके यहां पर विकास करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

तिगांव से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर 97 हजार 126 वोटों के साथ अपनी जीत दर्ज की। फरीदाबाद में सबसे अधिक वोट लेने वाले प्रत्याशी राजेश नागर बन गए हैं। उन्होंने यहां से कांग्रेस विधायक ललित नागर को 33 हजार 841 वोटों से हराया। दोनों में वोटों का अंतर 33841 रहा। राजेश नागर ने पिछली बार भी भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वो हार गए थे। इस बार उन्होंने भारी अंतर से अपनी जीत दर्ज की है। राजेश नागर ने अपनी जीत पर कहा कि जनता ने उन्हें उसी उत्साह से जिताया है। जैसे लोकसभा चुनाव में भाजपा को यहां के लोगों ने वोट दिया था। पोस्टल वोटों में भी राजेश नागर को ललित से अधिक वोट मिले। जहां भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर को 35 वोट मिले हैं, तो वहीं ललित नागर को केवल 11 वोट मिले।



फरीदाबाद की इस सीट पर सबकी नजर लगी हुई थी। राजेश नगर को जिताने के लिए यहां पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी सहित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने उनका चुनाव प्रचार किया था और उन्हें जिताने की अपील की थी। जनता ने भी अपने नेताओं का मान रखते हुए राजेश नागर को दिल खोल कर वोट दिए।

# नाबालिग लड़की को अगवाकर दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

**फरीदाबाद।** नाबालिग लड़की को अगवा करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जगभूषण गुप्ता की अदालत ने उम्रकैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक बल्लभगढ़ के एक गांव में रहने वाली 17 साल की एक लड़की ने यह मामला 12 अप्रैल 2017 को महिला थाना सेक्टर 16 में दर्ज करवाया था कि घटना वाले दिन सुबह वह अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रही थी। तभी रास्ते में मोहित ने रोक लिया। मोहित ने उसे डरा-धमका कर अपनी बाइक में बैठाकर होटल के एक कमरे में ले गया। जहां आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घर आकर उसने परिजनों की मदद से पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। यह मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने माहित को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

**PERFECTPAC LIMITED**
**CIN:** L72100DL1972PLC005971
**Regd. Off.:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
**Ph:** 011-26441015-17, **Fax:** 011-26441018
**E-mail id:** complianceofficer@perfectpac.com, **Website:** www.perfectpac.com

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Friday, November 01, 2019**, *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2019 (the "Financial Results").

A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.perfectpac.com and the website of the Stock Exchanges-BSE: www.bseindia.com and CSE: www.cse-india.com.

For **Perfectpac Limited**
**Apeksha Jain**
**Company Secretary**
**Place: New Delhi**
**Date: 24.10.2019**

# रान स्टार और इनकम टैक्स ने जीते क्रिकेट मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भूपानी** स्थित रावल क्रिकेट मैदान पर खेले जा रहे प्रथम रावल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन दो पारियों में मैच खेले गए। पहला मैच में रान स्टार क्रिकेट क्लब और रविंद्र फागना क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। दूसरी पारी का मैच इनकम टैक्स और स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

**पहला मैच:** पहले मैच में रान स्टार क्रिकेट क्लब ने रविन्द्र फागना क्रिकेट क्लब को 38 रन से हराया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। रान स्टार क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 167 रन बनाये। जिसमें आईपीएल खिलाडी हिम्मत सिंह ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 63 गेंदों में नाबाद रहते हुए 90 रन बनाये। सुनील दलाल ने 24 रन और प्रथम सिंह ने 18 रन बनाये। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए माणिक सिरोही और रोहित दुआ ने 1-1 विकेट लिया। टारगेट का पीछा करने उतरी रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की टीम 20 ओवेरो में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी, जिसमें गौरव तोमर ने 60 रन और रोहित दुआ ने नाबाद रहते हुए 14 रन बनाये। रान स्टार क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अंकित रेहडू ने तीन विकेट, सुनील दलाल और दीपक ने 2-2 विकेट लिए। आईपीएल खिलाड़ी हिम्मत सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें ये अवार्ड भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने दिया।

**दूसरा मैच :** दूसरे मैच में इनकम टैक्स ने स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी को 103 रन से हराया। टॉस जीतकर स्लेजहैमर की टीम ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इनकम टैक्स की टीम ने 20 ओवेरो में पांच विकेट खोकर 175 रन बनाये, जिसमें पुनीत बिष्ट ने 40 रन, जीवन जोत सिंह ने 28 रन, रिंकू सिंह ने 25 और योगेश नगर ने नाबाद रहते हुए 23 रन बनाये। स्लेजहैमर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दिलीप ने 2 विकेट, अंकित भड़ाना ने 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करने उतरी स्लेजहैमर की पूरी टीम 11.5 ओवर में मात्र 72 रन बना पाई। जिसमें यशपाल डागर ने 21 रन और राहुल यादव ने 20 रन बनाये। इनकम टैक्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए भारतीय लेग स्पिनर यजुविन्दर चहल ने अपने 3.5 ओवरों में 21 रन देकर 6 विकेट चटकाए और योगेश नागर ने 2 विकेट, आशीष हुडा ने 1 विकेट लिए। यजुविन्दर चहल बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें मैन ऑफ द मैच का अवार्ड स्लेज हैमर फाउंडेशन के प्रवीण मोहंती ने दिया।




यजुविन्दर चहल को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड देते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन के प्रवीण मोहंती।

**PUBLIC NOTICE**

My Client **Sh. Harish Kumar** S/o Late **Sh. Ram Singh** and his wife Smt. **Asha** both R/o H. No. A-33/1, Street No.4, Kaithwara New Usmanpur, Seelampur, Bhajanpura, Delhi-110053, have severed all her relations with her son namely Sh. Nitin, his wife Smt. Rashi and their child namely Master Devansh as they are out of control of my clients. My Clients disowned them from all their movable and immovable properties. They have no right in the properties of my clients. My clients shall not be responsible for any act and omission of them.

**Advocate : Sanjeev Dwivedi**
**48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, N.D-54**

**PUBLIC NOTICE**

My client Jaivir Arya S/o Shri Dayanand and Kamlesh W/o Shri Jaivir Arya both R/o Flat No.15, Prem Milan Apartment, Plot No.19, Sector-18A, Dwarka, New Delhi-110078, has disowned their son Mohit Arya and daughter-in-law Kavita Arya W/o Mohit Arya along with granddaughter Naisha Arya and grandson Hridhan Arya from all their moveable and immoveable properties,due to disobedience, misconduct towards them, my client shall not be responsible for any acts of them in future.

**PREM PRAKASH (Advocate)**
**E. No. 932/18 Ph. 9871268399**

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञापन
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
**सूचना**
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013, की धारा 13(4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के
नियम 30(6)(क) के विषय में
तथा
मैसर्स अल्फा वन इन्फ्रा (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, के विषय में
कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय मकान नंबर 598, प्रथम तल, चौहान मोहल्ला, मदनपुर खादर, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076 में स्थित है
..........(याचिकादाता)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा इसका पंजीकृत कार्यालय "दिल्ली राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने के संबंध में 22 सितम्बर,, 2019 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबन्धनों के अनुसार कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोघन की पुष्टि की याचना हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के "दिल्ली राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" को उक्त स्थानांतरण से प्रभावित होने की संभावना है, वह उसकी सूचना अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित कर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिन के भीतर दे सकता है तथा उसकी मूल प्रति क्षेत्रीय निदेशक को तथा उसकी एक प्रति याचिकादाता को कम्पनी के उपरिवर्णित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते मैसर्स अल्फा वन इन्फ्रा (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
बिरजू हिम्मतलाल ठाकर
(निदेशक)
डीआईएन- 07052836

# पृथला में छत्तीस बिरादरी की जीत हुई : नयनपाल

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत ने अपनी जीत को जनता से जोड़ते हुए कहा कि यह उनकी जीत नहीं, बल्कि यह जीत पृथला क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो प्यार और सम्मान उन्हें दिया है, उसके लिए वह ताउम्र उनके आभारी रहेंगे।

चुनाव जीतने के बाद नयनपाल रावत सर्वप्रथम अपने पैतृक गांव असावटी पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मां का आशीर्वाद देते हुए उन्हें विजयी प्रमाण पत्र उनके हाथों में रख दिया। इसके उपरांत वह चंदावली स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां हजारों-हजारों की तादाद में लोगों ने उनका ढोल नगाड़ों एवं फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें जीत की बधाई दी।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और इस परिवार ने उन्हें विधानसभा भेजकर जो सम्मान दिया है, उसे वह कभी गिरने नहीं देंगे और पृथला क्षेत्र का समुचित विकास करवाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे और चुनावों के दौरान उन्होंने जनता से जो विकास के वायदे किए थे, उन वायदों को पूरा किया जाएगा और पृथला क्षेत्र को विकास के मामले में नंबर वन विधानसभा बनाने का काम करेंगे। इस दौरान समर्थकों ने आतिशबाजी चलाते हुए इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया। उनके साथ मुख्य रूप से वरिष्ठ महिला नेत्री शशिबाला तेवतिया मौजूद रहीं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public, that the Environment Clearance for Affordable Group Housing Project Situated at Village Basai & Ghadoli Khurd, Sector-37D, District Gurugram, Haryana to be developed by M/s Sarvpriya securities Private Limited, has been granted by the State Environment Impact Assessment Authority Haryana on 14th October, 2019 and the copy of the Environment Clearance is available on the website of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change/ State Environment Impact Assessment Authority Haryana .

**Sd/-**
**Director**
**For Sarvpriya Securities Private Limited**
**CIN: U74900HR1995PTC032791**
**Address: Unit No 201b, 2nd Floor, Tower A Signature Tower, South City-1 Gurugram 122001**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public, that the Environment Clearance for Affordable Group Housing Project Situated at Village Hayatpur, Sector-93, District Gurugram, Haryana to be developed by M/s Signature Builders Private Limited, has been granted by the State Environment Impact Assessment Authority Haryana on 10th October, 2019 and the copy of the Environment Clearance is available on the website of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change/ State Environment Impact Assessment Authority Haryana .

**Sd/-**
**Director**
**For Signature Builders Private Limited**
**CIN: U70101DL2011PTC220275**
**Address: 1309, 13th Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi 110001**

निम्नलिखित सम्पत्ति **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड विरुद्ध परवेश कुमार सीएस. एससीजे नंबर 3491/17** के मामले में बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

1. आस्ति का वर्णन :
   मेक : अशोक लेलैण्ड दोस्त एलएस एससीवी
   रजि. नंबर : **DL1LV1929**
   विनिर्माण वर्ष : 2014
2. नीलामी की तिथि एवं समय :
   13 नवम्बर, 2019 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक
3. स्थान : गोदरा यार्ड, सुखराली एन्क्लेव, सेक्टर-17, गुरूग्राम, हरियाणा-122022
4. सम्पर्क व्यक्ति : श्री राजू सिंह; मोबाइल नंबर : 9958896944
5. सुरक्षित मूल्य : रू. 71,000/-

बिक्री की शर्तें
उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से अनुमोदन की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, एसडी टावर, कम्युनिटी सेंटर, प्लॉट नंबर-7, रोहिणी, सेक्टर-8, नई दिल्ली-110085 पधार सकते हैं।

DHFL Changing Rules Changing Lives
**दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल हाउस, आठवीं मंजिल, अनंत कानेटकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051.
शाखा कार्यालय : डीएचएफएल, ड्रीम्स मॉल, पहली मंजिल, एलबीएस मार्ग, भांडुप (पश्चिम), मुंबई 400078.

**माँग सूचना**

सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट २००२ (उपरोक्त कानून की धारा १३(२) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम २००२(उपरोक्त नियम) का नियम ३(१) के अंतर्गत तथा उपरोक्त नियम का नियम ३ के साथ उपरोक्त कानून की धारा १३(१२) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त कानून की धारा १३(२) के अंतर्गत संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ता (ओ) को मांग पत्र जारी किया है। उपरोक्त संबंध में एक बार पुनः सूचना दी जाती है कि इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से ६० दिवस के अंदर माँग सूचना के दिनांक से भुगतान करने की दिनांक तक शेष व्याज राशि सहित ऋणकर्ता पूर्ण राशि का भुगतान करे, राशि को नीचे दर्शाया गया है। ऋणकर्ताओं का विवरण, मांग पत्र का दिनांक तक शेष राशि एवं ऋण राशि का पुर्नभुगतान हेतु जमानत का विवरण निम्न है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित संपत्ति क्रमशः डीएचएफएल को ऋणकर्ता (ओं) द्वारा गिरवी रख दी गई है।

| ऋण अनुबंध नं. मांग/ऋणकर्ता(ओं)/ प्रत्याभूति दाता/ओं का नाम | डिमांड नोटीस दिनांक एवं एनपीए दिनांक सहित राशि | धरोहर संपतियों का विवरण (अचल संपत्ति/याँ) |
|---|---|---|
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा की एलसी नं. ०००००२८०) विपिन (ऋणी) ज्योति (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹५०६८७५५/- (पचास लाख अडसठ हजार सात सौ पचपन) एनपीए (०१-०८-२०१६) | फ्लैट नं. एम-९०९, ९वा तल, मरक्यूरी टॉवर, दि एलियन कोर्ट सेक्टर-सी-३, ट्रॉनिका सिटी, गाजियाबाद, गाजियाबाद-२०११०२ |
| (गुडगांव शाखा की एलसी नं. ०००००९१७) कंवलजीत खुराना (ऋणी) पुर्ष्पींदर कौर (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹६७००२३७/- (सडसठ लाख दो सौ सैंतीस) एनपीए (०१-०६-२०१९) | मकान नं. ४३, ३ रा तल, श्रेष्ठा विहार, विजया बैंक के पास, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली, नई दिल्ली - ११००९२ |
| (गुडगांव सोहना रोड शाखा की एलसी नं. ०००४२९८४) कोमल सिंह (सहऋणी) राजबाला सिंह (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹१२७४४०४३/- (एक करोड सत्ताईस लाख चवालिस हजार तिरालिस) एनपीए (०१-१२-२०१६) | फ्लैट नं. ए १५०५, १५वा तल, ब्लॉक १ टॉवर १, पियुष होरिजन, सेक्टर १, एनएच ८, धरूहेरा हरियाणा, रेवाडी- १२३११० |
| (नोएडा १ राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. ००००१५५९) अभिजीत अढाना (ऋणी) आरती कुमारी (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹५२३५३९६/- (बावन लाख पैंतीस हजार तीन सौ छियानवे) एनपीए (०१-०४-२०१९) | संपत्ती नं. ३७०, प्रथम तल, बिना छत अधिकार, खसरा नं. ५४१/१९७, ओंकार नगर बी, ट्राय नगर, विलेज चौवकरी, मुबारकाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली - ११००३८ |
| (दिल्ली सफदरजंग शाखा की एलसी नं. ०००४३७०१) उमेश सिंह (ऋणी) दिव्या सिंह (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹५५०३६७१/- (पचपन लाख तीन हजार छः सौ इकहत्तर) एनपीए (०१-०२-२०१९) | फ्लैट नं. यूजीएफ तथा एफएफ (प्रत्येक फ्लोर पर २ फ्लैट) प्लॉट नं. १, ब्लॉक नं. सी-११, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, गाजियाबाद, गाजियाबाद २०१०१० |
| (दिल्ली पितमपुरा शाखा की एलसी नं. ०००४२३०१) अक्षय मिश्रा (ऋणी) दिव्या (सहऋणी १) | २६-०९-२०१९/ ₹५१९९३६९/- (इक्यावन लाख निन्यानवे हजार तीन सौ उनसत्तर) एनपीए (०१-०७-२०१९) | प्रॉप. नं. एल-८५, द्वितीय तल, एल-ब्लॉक, सेक्टर-१२, प्रताप विहार, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश २०१००९ |
| (नोएडा सेक्टर-२ शाखा की एलसी नं. एलओडी ३३५४४) मो. फिरोज अहमद (ऋणी) | २६-०९-२०१९/ ₹७८२१९७८/- (अठहत्तर लाख इक्कीस हजार नौ सौ अठहत्तर) एनपीए (०१-०१-२०१२) | फ्लैट नं. १०५३, ५ वा तल, शिव कला चार्मस, प्लॉट नं. ७, सेक-पीआई, ॥, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा-२०१३०८ |
| (दिल्ली सफदरजंग शाखा की एलसी नं. डीईएल३५४३५) राजेश जैन (ऋणी) | २६-०९-२०१९/ ₹९८४४४७२/- (अट्ठानवे लाख चवालिस हजार चार सौ बहत्तर) एनपीए (०१-०१-२०१८) | एच/फ्लैट नं. १०१ बी, फ्लोर नं. प्रथम, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर सुल्तानपुर रोड, विलेज लखनउ, लखनउ, लखनउ २२६०२५ |
| (नोएडा सेक्टर-२ शाखा की एलसी नं. एनओडी ३८०१०) सुनील कुमार (ऋणी) | २६-०९-२०१९/ ₹८४९१९८३/- (चौरासी लाख इक्यानवे हजार नौ सौ तिरासी) एनपीए (०१-०६-२०१८) | एच/फ्लैट नं. ६०२सी, फ्लोर नं. प्रथम, प्लॉट नं. टॉवर नं. ६, विंग सी, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनउ, लखनउ २२६०२५ |
| (नोएडा सेक्टर-२ शाखा की एलसी नं. एनओडी ३८१२४) सुनील कुमार (ऋणी) | २६-०९-२०१९/ ₹८७१७२९९/- (सित्यासी लाख सतरा हजार दो निन्यानवे) एनपीए (०१-०३-२०१८) | एच/फ्लैट नं. ६०१सी, फ्लोर नं. प्रथम, प्लॉट नं. टॉवर नं. ६, विंग सी, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनउ, लखनउ २२६०२५ |

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता राशि का डीएचएफएल को भुगतान करने में असफल रहते है तो डीएचएफएल धरोहर संपत्ति के विरूद्ध उपरोक्त कानून की धारा १३(४) के अंतर्गत लागू नियमों के अनुसार ऋणकर्ता के स्वयं के परिणाम, मूल्य एवं पूर्ण जोखिम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ता को अधिनियम के अंतर्गत उपरोक्त संपत्तियों स्थानांतरण चाहे वह विक्रय, लीज या अन्य किसी भी प्रकार से हो, डीएचएफएल की लिखित अनुमति के बिना रोका जाता है। कोई भी व्यक्ति जो इसका उल्लंघन या अवहेलना करता है तो वह नियम के उपलब्ध प्रावधानों के अंतर्गत कारावास एवं/अथवा दंड का भागी होगा।

हस्ताक्षर /
प्राधिकृत अधिकारी
दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 25.10.2019

# 370 व 35ए को लेकर याचिकाएं संविधान पीठ के पास सूचीबद्ध

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों और अनुच्छेद 35ए को खत्म करने के सरकार के निर्णय की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कश्मीर मामले की सुनवाई कर रही पांच सदस्ईय संविधान पीठ विचार करेगी।

अनुच्छेद 370 के प्रावधान जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करते थे जबकि अनुच्छेद 35ए इस राज्य के निवासियों को विशेष अधिकार प्रदान करता था। केन्द्र सरकार ने इन्हें पांच अगस्त को निरस्त किया था। गैर सरकारी संगठन वी द सिटीजन्स ने अनुच्छेद 35ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में 2014 में याचिका दायर की थी। बाद में इसी मुद्दे को लेकर छह अन्य याचिकाएं दायर की गईं। इसी तरह, कुमारी विजयलक्ष्मी झा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ 2017 में उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 35ए की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त करने के केन्द्र के पांच अगस्त के फैसले की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली इन याचिकाओं पर हाल ही में 14 नवंबर से सुनवाई शुरू करने का निश्चय किया था। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्ईय पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को जब ए याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो न्यायालय ने कहा कि ए पुराने मामले हैं और इनकी सुनवाई के लिए शीघ्रता की आवश्यता नहीं है।

पीठ ने कहा कि जब संविधान पीठ अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर निर्णय करेगी तो हम समझते हैं कि शायद इन याचिकाओं का औचित्य नहीं रह जाएगा। पीठ ने कहा कि ए मामले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने के केन्द्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई में बाधक नहीं बनने चाहिए। शीर्ष अदालत ने बाद में कहा कि इन याचिकाओं को पहले से ही लंबित याचिकाओं के साथ 14 नवंबर को संविधान पीठ के समक्ष ही सूचीबद्ध किया जाए। पीठ ने यह भी कहा कि मार्क्सवादी पार्टी के महासचिव सीताराम एचुरी की याचिका भी संविधान पीठ ही सुनवाई करेगी। इस याचिका में एचुरी ने अनुच्छेद 370 के प्रावधान समाप्त करने के बाद जम्मू कश्मीर में उठे दूसरे मुद्दों का उल्लेख किया है।

## न्यायालय ने हिन्दू वादी को अयोध्या मामले में लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति दी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में एक और हिन्दू वादी को अपना लिखित नोट दाखिल करने की बृहस्पतिवार को इजाजत दी। इस वादी ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि यदि शीर्ष अदालत यह व्यवस्था देती है कि हिन्दू और मुस्लिम पक्ष में से किसी का भी 2.77 एकड़ विवादित भूमि पर मालिकाना हक साबित नहीं पाया तो इसे सरकारी जमीन घोषित किया जाए। उमेश चन्द्र पाण्डे, जिन्हें 1961 में दायर वाद में उप्र सुन्नी केन्द्रीय वक्फ बोर्ड ने प्रतिवादी बनाया था, ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष अयोध्या मामले का उल्लेख किया और राहत में बदलाव के बारे में लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति चाही। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर 16 अक्टूबर को सुनवाई पूरी की थी। संविधान पीठ ने सभी पक्षों से कहा था कि सुनवाई के दौरान उठे मुद्दों के परिप्रेक्ष्य में वे राहत में बदलाव के बारे में 19 अक्टूबर तक लिखित नोट दाखिल करें ताकि न्यायालय निर्णय के योग्य मुद्दों को सीमित कर सके। पाण्डे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी शेखर ने जब बृहस्पतिवार को लिखित नोट दाखिल करने की अनुमति मांगी तो प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की, हम समझ रहे थे कि अयोध्या प्रकरण पूरा हो गया। हालांकि, पीठ ने उन्हें यह नोट दाखिल करने की अनुमति दे दी। पाण्डे ने अपने नोट में कहा है कि लार्ड डलहौजी ने 1856 में अवध के नवाज को अपदस्थ करने के बाद अवध की पूरी रियासत को अपने अधीन कर दिया था। बाद में लार्ड कैनिंग ने तीन मार्च, 1858 में एक आदेश जारी करके अवध की सारी भूमि के मालिकाना हक ब्रिटिश सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया था।

# गंगा नदी के किनारे औषधीय पौधों की हरित पट्टी विकसित करने के लिए समझौता

**एजेंसी।** जयपुर

**गंगा नदी** के किनारे पाँच किलोमीटर के दायरे में जड़ी-बूटी और औषधीय पौधों की खेती की हरित पट्टी विकसित करने के लिए केन्द्रीय आयुष और जल शक्ति मंत्रालय के बीच समझौता हुआ है।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरूवार को यहाँ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दीर्घायु के लिए आयुर्वेद विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोंधित करते हुए कहा कि इस पट्टी में किसानों को खेती के लिए प्रेरित करने के लिए उन्हें कई तरह के प्रोत्साहन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे न केवल गंगा को प्रदूषण से मुक्त करने के अभियान में मदद मिलेगी बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। शेखावत ने सुझाव दिया कि भारत की वर्षों पुरानी आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को विश्व में लोकप्रिय बनाने के लिए जरूरी है कि जड़ी-बूटी और औषधीय गुणों से भरपूर पेड़ पौधे और फूल-पत्तियों का रासायनिक तत्व निकाल कर उन्हें गोली अथवा कैप्सूल के रूप में बाजार में लाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे किसान इन पेड़-पौधो की खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे सरकार के उनकी आय को दुगना करने के लक्ष्य को हासिल करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में विश्व गुरु बने, इसके लिए जरूरी है कि इन पद्धतियों का वैज्ञानिक सत्यापन करवाया जाए। इससे आयुर्वेद के क्षेत्र में भारत विश्व बाज़ार का एक बड़ा हिस्सा भी बन सकता है। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित जीवन शैली के कारण होने वाली मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का स्थाई निदान आयुर्वेद से ही संभव है। इस अवसर पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री श्रीपद एसो नाइक ने कहा कि भौतिकवाद के कारण आज कई तरह के शारीरिक और मानसिक रोग बढ़ रहे हैं।

# गहलोत व पायलट ने मंडावा सीट जीतने को लिए रीटा चौधरी को बधाई दी

**एजेंसी।** जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंडावा विधानसभा सीट पर उपचुनाव में जीतने वाली पार्टी प्रत्याशी रीटा चौधरी को बधाई दी है। राजस्थान में विधानसभा की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में से मंडावा की सीट सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने जीती है जबकि खींवसर सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के नारायण बेनीवाल विजेता रहे। परिणाम आने के बाद गहलोत ने ट्वीट किया, मंडावा उपचुनाव में भारी मतों से विजई हुई रीटा चौधरी को हार्दिक बधाई। गहलोत ने आगे लिखा, खींवसर उपचुनाव सभी ने एकजुट होकर मजबूती से लड़ा, जहां लोकसभा चुनावों में इस सीट पर लगभग 55 हजार मतों का अंतर रहा वहीं सिर्फ पांच महीने बाद करीब 4630 का अंतर हमारे लिए जीत के समान ही है। कांग्रेस प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देने के लिए दोनों क्षेत्रों के मतदाताओं का हार्दिक आभार। वहीं उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट ने भी पार्टी प्रत्याशी रीटा चौधरी को जीत पर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, मंडावा विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रीटा चौधरी को भारी बहुमत से विजई होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान प्रभारी अविनाश पांडे ने भी ट्वीट कर रीटा चौधरी को बधाई दी है। खींवसर सीट पर जीतने वाले नारायण बेनीवाल ने नागौर में संवाददाताओं से कहा, यह जनता की जीत है।

## स्वस्थ राज्य के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग मिलकर कार्य योजना बनाएं: मुख्यमंत्री



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य को स्वस्थ बनाने के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग मिलकर एक सघन जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि इसमें स्वस्थ लीवर, हिपेटाइटिस बी एवं सी से बचाव सहित स्वास्थ्य के अन्य मानकों को शामिल करते हुए एक ऐसा कार्यक्रम तैयार करें, जिसके माध्यम से प्रदेश को रोग मुक्त बनाया जा सके। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उपसमूह गठित किया जाए। गहलोत ने गुरुवार को जाने-माने गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं इंस्टीट्यूट आफ लीवर एण्ड बाइलरी साइंसेज के निदेशक डॉ. एस.के. सरीन द्वारा लीवर एवं स्वास्थ्य के अन्य मानकों को लेकर दिए गए प्रस्तुतीकरण के दौरान दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिपेटाइटिस बी एवं सी को लेकर समाज में जो भ्रांतियां हैं।

# चुनाव के नतीजे भाजपा के लिए कर्नाटक में लाभदायक : एदियुरप्पा

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के नतीजों से साफ हो गया है कि कांग्रेस देश में अपनी जमीन खो रही है और कर्नाटक में होने वाले 15 सीटों के उपचुनाव में इससे भाजपा को लाभ होगा। एदियुरप्पा ने पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को शिवसेना के साथ स्पष्ट बहुमत मिला है जबकि हरियाणा में भाजपा निर्दलीयों के साथ मिलकर सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, दो राज्यों (हरियाणा और महाराष्ट्र) में भाजपा उम्मीदों के अनुरूप सरकार बना रही है। किन्ही कारणों से हम (भाजपा) कुछ सीटों से पीछे हैं लेकिन इस चुनाव से एक बात साफ हो गई है कि कांग्रेस देश में जमीन खो रही है। यह पूछे जाने पर कि नतीजों का कर्नाटक उपचुनाव पर क्या असर पड़ेगा? एदियुरप्पा ने कहा कि ए नतीजे 15 सीटों के उपचुनाव जीतने में मददगार साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि 17 विधायकों को अयोग्य करार ठहराए जाने की वजह से 15 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। इन सीटों के निवर्तमान विधायकों के विश्वासमत के दौरान अनुस्थित होने की वजह से कांग्रेस जद(स) सरकार गिर गई थी और भाजपा के सत्ता में आने का रास्ता साफ हुआ था। इन सीटों पर पांच दिसंबर को चुनाव होने हैं। इस बीच, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में पाला बदलने वालों को मिली हार की पृष्ठभूमि में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक के आगामी उपचुनाव में दलबदलुओं का हश्र भी अन्य राज्यों की तरह ही होगा और मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को इस्तीफा देना होगा।



बेंगलुरु में कृषि मेला के उद्घाटन अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा

महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव नतीजों के बारे में सिद्धरमैया ने कहा कि दोनों राज्यों में भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि लोग नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति भरोसा खो रहे हैं। सिद्धरमैया ने कहा, इस चुनाव में मोदी ने कई रैलियों को संबोधित किया। उनका और पार्टी का करिश्मा काम नहीं आया। भाजपा सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर सबूत है कि जनादेश भाजपा के खिलाफ है। जद (स) नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने भी कहा कि नतीजों का असर कर्नाटक के लोगों पर होगा और राज्य की 15 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव भाजपा के लिए आसान नहीं होंगे।

**महाराष्ट्र चुनाव**

## एक पूर्व पुलिसकर्मी की जीत, तीन की हार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बृहस्पतिवार को भाजपा उम्मीदवार पूर्व पुलिस निरीक्षक राजेश पाडवी को जीत हासिल हुई जबकि तीन अन्य पूर्व पुलिस अधिकारियों को हार का सामना करना पड़ा। पाडवी ने 21 अक्टूबर को हुए चुनाव से कुछ दिन पहले इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे से पहले वह उपनगरीय अंधेरी पुलिस थाने में तैनात थे। उन्होंने उत्तरी महाराष्ट्र के अपने गृह जिले नंदुरबार की शहादा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। पाडवी ने कांग्रेस उम्मीदवार पदमाकर वाल्वी को 7,000 से अधिक मतों से हराया। इससे पहले 2014 के विधानसभा चुनाव में राजेश पाडवी के पिता उदयसिंह पाडवी ने भाजपा के टिकट पर ही वाल्वी को 719 मतों के बेहद कम अंतर से हराया था। चुनाव हारने वाले सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों में मुठभेड़ विशेषज्ञ शिवसेना उम्मीदवार प्रदीप शर्मा, पूर्व एसीपी शमशेर खान पठान, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक गौतम गायकवाड़ शामिल हैं।

# जम्मू-कश्मीर में पहले बीडीसी चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** में बृहस्पतिवार को पहली बार हुए प्रखंड विकास परिषद (बीडीसी) चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद पहली बार हो रहे चुनावों का कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीडीपी ने बहिष्कार किया है। कश्मीर संभाग के श्रीनगर में 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शैलेंद्र कुमार ने बताया, जम्मू-कश्मीर में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में 310 प्रखंडों में अध्यक्ष चुनने के लिए हुए बीडीसी चुनाव में।,092 प्रत्याशी मैदान में उतरे। इनमें से 27 उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बीडीसी अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए हुए चुनाव में 26,629 मतदाता हैं जिनमें 8,313 महिलाएं और 18,316 पुरुष हैं। पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) में बीडीसी द्वितीय स्तर के संगठन हैं। पीआरआई में तीन स्तर गांव, ब्लॉक और जिला होते हैं। कुमार ने बताया कि कश्मीर क्षेत्र के 10 जिलों में मत प्रतिशत 93.65 प्रतिशत था और जम्मू क्षेत्र के दस जिलों में 99.4 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जो घाटी में सबसे अधिक है जबकि शोपियां और पुलवामा जिलों में क्रमश: 85.3 और 86.2 प्रतिशत मतदान हुआ। कुमार ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के रियासी में 99.7 प्रतिशत और जम्मू में 99.5 प्रतिशत मतदान हुआ। लद्दाख में 97.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक उम्मीदवार उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले (101) और सबसे कम चार उम्मीदवार दक्षिण कश्मीर के शोपियां में थे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 316 ब्लॉक हैं लेकिन चुनाव 310 में हुआ था।



बारामुला में मतदान के बाद अपनी ऊंगली पर लगी स्याही को दिखातीं महिलाएं

## 2जी घोटाला: सीबीआई ने ए राजा को बरी करने को चुनौती देने वाली अपनी अपील पर दलीलें शुरू कीं

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2जी घोटाला मामले में पूर्व केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ए राजा को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर अपनी अपील पर बृहस्पतिवार को दलीलें शुरू कीं। न्यायमूर्ति बृजेश सेठी ने दलीलों का एक हिस्सा सुनने के बाद मामले को एक नवंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल (एएसजी) संजय जैन ने इस मामले में दायर प्राथमिकी और आरोप पत्र की सामग्री पढ़ी। आरोप पत्र में सरकारी अधिकारियों, निजी कंपनियों और व्यक्तियों के बीच स्पेक्ट्रम लाइसेंस के अनुकूल आवंटन को लेकर कथित आपराधिक साजिश का विवरण है। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने 2जी घोटाला भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में सभी व्यक्तियों और कंपनियों को निचली अदालत द्वारा बरी किए जाने को चुनौती दी है। एक विशेष अदालत ने 21 दिसंबर 2017 को घोटाले से संबंधित सीबीआई और ईडी के मामलों में राजा, द्रमुक सांसद कनीमोझी और अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था।

# कर्नाटक विस अध्यक्ष ने न्यायालय से कहा, अयोग्य विधायकों के मामले में नए सिरे से सुनवाई को तैयार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** विधान सभा के अध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि उन्हें पूर्व अध्यक्ष के आर रमेश कुमार द्वारा अयोग्य करार दिए गए 17 विधायकों के मामले में नए सिरे से विचार करने में कोई दिक्कत नहीं है। विधान सभा के तत्कालीन अध्यक्ष रमेश कुमार ने 17 विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था जिसकी परिणति एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस-जद(एस) गठंधन सरकार के पतन के रूप में हुई थी। सदन में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहने पर कुमारस्वमी ने इस्तीफा दे दिया था और इस घटनाक्रम ने भाजपा के बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व में राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ कर दिया था।

विधान सभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ से संविधान के प्रावधानों के तहत कानून निर्माताओं को इस्तीफा देने का अधिकार है और अध्यक्ष को इसे स्वीकार करना चाहिए। इस समय वी हेगड़े कागेरी विधान सभा के अध्यक्ष हैं। मेहता ने कहा, हमें उन सभी का (अयोग्य विधायकों) पक्ष सुनने और नए सिरे से गौर करने में कोई दिक्कत नहीं है। मेहता ने पीठ से कहा, संविधान के प्रावधान के तहत विधायक को त्यागपत्र देने का अधिकार है। अनुच्छेद 190 (3) के अलावा त्यागपत्र अस्वीकार करने की कोई गुंजाइश नहीं है। अनुच्छेद 190 (3) में प्रावधान है कि विधान सभा के अध्यक्ष या सभापति को सिर्फ यह सुनिश्चित करना है कि क्या सदस्य ने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया है और वह सही है और यदि नहीं, वह ऐसे त्यागपत्र स्वीकार नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत विधान सभा से त्यागपत्र देने वाले 17 विधायकों को अयोग्य घोषित करने के तत्कालीन अध्यक्ष रमेश कुमार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने पीठ के समक्ष यह सवाल उठाया कि यदि अयोग्यता के लिए आवेदन से पता चलता है कि विधायक का इस्तीफा सही नहीं है तो वह इसको नजरअंदाज कर सकता है। धवन ने कहा कि अध्यक्ष को इस तरह के त्यागपत्र की मंशा की तह में जाने का अधिकार है। कर्नाटक के 17 अयोग्य विधायकों में से कुछ की ओर से बुधवार को न्यायालय में दलील दी गई कि विधान सभा की सदस्यता से इस्तीफा देने का उनका अजेय अधिकार है और तत्कालीन अध्यक्ष के आर रमेश कुमार द्वारा उन्हें अयोग्य करार देने का फैसला दुर्भावनापूर्ण है और इसमें प्रतिशोध की बू आती है।

## मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, लाखों रुपए के मादक पदार्थ बरामद

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों पर बड़ी कार्वाई करते हुए शहर के कई स्थानों पर दबिश दी और नशीले एवं मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 93 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा शहर के 100 स्थानों पर की गई इस कार्वाई में करीब 25 लाख रूपए कीमत का लगभग 150 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा, चरस, स्मैक, अफीम, डोडा चूरा बरामद किया गया है एवं भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। जयपुर पुलिस आयुक्त आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग एक माह तक प्रत्एक थाना क्षेत्र में अलग- अलग स्रोतों से मादक पदार्थ तस्करी व बिक्री में संलिप्त आपराधिक तत्वों को चिन्हित किया गया। जयपुर शहर को ड्रग्स से मुक्ति दिलाने के लिए तथा ड्रग्स फ्री जयपुर का लक्ष्य हासिल करने के लिए आपरेशन क्लीन स्वीप शुरू कर शहर के विभिन्न हिस्सों से 93 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# तेलंगाना उप चुनाव में हुजूरनगर सीट पर टीआरएस की जीत

**एजेंसी।** हैदराबाद

**तेलंगाना में** सत्ताधारी दल तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने 21 अक्टूबर को हुजूरनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में गुरुवार को जीत दर्ज की। टीआरएस ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की एन पद्मावती रेड्डी पर यह जीत 43 हजार मतों से दर्ज की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार टीआरएस के प्रत्याशी एस सैदी रेड्डी को।,13,095 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी को 69,737 वोट मिले। रेड्डी ने अपनी जीत पर विश्वास जताते हुए इसका श्रेय पार्टी अध्यक्ष को दिया है। उप चुनाव में पड़े वोटों की गिनती सवेरे 8 बजे शुरू हुई। कांग्रेस के एन उत्तम कुमार रेड्डी के लोकसभा पहुँचने के बाद विधानसभा सीट खाली होने से हुजूरनगर में उप चुनाव कराना पड़ा। मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने जनता को धन्यवाद देते हुए इस जीत को राज्य सरकार के लिए टॉनिक बताया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं लगता कि यह वोट ऐसे ही दिया गया है। जनता ने काफी सोच समझ कर वोट दिया है। राव ने कहा, बहुत सी शंकाएं, विवाद और गलतफहमी रही है। इस जीत से कोई सत्ता परिवर्तन नहीं होने जा रहा लेकिन सरकार के लिए यह टॉनिक का काम जरूर करेगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने टीआरएस के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाया। उन्होंने पार्टियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के साथ भूमिका बदल सकती है लेकिन दलों का रवैया तेलंगाना को कोसने वाला नहीं होना चाहिए बल्कि उसके पुनर्निर्माण का ध्यान रखना चाहिए। टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री केटी रामा राव ने ट्वीट किया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ बड़ी जीत हासिल हुई है, वह भी मुख्यमंत्री द्वारा प्रचार किए बिना। सैदी रेड्डी और पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई। हुजूरनगर के लोगों को यह दिखाने के लिए धन्यवाद कि तेलंगाना के चंद्रशेखर राव के साथ है।

## महिला ने अपने दो बच्चों को मारने के बाद आत्महत्या की

**टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश)।** टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर पृथ्वीपुर थाना अंतर्गत सिया गांव में एक महिला ने पारिवारिक कलह के चलते बृहस्पतिवार दोपहर अपने दो मासूम बच्चों को कथित तौर पर फांसी लगाने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पृथ्वीपुर के थाना प्रभारी मृगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सावित्री यादव (25) ने अपने दो बच्चों शोभराज (तीन) एवं सोम (सात महीने) को अपने घर के कमरे के फांसी पर लटका दिया और बाद में खुद भी उस कुंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पारिवारिक कलह के चलते सावित्री तनाव में रहती थी। त्रिपाठी ने बताया कि घटना के वक्त उसका पति उपेन्द्र यादव अपनी दुकान पर था, जबकि उसके सासु-ससुर खेत पर काम करने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

# मसौदा समझौते के चलते नगाओं के लिए अलग झंडा, संविधान की मांग: नगा होहो

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सभी नगा** जनजातीय समूहों के शीर्ष संगठन नगा होहो ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि एनएससीएन-आईएम ने एक मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर के आधार पर अलग झंडा और संविधान की मांग की।

नगा होहो ने दावा किया कि इस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संगठन ने केंद्र के वार्ताकार के साथ 2015 में हस्ताक्षर किए थे। नगा होहो के प्रमुख एच. के. झीमोमी ने यह भी कहा कि जब तक कोई करिश्मा नहीं होता, एनएससीएन-आईएम के शीर्ष नेतृत्व और केंद्र के वार्ताकार एवं नगालैंड के राज्यपाल आर एन रवि के बीच मौजूदा दौर की वार्ता का कोई नतीजा निकलने की संभावना नहीं है। उन्होंने नगालैंड से फोन पर बातचीत में पीटीआई भाषा से कहा, नगाओं के लिए अलग झंडा और संविधान की मांग 2015 के मसौदा समझौते के आधार पर की गई। समझौते में स्वीकार किया गया है कि दो अलग इकाइयां हैं। दोनों ही सह-अस्तित्व रख सकती हैं। यही कारण है कि हमने मांग की कि मसौदा समझौते को प्रकाशित किया जाना चाहिए। तब हर चीज साफ हो जाएगी। मसौदा समझौते पर तीन अगस्त 2015 को एनएससीएन-आईएम महासचिव टी मुवैया और वार्ताकार रवि ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए थे। गौरतलब है कि 18 अगस्त को रवि ने कहा था कि केंद्र सरकार नगा शांति प्रक्रिया बगैर देर किए संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने यह भी कहा था कि बंदूक के साए में अंतहीन वार्ता स्वीकार्य नहीं है। नगा होहो प्रमुख ने कहा, ऐतिहासिक रूप से कश्मीरी भारतीय हैं लेकिन नगा बस नगा हैं और नगाओं को ब्रिटिश भारत का हिस्सा बनने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार को समझौते को पूरा करने के लिए बलप्रयोग नहीं करना चाहिए और नगा अपने अधिकार नहीं छोड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि 18 साल चली 80 दौर की बातचीत के बाद मसौदा समझौता हुआ था।

# चार जिलों के सिपाहियों से वजन और मोटापे की जानकारी मांगी

**बीकानेर।** राजस्थान पुलिस प्रशासन ने राज्य के चार जिलों में कार्यरत पुलिसकर्मियों से वजन, सीने की माप और पेट का घेराव की जानकारी देने का निर्देश जारी किया है। बीकानेर रेंज के उपमहानिरीक्षक ने इस संबंध में बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ और श्रीगंगानगर जिले के पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र जारी कर यह जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीकानेर रेंज के उपमहानिरीक्षक जोस मोहन ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य कार्य में कुशलता बढाने के लिए ऐसे लोगों की पहचान करना है जिनके शरीर की बनावट औसत मापदंडों से अधिक है ताकि उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और सुडौल शरीर बनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चारों पुलिस अधीक्षकों को अपने अपने जिलों में कार्यारत पुलिसकर्मियों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है। रैंज उपमहानिरीक्षक के पत्र की अनुपालना में बीकानेर के पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, वृत्ताधिकारियों और अन्य अधिकारियों को उनके अधीन कार्यरत पुलिस कर्मियों संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# देश की जनता में भाजपा को लेकर निराशा की लहर है : कमलनाथ

● कमलनाथ ने बताया, भाजपा देश का ध्यान मोड़ने की चेष्टाएं करती है, लेकिन उसका पर्दाफाश झाबुआ, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में हुआ है



**एजेंसी।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा एवं मध्यप्रदेश के झाबुआ विधानसभा सीट पर बृहस्पतिवार को आए चुनाव परिणाम बताते हैं कि देश की जनता में भाजपा को लेकर निराशा की लहर है।

झाबुआ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को मिली विजय पर कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से कहा, झाबुआ की जीत बताती है कि लोगों का कांग्रेस पर विश्वास कायम है। झाबुआ के नतीजे बताते हैं कि जनता भाजपा से निराश है। न केवल झाबुआ में भाजपा के प्रति निराशा की लहर है, बल्कि देश की जनता में भी भाजपा को लेकर निराशा है। उन्होंने कहा, कुछ महीने पहले ही लोकसभा का चुनाव हुआ। उसकी तुलना में आज जो परिणाम आए हैं, वह स्पष्ट करते हैं कि देश के मतदाता यह अहसास कर रहे हैं कि वे भाजपा के राज-काज से निराश हैं।

कमलनाथ ने बताया, भाजपा देश का ध्यान मोड़ने की चेष्टाएं करती है, लेकिन उसका पर्दाफाश झाबुआ, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में हुआ है। उन्होंने कहा कि चार-पांच माह पूर्व महाराष्ट्र एवं हरियाणा में लोकसभा चुनाव में भाजपा जितने अधिक अंतर से जीती थी, आज उसके उलट उतने ही अंतर से हार गई। यह परिणाम बता रहा है कि जनता को गलती का अहसास हुआ। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि (हमारे पक्ष में) ऐसे परिणाम आएंगे। हमारी उम्मीदों से बेहतर परिणाम आए हैं।

कमलनाथ ने कहा कि ए चुनाव परिणाम बताते हैं कि देश की जनता भाजपा की दुर्भावना की राजनीति को पहचानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने कभी राष्ट्रवाद, कभी अनुच्छेद 370 और कभी पाकिस्तान की बात करके लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से हटाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्दे मोदी की सरकार ने कभी नौजवानों की रोजगार की बात नहीं की, किसानों की बात नहीं की, व्यापारियों के हित के बारे में नहीं बोला।

कमलनाथ ने कहा कि आज देश में मंदी का दौर है, लेकिन मध्यप्रदेश इससे अछूता है। मंदी का बहुत बड़ा कारण है कि लोगों की आशाएं केन्द्र सरकार से समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं है, इसलिए यहाँ मंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश का पूरा बैंकिंग सिस्टम ठप है। इन सब असफलताओं का अहसास देश की जनता को हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जनता ने वहां पर भाजपा को नकार दिया है। उन्हें अपनी यह हार स्वीकार करनी चाहिए।



असम के राष्ट्रीय रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) में सभी हिंदुओं को शामिल करने और असम में सभी हिंदुओं की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर हिंदू समति के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में असम भवन के सामने किया प्रदर्शन

## क्विक न्यूज

### ओयो होटल जापान अप्रैल 2020 तक 50 नए होटल जोड़ेगी

**नई दिल्ली।** होटल नेटवर्क कंपनी ओयो ने बृहस्पतिवार को कहा कि जापान मे उसका संयुक्त उद्यम अप्रैल 2020 तक अपनी विस्तार योजनाओं के तहत 50 और होटल जोड़ने की योजना बना रहा है। ओयो होटल्स जापान, ओयो और सॉफ्टबैक ग्रुप के बीच एक संयुक्त उद्यम है जिसके मौजूदा समय में वहां 100 होटल है। इसने अप्रैल में अपना परिचालन शुरू किया था। ओयो होटल्स जापान ने अप्रैल 2020 तक आओमोरी, असाहिकावा, फूकेकी और अन्य शहरों में 50 और होटल जोड़ने की योजना बनाई है। ओयो होटल्स एंड होम्स के संस्थापक और सीईओ (ग्रुप) रितेश अग्रवाल ने कहा, हम जापान और दुनिया भर में प्रभावी विकास के लिए निवेश करना जारी रखेंगे। ओयो होटल्स एंड होम्स के पोर्टफोलियो में फिलहाल 35,000 से अधिक होटल और छुट्‌टी मनाने वालों की सुविधा वाले 1,25,000 आवास शामिल है।

### भारत ने जम्मू कश्मीर में लोगों की सुरक्षा पर अमेरिकी सांसदों के सवाल पूछने को खेदजनक बताया

**नई दिल्ली।** भारत ने कुछ अमेरिकी सांसदो द्वारा संसदीय सुनवाई के दौरन जम्मू कश्मीर में में लोगों की सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में सवाल पूछे जाने को बृहस्पतिवार को खेदजनक करार दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि कश्मीर के बारे में अमेरिकी संसद की सुनवाई इस बात की झलक देती है कि भारत में लोकतांत्रिक संस्थानों के पुख्ता कामकाज के बारे में (उनकी) समझ में कमी है। उन्होने कहा कि भारत सरकार जम्मू कश्मीर के लोगो की सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जवाबदेह बनी हुई है। कुमार ने कहा, हम कश्मीर मे स्थिति के बारे में अमेरिका सरकार को नियमित तौर पर अद्यतन (जानकारी देते) करते रहे हैं। अमेरिकी संसद की दक्षिण एशिया में मानवाधिकार : विदेश विभाग के एवं क्षेत्र के विचार विषय पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान कुछ अमेरिकी सांसदो ने जम्मू कश्मीर मे आवाजाही एवं संचार माध्यमों पर लगाई गई पाबंदी पर चिंता व्यक्त की।

### बसपा ने पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष को निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने महाराष्ट्र मे पार्टी की हार के लिए प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेश साखरे की पार्टी विरोधी गतिविधियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हे पार्टी से निष्कासित कर दिया। बसपा के महाराष्ट्र के प्रभारी अशोक सिद्धार्थ की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति मे कहा गया है कि साखरे ने पूरे राज्य मे चुनाव प्रचार करने के बजाय पार्टी नेतृत्व की इच्छा के विपरीत खुद नागपुर उत्तर सीट से चुनाव लड़ा और बुरी तरह से पराजित भी हुए। इससे चुनाव मे पार्टी को भारी क्षति उठानी पड़ी। बयान मे सिद्धार्थ ने साखरे पर चुनाव मे अन्य विपक्षी दलो के साथ मिले होने के आरोपो का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होने बसपा के जनाधार वाली सीटों पर भी अन्य दलो से सांठगांठ कर कमजोर प्रत्याशियों को उम्मीदवार बनाया। सिद्धार्थ ने कहा कि पार्टी की केन्द्रीय इकाई के निर्देश पर साखरे को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने मे नाकाम रहने और विरोधी दलो से मिलीभगत मे संलिप्त पाए जाने के आरोप मे बसपा से निष्कासित किया गया है।

# डिलीवरी ब्वाय के मुस्लिम होने के कारण ग्राहक ने खाना लेने से किया इंकार

**एजेंसी।** हैदराबाद

**हैदराबाद** में एक ऐप के डिलीवरी ब्वाय के मुस्लिम होने के कारण खाना लेने से कथित तौर पर इंकार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज की है।

पुलिस इंस्पेक्टर पी. श्रीनिवास ने कहा कि स्विगी के कर्मचारी मुदस्सिर सुलेमान ने बुधवार को एक शिकायत की थी। इसमें उसने कहा था कि एक ग्राहक ने आर्डर करने के बाद खाना लेने से इसलिए इंकार कर दिया क्योंकि डिलीवरी ब्वॉय मुस्लिम था। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हमलोग उपभोक्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर रहे हैं और जल्द प्राथमिकी दर्ज कर ली जाएगी। इस बीच डिलीवरी ब्वॉय ने मामला एक मुस्लिम संगठन मजलिस बचाओ तहरीक के अध्यक्ष अमजद उल्ला खान के सामने उठाया, जिन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर मामले को पोस्ट किया। उन्होंने बताया, उपभोक्ता ने चिकेन-65 का ऑर्डर दिया था और हिंदू डिलीवरी ब्वॉय भेजने का अनुरोध किया था लेकिन स्विगी ने डिलीवरी पार्सल मुस्लिम लड़के के हाथ भेज दिया जिसके बाद उपभोक्ता ने पार्सल लेने से इनकार कर दिया। संपर्क किए जाने पर स्विगी ने एक बयान में कहा, हमलोग विविधता को स्वीकार करते हैं और हर तरह के विचार का आदर करते हैं। जगह और उपलब्धता के आधार पर हर ऑर्डर स्वत: डिलीवरी एक्जेक्यूटिव को मिल जाता है। ऑर्डर किसी व्यक्ति की प्राथमिकता के आधार पर नहीं दिया जाता है। एक संगठन के तौर पर हमलोग अपने सहयोगियों और उपभोक्ताओं के बीच किसी आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं।

बहरहाल खाने का ऑर्डर स्वीकार नहीं करने वाले उपभोक्ता से संपर्क नहीं हो सका। खान ने बताया कि दिलचस्प है कि खाने का ऑर्डर जिस रेस्त्रां से भेजा गया था वह भी कोई मुस्लिम ही चलाता है। मध्यप्रदेश में एक अन्य फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के साथ हुए ऐसे ही मामले के करीब एक महीना बाद यह घटना सामने आई है। जोमैटो के एक उपभोक्ता ने खाने का ऑर्डर इसलिए नहीं लिया था क्योंकि उसे कोई गैर-हिंदू लेकर आया था। हालांकि कंपनी ने उसकी शिकायत का समाधान करने से यह कहकर इनकार कर दिया था कि खाने का कोई धर्म नहीं होता। किसी अन्य डिलीवरी ब्वॉय को भेजने के उसके अनुरोध पर जोमैटो ने ट्वीट किया : खाने का कोई धर्म नहीं होता।

### केंद्र ने उच्च न्यायालय से कहा, इंडियाबुल्स समूह के खिलाफ शिकायतों की जांच कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि उसके इंडियाबुल्स ग्रुप आफ कंपनीज के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं जिनकी जांच की जा रही है। मंत्रालय ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ के समक्ष दायर हलफनामे में कहा कि इंडियाबुल्स वेंचर लि. (आईबीवीएल), इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लि. (आईबीएचएफएल) और इंडियाबुल्स रियल एस्टेट्स लि. (आईबीआरईएल) की जांच चल रही है। सरकार ने कहा कि आईबीवीएल और आईबीएचएफएल के बारे में जांच रिपोर्ट अक्टूबर के अंत तक और आईबीआरईएल पर रिपोर्ट नवंबर के अंत तक तैयार हो जाएगी। एनजीओ सिटिजंस व्हिसलब्लोअर फोरम ने आईबीएचएफएल में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। मंत्रालय ने इसी पर हलफनामा दायर किया है। केंद्र और आईबीएचएफएल को इस मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद कंपनी ने एक अपील दायर कर आरोप लगाया था कि एनजीओ और उसके एक सदस्य अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने जनहित याचिका में गलत जानकारी दी है। अलग से दायर एक अपील में कंपनी ने इस नोटिस को वापस लेने का आग्रह किया था।

# चिदंबरम को 30 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेजा

**आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामला:**

● विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने प्रवर्तन निदेशालय को चिदंबरम से पूछताछ की अनुमति दी और कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जटिलता के मामले में उन्हें तुरन्त एम्स ले जाया जाए



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को 30 अक्टूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को चिदंबरम से पूछताछ की अनुमति दी और कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जटिलता के मामले में उन्हें तुरन्त एम्स ले जाया जाए। अदालत ने कहा कि उनकी हिरासत की अन्य शर्तें वही रहेंगी जिसमें उन्हें घर का बना खाना उपलब्ध कराया जाना भी शामिल है। जांच एजेंसी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता से पूछताछ के लिए उन्हें सात दिन की हिरासत में भेजे जाने का अदालत से अनुरोध किया था।

चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि चिदंबरम बहुत बीमार हैं और उन्होंने हैदराबाद में उपचार के लिए दो दिन की अंतरिम जमानत मांगी। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया और कहा कि यदि एजेंसी की जांच को रोका गया तो यह घोर अन्याय होगा। मेहता ने कहा कि दस्तावेजी सबूत सामने आया है जिससे चिदंबरम के धनशोधन से जुड़े होने का पता चलता है। विधि अधिकारी ने कहा कि चिदंबरम से और पूछताछ किए जाने की जरूरत है।

सिब्बल ने हालांकि कहा कि चिदंबरम को और हिरासत में भेजे जाने का कोई आधार नहीं है और एजेंसी इन दिनों गवाहों के साथ आसानी से चिदंबरम का सामना करा सकती थी। अदालत ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा अब तक चिदंबरम का गवाहों से सामना क्यों नहीं कराया गया, इस पर मेहता ने कहा कि ईडी उनका बयान दर्ज करना चाहती थी और इसके लिए एक समय सीमा थी। सिब्बल ने अदालत को बताया कि चिदंबरम बीमार है और वह तेज दर्द से पीड़ति है, इस पर मेहता ने कहा कि जब भी जरूरत हुई थी उनकी चिकित्सा जांच की गई। सिब्बल ने कहा कि चिदंबरम का इलाज हैदराबाद में उनके खुद के चिकित्सक द्वारा कराया जाना चाहिए। वापस आने के बाद वह जांच में सहयोग करेंगे। मेहता ने अदालत को बताया कि दिल्ली में पर्याप्त अच्छे चिकित्सक हैं और उनका यहां इलाज किया जा सकता है।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर (मध्य में) और मंत्री महिंदर सिंह और सुरेश भारद्वाज शिमला में गुरुवार को समर्थकों के साथ धर्मशाला और पचपद उपचुनाव में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए

# मोदी की सऊदी अरब यात्रा के दौरान भारत और खाड़ी देश के बीच होंगे अहम समझौते

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** और सऊदी अरब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार से शुरू हो रही खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा के दौरान तेल और गैस, नवीनीकरण ऊर्जा और नागरिक उड्डयन समेत विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने के लिए अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) टी एस तिरुमूर्ति ने कहा कि जिन अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे उनमें भारत-सऊदी अरब कूटनीतिक साझेदारी परिषद की शुरुआत करना, रुपे कार्ड शुरू करने पर समझौता ज्ञापन तथा दोनों देशों की ई-प्रवास प्रणाली के बीच समन्वय लाने पर अलग समझौता शामिल है। मोदी की यात्रा के बारे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष रक्षा तथा सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पहला नौसैन्य अभ्यास इस साल के अंत तक या अगले साल के आरंभ में होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी कश्मीर पर भारत के फैसलों के बारे में सऊदी अरब नेतृत्व को जानकारी देंगे, उन्होंने कहा कि रियाद ने घाटी में हाल के घटनाक्रमों पर सहमति जताई है। सीमा पार से आतंकवाद के बारे में तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत और सऊदी अरब दोनों की आतंकवाद को लेकर चिंताएं हैं जो फरवरी में वली अहद (उत्तराधिकारी) मोहम्मद बिन सलमान की यहां की यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान में दिखाई दी। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में प्रधानमंत्री सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सौद से मुलाकात करेंगे और वली अहद के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। मोदी सऊदी अरब के भावी निवेश पहल के तीसरे संस्करण को भी संबोधित करेंगे।

# सरकार ने ब्रू शरणार्थियों का रोका राशन, शरणार्थियों ने गोदाम लूटने की दी धमकी

● ब्रू शरणार्थियों के लिए प्रत्यर्पण प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है

**एजेंसी।** अगरतला/एजल

**केंद्र** सरकार ने शरणार्थी शिविरों में रह रहे ब्रू शरणार्थियों के लिए अक्टूबर महीने में राशन की आपूर्ति नहीं की है और न ही उन्हें आर्थिक सहायता मुहैया कराई है।

इस पर विस्थापित लोगों ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि उनके ऊपर भूखमरी का संकट मंडरा रहा है इसलिए वह गोदाम लूटेंगे। ब्रू शरणार्थियों के लिए प्रत्यर्पण प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है और इसलिए उनकी आर्थिक सहायता रोक दी गई है। उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर और पानीसागर में बने राहत शिविरों में 4,447 ब्रू विस्थापित परिवार रह रहे हैं, जिन्हें पड़ोसी राज्य मिजोरम भेजे जाने की योजना है। ब्रू 1997 में मिजोरम में जातीय हिंसा के बाद भागकर त्रिपुरा आ गए थे। कंचनपुर के उप संभागीय मजिस्ट्रेट अभेदानंद बैद्य ने बताया कि गृह मंत्रालय ने विस्थापित ब्रू लोगों की सभी सहायता राशि रोक दी है।

तीन ब्रू संगठनों ने उत्तरी त्रिपुरा जिले के मजिस्ट्रेट को बृहस्पतिवार को लिखा, अगले कुछ दिनों में भूख की वजह से कई लोगों की जान जाएगी क्योंकि राशन और सहायता राशि नहीं मिले हुए 24 दिन हो चुके हैं और जीवित रहने के लिए मुख्य सड़क को बंद करने, सरकारी गोदाम लूटने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक शिविर में रह रहे प्रत्एक व्यस्क ब्रू व्यक्ति को रोजाना 3.50 रुपए नकद और 600 ग्राम चावल मिलता है जबकि प्रत्एक नाबालिग को 2.50 रुपए नकद और 300 ग्राम चावल मिलता है। इसके अलावा प्रत्एक तीन साल पर उन्हें कपड़े मिलते हैं।

# इरादों के पक्के नेता शरद पवार, जिन्होंने राकांपा को दोबारा सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया

**एजेंसी।** मुंबई



**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं द्वारा पाला बदल लेने से चुनाव संभावनाओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंकाओं को नकारते हुए पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव के जरिए चुनाव में अच्छी संख्या में सीटें दिलाकर पार्टी को सम्माजनक स्थान दिलवाया।

चुनाव में उम्मीद की जा रही थी नतीजे एकतरफा होंगे और भाजपा-शिवसेना प्रचंड बहुमत हासिल करेंगे लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) गुरुवार को 53 सीटों पर जीत दर्ज करती दिख रही है जो शिवसेना से महज चार सीट कम है। यह आंकड़ा 2014 के 41 से कहीं बेहतर है। इसके साथ ही पवार ने गठबंधन के बड़े सहयोगी कांग्रेस के साथ का समीकरण भी बदल दिया है जो 46 सीटों आगे चल रही है। राकांपा की खुशी उस समय और बढ़ गई जब सातारा लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी श्रीनिवास पाटिल ने भाजपा के उदयराजे भोंसले को हराकर जीत दर्ज की। भोंसले राकांपा को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि राकांपा को अस्तित्व की लड़ाई से बाहर निकालने का श्रेय 79 वर्षीय क्षेत्रप शरद पवार को जाता है जो पांच दशक से राजनीति में हैं और उन्होंने एक बार फिर साबित किया कि वह राजनीति के मामले में विरोधियों से कहीं आगे हैं। उन्होंने कहा कि कई राकांपा नेता विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ दी थी लेकिन कभी हार नहीं मानने वाले पवार ने खुद कमान संभाली और निर्वाचन क्षेत्रों में घूम-घूम कर पार्टी को पुनर्जीवित किया। खराब स्वास्थ्य के बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा नेतृत्व से कृषि संकट एवं अनुच्छेद-370 जैसे अहम मुद्दों पर मोर्चा लिया।

राकांप प्रवक्ता संजय तटकरे ने कहा कि गुरुवार के नतीजे संकेत हैं कि पवार का करिश्मा अब भी बरकरार है। उन्होंने कहा, राकांपा 54 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है और कांग्रेस 2014 की स्थिति पर कायम है जबकि भाजपा-शिवसेना ने मिलकर 220 सीटों पर जीतने का दावा किया था। यह चुनाव शरद पवार की लड़ाई के लिए याद किया जाएगा। पवार अपने 52 साल के राजनीति करियर में रक्षामंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और महाराष्ट्र में तीन बार मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वह महाराष्ट्र विधानसभा और लोकसभा के सात-सात बार सदस्य रह चुके हैं।

पवार 1978 में उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंत पाटिल को अपदस्थ कर राज्य में जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई। तब वह 38 साल के थे और महाराष्ट्र के सबसे युवा मुख्यमंत्री थे।

# शीर्ष न्यायालय ने जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय से हिरासत से जुड़ी याचिका पर तेजी से फैसले को कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के बाद एक एनआरआई कारोबारी समेत हिरासत में लिए कुछ लोगों को उसके समक्ष पेश किए जाने के अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर तेजी से से आदेश पारित करने को कहा।

मलेशिया के एक प्रवासी भारतीय कारोबारी को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ उसकी पत्नी की याचिका पर सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने यह बात कही। उच्चतम न्यायालय को जानकारी दी गई थी कि उच्च न्यायालय ने अपने समक्ष लंबित एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि इस मामले में किसी व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता शामिल है, हम उच्च न्यायालय से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर तेजी से और कानून के अनुरूप उचित आदेश पारित करने का अनुरोध करते हैं।

पीठ में न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई भी शामिल है। पीठ ने उसके समक्ष लंबित मामले को उच्च न्यायालय का फैसला आने तक के लिए टाल दिया। शीर्ष न्यायालय मुबीन अहमद शाह की पत्नी आसिफा मुबीन की याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें अधिकारियों के हिरासत के सात अगस्त के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है।

# अपराध आंकड़ों पर सवाल

## अधूरी है एनसीआरबी की हालिया रिपोर्ट

**दुनिया** में देश तथा उसकी आंतरिक स्थिति समझने के लिए नागरिकों को व्यवस्थित व विश्वसनीय आंकड़ों की जरूरत होती है। आमतौर से अर्थव्यवस्था की स्थिति व प्रशासन की गुणवत्ता पर ज्यादा नजर रहती है। पिछले तीन दशकों से अपराध के आंकड़े एकत्र करने वाला एनसीआरबी इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। हालांकि, इसे सरकार की नजर में सटीक माना जाता है और यह नागरिक समाज संगठनों तथा मीडिया को सशक्त करता है, लेकिन हालिया वर्षों में इसकी कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। 1954 में प्रकाशन के बाद पहली बार रिपोर्ट में 2017 व 2018 के आंकड़े नहीं हैं। पुलिस के 2016 के आंकड़ों पर काम की मजबूरी से कोई संभावित या निवारक माडल नहीं विकसित हो सकते हैं। सामाजिक स्थितियों में परिवर्तन के कारण तुलनात्मक अध्ययन करने में भी कठिनाई है। एक साल बाद आंकड़े जारी होने पर पता चला कि 2017 की सूची बनाई गई है, पर 2018 के आंकड़े पूरी तरह गायब हैं। इसका अर्थ है कि रिपोर्ट अभी अधूरी है। हालांकि, रिपोर्ट में कुछ नए अध्याय शामिल करना स्वागत योग्य है, पर भीड़ की हिंसा, शक्तिशाली लोगों द्वारा कराई हत्याओं, खाप पंचायतों द्वारा हत्याओं के आदेश तथा धार्मिक कारणों से हुई हत्याओं को अंतिम दस्तावेज में स्थान नहीं मिला है। आश्चर्यजनक रूप से सरकार ने इन श्रेणियों में आंकड़े एकत्र करने में लगने वाले समय को एनसीआरबी रिपोर्ट जारी होने में विलंब का कारण बताया था। इससे भीड़ की हिंसा से निपटने में सरकार की इच्छाशक्ति पर गंभीर संदेह पैदा होते हैं। किसानों की आत्महत्याओं के 2016 के आंकड़े भी प्रकाशित नहीं किए गए हैं। देश में अधिकांश अपराधों की सही रिपोर्टिंग नहीं होती है, ऐसे में आंकड़ों की कमी से मामला और जटिल होता है। इससे अनावश्यक रूप से पूर्वाग्रह बढ़ सकते हैं।




उपलब्ध आंकड़े भी उत्साहवर्धक नहीं हैं और सरकार को कुछ अपराधों में वृद्धि पर आत्मावलोकन करना चाहिए। इसमें खासकर उत्तर प्रदेश में महिला-विरोधी हिंसा शामिल है। नोटबंदी के बाद नकली नोटों के मामलों में 77 प्रतिशत वृद्धि हुई है। हालांकि, 2016 की तुलना में 2017 में हिंसक अपराधों में थोड़ी कमी आई थी। 2016 में जहां हिंसा के 4.29 लाख मामले सामने आए थे, वहीं 2017 में इनकी गिनती 4.27 लाख थी। शहर को सुरक्षित बनाने के अनेक प्रयासों के बावजूद यह भारत की अपराध राजधानी के धब्बे से मुक्त नहीं हो पाया है। प्रति एक लाख जनसंख्या पर 2017 में औसतन 1,050 मामले दर्ज हुए थे, जबकि राष्ट्रीय औसत 238 है। इससे स्पष्ट है कि सड़कों पर सुरक्षा देने के लिए हमें अपने प्रयास दूने करने होंगे। ओडिशा, पश्चिम बंगाल व असम जैसे पूर्वी राज्यों में जघन्य अपराधों की संख्या तथा खासकर सबसे ज्यादा हत्यायें चिन्ता का विषय है। बंगाल में अपराधों की संख्या बहुत है और इसके बाद उत्तर प्रदेश का स्थान है। समस्या यह है कि अनेक एजेंसियां अपने-अपने तरीके से एनसीआरबी के लिए आंकड़े एकत्र करती हैं। एनसीआरबी द्वारा आंकड़ों के विश्लेषण के तरीके पर भी सवाल हैं क्योंकि यह जनसंख्या के पुराने आंकड़ों पर आधारित है। अपराध की दर निर्धारित करने की क्रियाविधि भी पिछले वर्षों में ठीक नहीं रही है। डिजिटल प्रगति की तमाम बातों के बावजूद अपराधों के आंकड़े अभी एक क्लिक पर उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को समझना चाहिए कि आंकड़े छिपाने या उनमें हेरफेर से कोई लाभ नहीं है, बल्कि नुकसान ही हो सकता है। ऐसा होने पर अंततः सरकार पर जनता का विश्वास घट सकता है।

# हम जीत सकते थे चीन से युद्ध!

### यदि नेहरू सरकार ने तिब्बत में चीनी सेना एकत्र होने के बारे में विंग कमांडर नाथ की चेतावनी पर गौर किया होता तो चीन के साथ युद्ध जीत सकते थे। ऐसे में भारत की सोच पर एक बदनुमा धब्बा न होता।



**क्लॉड अर्पी**
(लेखक भारत-चीन संबंधों के विशेषज्ञ हैं)



**भा**रतीय वायुसेना के विंग कमांडर जग मोहन नाथ-जग्गी ऐसे 6 भारतीय सैनिक अधिकारियों में प्रथम हैं जिनको दो बार भारत के दूसरे सर्वोच्च युद्धकालीन सैनिक सम्मान महावीर चक्र-एमवीसी से पुरस्कृत किया गया। 90 वर्षीय विंग कमांडर ने 11 साल प्रख्यात कैनबरा विमान उड़ाए जिनमें से 8 साल वे अत्यन्त गोपनीय 106 स्क्वार्डन में काम करते थे। उनको 1960 से 1962 के बीच अक्साईचिन व तिब्बत पर जासूसी उड़ानों में भूमिका निभाने पर पहला एमवीसी सम्मान मिला।

अक्टूबर-नवंबर 1962 में चीन-भारत युद्ध के दौरान भी उन्होंने नियमित रूप से तिब्बत पर उड़ान भरी। एमवीसी के सम्मान पत्र में कहा गया है, 'उन्होंने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों पर उड़ान भरने के दौरान अनेक खतरनाक अभियान पूरे किए। उन्होंने खराब मौसम में दिन व रात में उड़ान भर कर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी चिन्ता नहीं की।' उनके मिशनों ने 1962 युद्ध के पहले तिब्बती पठारों पर चीनी सैनिक उपस्थिति में बढ़ोत्तरी पर असाधारण लाभदायक जानकारी मिली। लेकिन दुर्भाग्य से देश के राजनेताओं ने इन उड़ानों के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण प्रमाणों पर विश्वास नहीं किया तथा इनसे प्राप्त सूचनाओं पर तार्किक नतीजे नहीं निकाले।

जग मोहन नाथ ने नतीजा निकाला था कि 1962 में तिब्बत में चीन के पास वायुसेना नाम की कोई चीज नहीं थी। यदि भारत ने अपनी वायुसेना का प्रयोग किया होता तो चीन-भारत युद्ध का नतीजा पूर्णतः अलग हो सकता था। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व रक्षा मंत्री वीके कृष्ण मेनन ने इस साहसी वायुसैनिक द्वारा निकाले नतीजों को अनदेखा किया।

एक साक्षात्कार में विंग कमांडर ने इस लेखक को बताया, 'यदि हमने तिब्बत में कुछ विमान भेजे होते तो हम चीनियों का सफाया कर सकते थे और तब 1962 के युद्ध में सारी चीजें एकदम अलग हो सकती थीं। लेकिन राजनेताओं को विश्वास नहीं था कि चीन के पास कोई वायुसेना नहीं है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि यदि हमने उस समय भारतीय वायुसेना का प्रयोग किया होता तो क्या नतीजे निकलते? इसके बाद चीनी कभी कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते थे।' यह भारत के आधुनिक इतिहास की एक सबसे बड़ी त्रासदी है। विंग कमांडर याद करते हैं कि '106 स्क्वार्डन का काम इन क्षेत्रों का सर्वेक्षण करना था।' अक्साईचिन पर 106 स्क्वार्डन की पहली जासूसी उड़ान की याद करते हुए वे बताते हैं, 'मेरे कमांडिग आफिसर तथा बाद में एयर मार्शल बने रणधीर सिंह उस समय छुट्टी पर थे। मैं अकेला था। मुझे पश्चिमी एयर कमांड ने जाने के आदेश दिए तथा उस स्थान के फोटो लेने को कहा जहां से चीनी आ रहे थे।'

1960 के अंत में भारतीय वायुसेना के तत्कालीन उप-प्रमुख एयर वाइस मार्शल डीएआर नंदा ने मुझसे कहा, 'तुम जा कर फोटो लो और मैं तुम्हारे लिए इस्कोर्ट भेजूंगा।' एक और कैनबरा ने नाथ को सुरक्षा दी जो लद्दाख में अक्साईचिन के किनारे दौलत बेग ओल्डी में फोटो ले रहे थे।

इस घटना के लगभग 60 साल बाद वे अब भी भावनात्मक रूप से बताते हैं, 'मैं नीचे आ रहा था और अचानक मुझे चीनी दिखाई दिए। मैंने वहां चीनी सैनिकों के फोटो लिए। मैं उनके पोर्टेट भी बना सकता था। वे वहां चारों ओर थे।' दिल्ली वापस आने के बाद वे नंदा के साथ सीधे कृष्ण मेनन के कार्यालय गए। उन्होंने बताया, 'कृष्ण मेनन ने कुछ नहीं पूछा, उन्होंने केवल यह कहा क्या तुमने चीनी सैनिक देखे? मेरा जवाब था, हां श्रीमान मैंने उनको देखा। इसके बाद उन्होंने कहा, ठीक है तुम जा सकते हो।' नाथ जानते थे कि मेनन ने बाद में यह सूचना नेहरू को दी। लेकिन इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। 8 सितंबर, 1962 को तवांग सेक्टर में ढोला चौकी को लगभग 600 चीनी सैनिकों ने घेर लिया और भारतीय सेना ने आक्रामक कार्रवाई की। 6 सप्ताह बाद माओ की लिबरेशन आर्मी ने नामखा चू में 7 तोपखाना ब्रिगेड के मुख्यालय पर बड़ा हमला बोला। इसके बाद हुई पराजय से सभी परिचित हैं। लेकिन यह जानकारी किसी को नहीं है कि भारतीय वायुसेना ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए की तैनाती और तिब्बत में चीनी वायुसेना की अनुपस्थिति के बारे में क्या बताया था। 11 अक्टूबर, 1962 को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय ने चीन में भारतीय दूतावास को एक टिप्पणी सौंपी। इसमें युद्ध के पहले और युद्ध के दौरान 106 स्क्वार्डन द्वारा किए जासूसी काम के बारे में कहा गया था। चीन की टिप्पणी में कहा गया था, '10 अक्टूबर, 1962 को एक भारतीय विमान ने चीनी वायु क्षेत्र का उल्लंघन ल्हासा में जासूसी के लिए 20.15 बजे किया और इसके बाद वह चिंघाई-तिब्बत राजमार्ग की ओर डैमशून में उड़ा। वहां उसने चीनी हवाईअड्डे की जासूसी की और भारत की ओर उड़ गया।' उस समय चीन तिब्बत में ल्हासा के उत्तर में डैमशून हवाईअड्डे का प्रयोग करता था जिसकी कोई हवाई बचाव प्रणाली नहीं थी।

चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई टिप्पणी में कहा गया था, 'चीन में भारतीय विमान की गहराई तक घुसपैठ तथा तिब्बत के हवाईअड्डे व राजधानी शहर पर उसकी उड़ान निश्चित रूप से चीन-भारत सीमा के पूर्वी क्षेत्र में आक्रामक भारतीय सेनाओं के समन्वय से हुई थी। चीन सरकार भारतीय पक्ष को चेतावनी देती है कि वह ऐसी लगातार बढ़ रही आक्रामक गतिविधियों के गंभीर परिणामों पर विचार करे।'

इसका क्या नतीजा निकलता है? चीन के पास कोई ऐसी वायुसेना नहीं थी जो भारतीय जासूसी उड़ानों का मुकाबला कर सके तथा उसके पास कोई ऐसी हवाई रक्षा प्रणाली नहीं थी जो विमानों को गिरा सके। यदि भारत ने अपनी वायुसेना का व्यापक प्रयोग किया होता तो नतीजे किस प्रकार अलग हो सकते थे? ऐसे में हम संभवतः 1962 की लड़ाई जीत सकते थे।

यह कल्पना भी की जा सकती है कि ऐसी स्थिति में भारतीय पक्ष में हताहतों की संख्या कम और चीनी पक्ष में ज्यादा होती। इसके साथ ही तिब्बत में सात महीने उत्पीड़न झेलने वाले भारतीय युद्धबंदियों की संख्या बहुत कम होती। ऐसे में वास्तविक नियंत्रण रेखा सितंबर, 1959 की स्थिति में बनी रहती और चीन के साथ सीमा विवाद वर्तमान समय की तरह तीखा नहीं होता। ऐसे में पाकिस्तान 1963 में शक्सगाम घाटी चीन को न सौंप देता। इस प्रकार भारत की सोच पर वह बदनुमा धब्बा न होता जैसा आज बना हुआ है।

इस स्थिति में तिब्बती जनता का भाग्य निश्चित रूप से आज की तुलना में अलग होता। चीन में माओत्से तुंग का पद छिन सकता था तथा शायद तीन साल बाद हुई सांस्कृतिक क्रांति भी न होती। इसके परिणामस्वरूप चीन आज की तुलना में एकदम अलग होता।

ऐसे में 1965 में पाकिस्तान आपरेशन जिबराल्टर करने के पहले दो बार सोचता जब उसने जम्मू कश्मीर में भारतीय शासन के खिलाफ विद्रोह को हवा दी थी। इस आपरेशन का परिणाम 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध था। तीन साल बाद भारत ने यह सबक सीखा कि भारतीय वायुसेना लाभदायक हो सकती है और उस समय ज्यादा निर्णायक भारतीय वायुसेना प्रमुख मार्शल अर्जुन सिंह थे। जग मोहन नाथ को इसी समय दूसरे महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहास को पुनः नहीं लिखा जा सकता है।

# शेयर बाजार में प्रत्यक्ष निवेश के बेहतर विकल्प

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



**बीते** वर्षों के दौरान प्रत्यक्ष धारिता निवेश के बेहतर विकल्प के तौर पर म्यूचुअल फंडों का प्रचलन बहुत ज्यादा हो गया है। भारत में म्यूचुअल फंड संघ (एएमएफआई) के अनुसार, भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) सितम्बर 2009 में 6.28 खरब से बढ़कर सितम्बर 2019 में 24.51 खरब हो गया, जो एक दशक में होने वाली चौगुनी वृद्धि है। इस पर निर्भर करते हुए कि पैसा किस तरह निवेशित किया जा रहा है, परिसंपत्ति, वर्ग, संरचना एवं निवेश के ध्येय पर आधारित भारतीय म्यूचुअल फंड की विभिन्न श्रेणियां होती हैं। परिसंपत्ति वर्ग के आधार पर, भारतीय म्यूचुअल फंड निम्नलिखित प्रकार के होते हैं :

***धारिता निधि :*** यहां धन का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा सूचीबद्ध फर्मों के स्टाकों में निवेश किया जाता है। धारिता निधि का वर्गीकरण आगे अवसंरचना निधि, आईटी निधि जैसे सेक्टरों में किया जा सकता है, तथा कम्पनी के आकार के आधार पर यथा लार्ज कैप, मिड कैप, उद्देश्य के आधार पर यथा धारिता संबद्ध बचत योजनाओं में जो टैक्स में बचत का लाभ देती हैं, सूचकांक निधि के माध्यम से सूचकांक का पता लगाकर, अथवा निधियों की निधि (एफओएफ) जो अन्य भारतीय म्यूचुअल फंडों में निवेश करते हैं।

***कर्ज निधियां :*** यहां अधिसंख्य निवेश सरकारी बांडों, फर्म डिबेंचरों एवं अन्य सावधि आय परिसंपत्तियों जैसे कर्ज के उपकरणों में किए जाते हैं।

***मिश्रित/संतुलित निधियां :*** ये धारिता के परिसंपत्ति वर्गों एवं ऋण के उपकरणों दोनों में धारिता के अनुपात एवं विभिन्न निधियों में बदलते ऋण के साथ निवेश करते हैं। एक संतुलित निधि 60 प्रतिशत धारिताओं में और शेष 40 प्रतिशत ऋण में निवेशित किए जा सकती है।

***धन बाजार निधियां :*** ये उन पैसा बाजारों में निवेश करती हैं जो अल्पकालीन प्रकृति के होते हें और अत्यधिक तरल तथा अधिकतर कम्पनियों द्वारा अपनी निरर्थक नकदी को जमा करने के लिए पसंद किए जाते हैं और बड़ी संस्थाओं व सरकार के द्वारा अपने अल्पकालीन निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयुक्त होते हैं।

म्यूचुअल फंड को खुले छोर व बंद छोर जैसी ढांचा आधारित श्रेणियों में भी विभाजित किया जा सकता है। यद्यपि उद्योग बढ़ रहा है, निवेशक भी फंड चयन को लेकर चिंतित हो रहे हैं और विस्तृत सूचना एवं निवेश सलाह की मांग कर रहे हैं। बड़ी संख्या में फंडों के कारण, म्यूचुअल फंडों का मूल्यांकन एचं चयन करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अतः वे पैमाने कौन हैं जिनका इस्तेमाल विभिन्न म्यूचुअल फंडों के निष्पादन का विश्लेषण करने हेतु किया जाता है? उदाहरण के लिए, ऋण योजनाओं के लिए, क्रेडिट रेटिंग महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह ज्ञात तथ्य है कि ऋण निधियां ब्याज दर जोखिम, क्रेडिट जोखिम और तरलता से दो चार होने की जद में आती हैं। जबकि ब्याज दर की समस्याएं एवं तरलता का प्रभाव वापसी एवं ऋण निवेशों से मुक्ति को प्रभावित करती हैं, क्रेडिट जोखिम निवेश के प्रधान मूल्य को प्रभावित करता है। इसलिए, विविध क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां, जैसे क्राइसिल, केयर, आइकरा, ऋण लेने वाले की विश्वसनीयता एवं क्रेडिट लेने की योग्यता का मूल्यांकन करती हैं और ये रेटिंगे ईकाई की विश्वसनीयताओं के आधार पर जानी जाती हैं, जो बैलेंस शीट मुनाफा और नुकसान का विवरण हो सकता है, अथवा अन्य कोई वित्तीय जानकारी। धारिता म्यूचुअल फंड निवेशक अपने निवेशों के निष्पादन का विश्लेषण करने के लिए कुछ अनुपातों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह गलत धारणा है कि उच्च रिटर्न का अर्थ बेहतर निष्पादन होता है, चूंकि रिटर्नों का मूल्यांकन पृथक रूप से नहीं किया जा सकता और उन्हें रिटर्न विकसित करने हेतु लिए गए जोखिम के साथ-साथ किया जाता है। यहीं पर तीव्र अनुपात मददगार होता है, क्योंकि यह लिए गए जोखिम की प्रति इकाई के सापेक्ष पोर्टफोलियो द्वारा विकसित रिटर्न का परीक्षण करता है। एक उच्च तीव्र अनुपात दिए गए प्रति इकाई रिटर्न जोखिम का प्रतिनिधित्व करता है। निवेशकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी अनुपात तभी सार्थक होता है यदि उसकी तुलना बेंचमार्क सूचकांक से की जाती है।




ट्रेनोर अनुपात, जिसे पुरस्कार से ज्वलनशीलता अनुपात के नाम से भी जाना जाता है, शार्पे अनुपात की तरह, निधि के बाजार जोखिम के संबंध में रिटर्न का विश्लेषण करने में मददगार होता है सिफ यह छोड़कर कि यह परिवर्तनशीलता के मापन के लिए बीटा अथवा बाजार जोखिम का इस्तेमाल करता है और जोखिम से मुक्त प्रति इकाई बाजार जोखिम पर रिटर्न देता है, जबकि शार्पे अनुपात मानक विचलन पद्धति का प्रयोग करता है।

संपूर्ण स्टाक बाजार में परिवर्तनशीलता से निवेश के बीटा की तुलना करके, लोग निवेश के साथ जुड़े जोखिम का परीक्षण कर सकते हैं। बीटा के साथ स्टाक एक से अधिक बढ़ने की प्रवृत्ति होती है और मूल्य में तेजी से गिरावट आती है और एक से कम वाले बीटा की तुलना में तेजी से बढ़ता है। ट्रेनोकर अनुपात जिनता ज्यादा होता है, विश्लेषण के अधीन निष्पादन उतना ही बेहतर होता है। उदाहरण के लिए, यदि फंड का औसत रिटर्न 10 प्रतिशत है और जोखिम मुक्त दर 7 प्रतिशत है, तो अंतर 3 प्रतिशत का हो जाता है। यदि निधि का ऐतिहासिक बीटा 1.5 है, तो ट्रेनोर अनुपात 2 होगा (3 को 1.5 से भाग करके)। इसका अर्थ है कि अतीत में, फंड ने बाजार जोखिम की एक इकाई के लिए रिटर्न की दो इकाइयां दीं।

छोटे निवेशक, जो अपने अधिकतर निवेश करने का प्रयास कर रहे हैं प्रायः इन सवालों से परेशान होते हैं कि क्या म्यूचुअल फंड सुरक्षित हैं? अतः वे प्रत्यक्ष धारिता निवेश की तुलना में ज्यादा सुरक्षित होते हैं? म्यूचुअल फंड छोटे निवेशकों के लिए शुरुआती निम्न निवेश के साथ शेयर बाजार में पैसा लगाने हेतु एक आसान तरीका है क्योंकि वे फंड प्रबंधकों की विशेषज्ञता के कारण शेयरों की बढ़ी कीमतों से लाभान्वित हो सकते हैं। हालांकि, छोटे निवेशकों को पता होना चाहिए कि चूंकि म्यूचुअल फंड शेयरों में निवेश करते हैं, रिटर्न शेयर बाजार के उतार चढ़ावों पर निर्भर होते हैं और उनसे पूरी तरह अछूते नहीं रह सकते। जोखिम की सीमा, और रिटर्न भी पोर्टफोलियो में ऋण सिक्योरिटीज के समावेश के साथ नीचे गिरते हैं और निवेशकों को निवेश करने से पहले जोखिम सहनशीलता का समझना चाहिए। यदि छोटे निवेशक सावधानी से काम करें तो म्यूचुअल फंड में निवेश एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

## आप की बात

### विदेशी आक्रांताओं को सम्मान

**अब** भारत की जनता ने नेहरूवादी-मार्क्सवादी व छद्म-सेक्युलर समूह को निश्चित रूप से हाशिए पर धकेल दिया है और वह अपना राष्ट्रीय गौरव बहाल करने का प्रयास कर रही है। हमें औरंगजेब का मामला देखना चाहिए। उसने अपने गवर्नरों से 1669 में हिंदू मंदिरों को नष्ट करने को कहा था जिनमें सर्वाधिक सम्मानित काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर व मथुरा का कृष्ण मंदिर शामिल थे। उसने मथुरा का मंदिर नष्ट कर एक विशाल मस्जिद का निर्माण कराया तथा कृष्ण मंदिर की मूर्तियों को आगरा में एक मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे गड़वा दिया। औरंगजेब ऐसा बादशाह भी था जिसने इस्लाम में धर्मान्तरण करने वाले हिंदुओं को सरकारी नौकरियों का प्रस्ताव किया था। उसने हिंदुओं पर ज्यादा कस्टम ड्यूटी लगाई तथा हिंदू धर्म का पालन करने की इच्छा रखने वाले हिंदुओं पर जजिया नामक टैक्स लगा दिया। यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि औरंगजेब ने सिख गुरुद्वारों को नष्ट करवाया था, गुरु तेग बहादुर को जेल में बंद कर उन पर अमानवीय अत्याचार किए थे। अनेक कस्बों, प्रमुख सड़कों व अन्य शहरों में बस्तियों के नाम उसके नाम पर हैं। आक्रांताओं को सम्मान का कोई औचित्य नहीं है।

– **मुकट बिहारी,** वाराणसी

### हर साल चुनाव उचित नहीं

**टीवी** चैनलों के शोर-शराबे के बीच हरियाणा में पिछले 50 तथा महाराष्ट्र में पिछले 39 वर्ष में सबसे कम मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा 63.55 प्रतिशत व महाराष्ट्र में 56.65 प्रतिशत मतदान हुआ। हरियाणा में यह 1968 के बाद व महाराष्ट्र में 1980 के बाद सबसे कम है। यह मतदान प्रतिशत 2014 में राज्य व लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत से काफी कम है। इसका अर्थ है कि ज्यादा जागरूकता व मतदान स्थलों की संख्या बढ़ने के बावजूद लगभग आधे मतदाताओं ने वोट नहीं दिया। मतदाता संभवतः स्थानीय स्वशासन के मुद्दों में ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं, इसलिए राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर होने पर मतदान प्रतिशत अधिक होता। स्पष्ट है कि मतदाताओं में उत्साह की कमी है। हर वर्ष कोई न कोई विधानसभा चुनाव होना भी उचित नहीं है मगर पीएम मोदी के आह्वान के बावजूद लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर आम सहमति विकसित नहीं हो पा रही है। चुनावों में मतदाताओं का मक रुचि लेना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए चुनाव साथ-साथ कराने पर विचार होना चाहिए।

– **वीरेश दीक्षित,** लखनऊ

### पाकिस्तान का दोहरा रवैया

**पाकिस्तानी** प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्वीकार किया कि 'दुनिया के लिए भारत बाजार है।' उनके पास संभवतः पाकिस्तान पर शोर मचाने के सिवा और कोई विकल्प नहीं था, जिसके लिए उन्होंने इस्लामोफोबिया, नाभिकीय खतरे व दोनों देशों के बीच संभावित युद्ध जैसी बातें कीं। उन्होंने बड़े पड़ोसी की तुलना में स्वयं को खतरे में फंसे कमजोर देश की तरह पेश किया, लेकिन अपने देश का नरसंहार वाला इतिहास छिपाया। मोदी ने अपनी उपलब्धियों को राजनय से जोड़ते हुए आतंकवाद से मुक्त सद्भावनापूर्ण समाज पर जोर दिया। चीन ने कश्मीर को 'अतीत से जारी विवाद' बताया, लेकिन इसके अलावा इमरान को कोई समर्थन नहीं मिला। लेकिन चीन को भी याद रखना चाहिए कि पाक-अधिकृत कश्मीर से गुजरने वाला सीपीईसी संरा. सिद्धान्तों का उल्लंघन है। राजनयिकों ने संकेत किया कि यदि पाकिस्तान स्वयं को इस्लामी दुनिया का पैरोकार मानता है तो उसे चीन में उइघर मुसलमानों के उत्पीड़न का मामला भी अवश्य उठाना चाहिए।

– **सलीम अख्तर,** कानपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**छः** साल के प्राविधान के बावजूद यदि लोग यहां आएं तो उनको एक शपथपत्र तथा पुष्टीकरण के बाद नागरिकता दे देनी चाहिए।

– **सयान्तन बसु**
पश्चिम बंगाल भाजपा महासचिव

**एनआरसी** व कैब समाप्त होनी चाहिए। स्वतंत्रता के 70 साल बाद किसी को अपनी नागरिकता क्यों सिद्ध करनी पड़ती है?

– **पार्थ चटर्जी**
टीएमसी महासचिव





**हम** तर्क कर सकते हैं, सहमत या असहमत हो सकते हैं। लेकिन हम विचारों की बहुलता से इनकार नहीं कर सकते हैं।

– **प्रणव मुखर्जी**
पूर्व राष्ट्रपति

सोशल मीडियो के दुरुपयोग पर पुलिस सख्त

# भड़काऊ पोस्ट डाली तो लग सकती है रासुका

## डीजीपी ने जारी किए सख्त निर्देश, एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**डीजीपी** ओपी सिंह ने कहा है कि समझाने के बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर लगातार भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट डाल रहे हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में डीजीपी की ओर से सभी जिलों के पुलिस कप्तानों, रेंज के आईजी, डीआईजी और जोन के एडीजी व आईजी को परिपत्र जारी किया गया है। जारी निर्देशों में उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफ ार्म पर प्रसारित कतिपय ऐसी पोस्ट जिनसे साम्प्रदायिक सद्भाव तथा प्रकारान्तर से लोक व्यवस्था को प्रभावित करने की कुचेष्टा परिलक्षित हो रही है, को अत्यधिक गम्भीरता से लिया जाए। विद्वेषकारी पोस्ट प्रेषित करने वाले व्यक्ति की जानकारी होने पर उसके निवास के जनपदीय पुलिस द्वारा तत्काल चिन्हित कर उसके विरुद्ध अविलम्ब स्वप्रेरणा से सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाए और साक्ष्य के आधार पर ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी सुनिश्चित करायी जाए। डीजीपी ने कहा है कि ट्वीटर, यूट्यूब और व्हाट्सएप आदि पर विद्वेषकारी, आपत्तिजनक वीडियो व मैसेज पोस्ट करने वाला किसी भी क्षेत्र का निवासी हो परन्तु उस पोस्ट का प्रभाव जिस भी जनपद में पड़ रहा सम्बन्धित जनपद द्वारा इस सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट तत्परता से दर्ज की जाए। तत्परता से प्राथमिकी पंजीकृत करने के साथ-साथ ऐसे लोगों का चिन्हांकन भी कर लिया जाए, जो सुनियोजित रूप से ऐसे विद्वेषकारी पोस्ट कर रहे है और समझाने के पश्चात भी वह ऐसी प्रवृत्ति को नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों का पूरा अभिलेखीकरण करके निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों के विरुद्ध प्रकरण की गम्भीरता एवं संवेदनशीलता का आंकलन करते हुए रासुका जैसे प्राविधानों के तहत भी कार्रवाई की जाए। आपत्तिजनक सामग्रीयुक्त पोस्ट का खंडन तत्परता से किया जाए। जहां से यह पोस्ट जनरेट हुई है, अथवा उस जनपद से किसी प्रकार सम्बन्धित रही है, का प्रत्युत्तर उस जनपद द्वारा रूटीन अथवा सतही तौर पर न करते हुए प्रत्येक पोस्ट का समुचित तथ्यपरक खण्डन उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक ट्वीटर हैंडल के माध्यम से तत्परता से करते हुए विधिक कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने कहा है कि यदि इस संबंध में किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ती है तो आईजी साइबर अपराध, एसपी साइबर सेल के नेतृत्व में कार्यरत साइबर क्राइम यूनिट के कर्मियों से सम्पर्क कर सहयोग और मार्ग दर्शन प्रापत किया जाए।

# दीपावली से पहले राहत, जारी रहेगी 25 हजार होमगार्ड्स की ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की योगी सरकार ने 25 हजार होमगार्ड को दीपावली से पहले बड़ी राहत दी है। गृह विभाग ने उपलब्ध बजट सीमा के अंदर होमगार्डों की ड्यूटी जारी रखने के पुलिस महकमे को आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि आगामी त्योहारों को देखते हुए गृह विभाग के बजट से भुगतान के आधार पर वर्तमान में चल रही व्यवस्था आवश्यकतानुसार आगामी आदेशों तक यथावत बनाए रखी जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि होमगार्ड्स विभाग में उपलब्ध बजट की सीमा तक सभी होमगार्ड स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगायी जाए।

बीती 12 अक्टूबर को प्रदेश में कानून और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए ड्यूटी पर लगे 25 हजार होमगार्ड्स की सेवाएं लेने से पुलिस महकमे ने इंकार कर दिया था। इसके पीछे पुलिस महकमे ने बजट की कमी को कारण बताया था। एडीजी पुलिस मुख्यालय बीपी जोगदंड ने आदेश जारी कर पुलिस महकमे में सेवा दे रहे 25 हजार होमगार्ड्स को वापस करने के आदेश जारी कर दिए थे। जिसके बाद प्रदेश खलबली मच गयी थी। होमागार्ड्स के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। हालांकि होमगार्ड मंत्री चेतन चौहान ने अगले दिन ही आश्वस्त किया था कि एक भी होमगार्ड को नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता करके वह इसका हल निकाल लेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि होमगार्ड्स जवानों की ड्यूटी जारी रखने का यह फैसला महानिदेशक/कमांडेंट होमगार्ड्स की तरफ से 26 व 27 सितंबर 2019 और प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह की तरफ से 27 सितंबर को लिखे पत्र में उल्लिखित तथ्यों पर विचार करते हुए लिया गया है।

# चौक सर्राफा बाजार पहुंचकर डीजीपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**धनतेरस** और दीपावली त्योहार को देखते हुए डीजीपी ओपी सिंह ने बृहस्पतिवार को अचानक लखनऊ के चौक सर्राफा बाजार पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी। उन्होंने पूरे बाजार का भ्रमण किया और सर्राफा व्यापारियों से बातचीत कर उनसे भी सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में फीडबैक लिया और उनके सुझाव भी लिए। डीजीपी ने लखनऊ के एसएसपी कलानिधि नैथानी व अन्य पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चुस्त-दुरुस्त रखने व पुलिस सक्रियता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## धनतेरस पर सीएम योगी की बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अर्थ सहित चार प्रकार के पुरुषार्थ बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनतेरस इसी का द्योतक है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश में अन्त्योदय की भावना के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सुख समृद्धि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन वैद्यगण भगवान धन्वंतरि का पूजन करते हैं। विदित है कि अच्छे स्वास्थ्य के माध्यम से ही सुख एवं समृद्धि पायी जा सकती है। इसलिए धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के अवसर पर अर्थ के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने का भी संकल्प लिया जाना चाहिएए जिससे एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज निर्मित हो सके।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत परिणाम में परिवर्तित हुई: स्वतंत्र देव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रदेश में हुए विधानसभा उपचुनावों में जीत के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पूरब से पश्चिम तक मिली जीत से साफ है कि जनता ने एक बार केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की सबका साथ-सबका विकास की नीतियों पर मुहर लगायी है और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास व्यक्त किया है। स्वतंत्रदेव ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपनी अथक मेहनत और परिश्रम के लिए बधाई के पात्र हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत परिणाम में परिवर्तित हुई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पार्टी के जो कार्यकर्ता चुनाव में विजयी होकर विधानसभा पहुंचे हैं। वह प्रदेश के विकास और सबका साथ सबका विकास की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करेंगे। सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उसका हर निर्णय एक जवाबदेह दल के तौर पर हम आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करते हैं।

# जनता ने भाजपा के दंभ को तोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधानसभा के उपचुनावों में जैदपुर, रामपुर, जलालपुर और महाराष्ट्र में मुम्बई विधानसभा के मानखुर्द, शिवाजीनगर तथा भिवंडी ईस्ट क्षेत्रों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत पर सभी मतदाताओं को लोकतंत्र को बचाने के लिए बधाई दी है।

सपा का कहना है कि यूपी की जिन 11 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हुए उनमें केवल एक सीट रामपुर समाजवादी पार्टी के पास थी। मुम्बई विधानसभा के चुनावों में मानखुर्द, शिवाजीनगर से महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी तथा भिवंडी ईस्ट से रईस शेख विजयी हुए हैं। मध्य प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी का एक विधायक हैं। उन्होंने कहा कि नतीजों से स्पष्ट है कि समाजवादी पार्टी के प्रति जनता में बढ़ते विश्वास और भाजपा की कुनीतियों से त्रस्त जनता के ताजा रूझान से राजनीति में बदलाव की एक नई आहट सुनाई दी है। सपा ने आरोप लगाया है कि विधानसभा के उपचुनावों को जीतने के लिए भाजपा ने आतंक और दबाव की राजनीति पहले से ही शुरू कर दी थी। समाजवादी कार्यकर्ताओं को फर्जी केसों में फंसाने के साथ इसके प्रमुख नेताओं के खिलाफ पुलिस लग गई थी। राज्य के सभी उपचुनाव क्षेत्रों का मुख्यमंत्री ने दौरा किया और यह धमकी भी दी कि विपक्ष को सबक सिखाना है। इसके कारण प्रशासनिक मशीनरी ने पक्षपातपूर्ण ढंग से सत्तारूढ़ दल को जिताने के हथकंडे शुरू किए और विपक्ष को अपमानित करने के कदम उठाए। जनता ने भाजपा को करारा जवाब दिया है। ढाई वर्ष में भाजपा सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों से राज्य को तबाह किया है।

# गंगोह सीट पर धांधली का आरोप, पुनर्मतगणना की मांग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में दर्ज करायी शिकायत

**सहारनपुर** की गंगोह सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को प्रशासन की मिलीभगत से हराकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए इस धांधली के खिलाफ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी। कांग्रेस ने पुनर्मतगणना की मांग की है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट करके कहा है कि प्रदेश कांग्रेस इसके खिलाफ सख्त लड़ाई लड़ेगी।

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा है कि सहारनपुर की गंगोह सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार सुबह से लगातार 27वें राउण्ड तक बढ़त बनाए हुए थे किन्तु इसके उपरान्त भाजपा की सरकार के इशारे पर स्थानीय प्रशासन ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नोमान मसूद, चुनाव मतगणना के अभिकर्ता तथा मीडिया कर्मियों को भी मतगणना स्थल से हटा दिया गया और चुनाव परिणाम में धांधली कर भाजपा के प्रत्याशी को चुनाव जितवा दिया गया। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने वहां पर धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया तथा लखनऊ में मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर अपना विरोध दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच एवं पुनर्मतगणना की मांग की। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त उत्तर प्रदेश से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में गंगा सिंह एडवोकेट, डॉ. उमाशंकर पाण्डेय, डॉ. अनूप पटेल, विनोद मिश्रा आदि शामिल रहे।

## प्रियंका गांधी ने भी ट्वीट कर जताया विरोध

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'भाजपा इतने अहंकार में है कि गंगोह में हमारे जीतते हुए प्रत्याशी को काउंटिंग सेंटर से निकालकर उनका मंत्री जनता का निर्णय बदलने के प्रयास में है। डीएम को पांच-पांच बार फोन पर लीड कम करवाने के आदेश आ रहे थे। यह लोकतंत्र का सरासर अपमान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ सख्ती से लड़ेगी। निर्वाचन आयोग इस मामले की निष्पक्षता से जांच कराए।

# फर्जी पोर्टल बनाने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**उप्र** मदरसा शिक्षा परिषद के नवीन पोर्टल का फर्जी पोर्टल बनाकर दुरुपयोग करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम ईशान राही की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे एसएस पांडेय ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। बीते 24 सितंबर को इसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। सरकारी वकील दीपक यादव ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि मुल्जिम द्वारा फर्जी वेबसाइट पर असली पोर्टल से कतिपय सूचनाएं डाउनलोड कर अपलोड की गई है। जिससे जनसामान्य में न सिर्फ भ्रम की स्थिति पैदा हुई बल्कि इसका दुरुपयोग होने की भी संभावना है। 19 जून, 2019 को इस मामले की एफआईआर उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के सहायक अरुण कुमार तिवारी ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।



उपचुनाव के नतीजे आने के बाद लखनऊ स्थित बसपा कार्यालय पर पसरा सन्नाटा

# ब्लॉक स्तर पर एबीआरसी के स्थान पर अब नियुक्त होंगे एआरपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● समीक्षा के दौरान सपोर्टिव सुपरविजन में रुचि न लेने के कारण शासन ने लिया फैसला

**बेसिक** शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि को लेकर सरकार ने ब्लॉक में नियुक्त होने वाले असिस्टेंट ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के स्थान पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन नियुक्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही पूर्व में नियुक्त एबीआरसी को उनके मूल स्थान पर वापस भेजने का निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिया है।

बेसिक शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर ब्लॉक स्तर पर 7 सह समन्वयकों की नियुक्ति की जाती है। इनमें एक पद समेकित शिक्षा और एक-एक पद वैकल्पिक शिक्षा, विज्ञान शिक्षा, गणित शिक्षा, अंग्रेजी, हिन्दी और सामाजिक अध्ययन के शामिल हैं। शासन स्तर पर सह समन्वयकों के कार्य की समीक्षा के दौरान देखने को मिला कि सपोर्टिव सुपरविजन के अलावा अन्य कार्यों जैसे कार्यालयी कार्य, सूचना बनाने आदि गतिविधियों में ही शामिल रहते हैं। विद्यालयों के बीच परस्पर संवाद प्रक्रिया एवं गुणवत्ता शिक्षा हेतु शैक्षिक सहयोग के अभाव को देखते हुए शासन ने इनको मूल विद्यालय में रिवर्ट करने का आदेश जारी किया है। अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन एकेडमिक सिस्टम में 7 एकेडमिक रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति की जायेगी। इसके लिए प्रदेश में 821 विकास खंड हेतु 4105 एवं 59 नगर संसाधन केन्द्र के लिए 295 अतिरिक्त एआरपी की आवश्यकता होगी। एआरपी के लिए अलग से किसी प्रकार का पद सृजित न करके पूर्व में सह समन्वयकों हेतु स्वीकृत पद में इसे समाहित किया जायेगा। जिससे बच्चों में लर्निंग आउटकम को सुनिश्चित किया जा सके। शासन स्तर पर जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक विकास खंड में 6 एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के पद होंगे। इसमें 5 विषय विशेषज्ञ व एक डायट मेंटर शामिल होंगे। इसके चयन के लिए स्नातक उपाधि के साथ ही अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता व 5 वर्ष का प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने का अनुभव होना चाहिए। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के चयन के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया जायेगा। जिसमें डायट के प्राचार्य से लेकर बीएसए, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, वरिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हैं।

नया इतिहास रचने को दीपोत्सव का आयोजन कल

# अयोध्या की धरती पर उतरेगा त्रेतायुग का नजारा

● पांच देशों के कलाकारों की मौजूदगी में सीएम योगी और उनकी सरकार करेगी भगवान राम की अगवानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अयोध्या** की धरती पर कल नया इतिहास रचा जाएगा। आसमान से फूलों की बारिश के बीच माता सीता के साथ भगवान राम पुष्पक विमान से सरयू तट पर उतरेंगे। पांच देशों के कलाकारों की मौजूदगी में सीएम योगी और उनकी सरकार भगवान राम की अगवानी करेंगे। कुल मिलाकर छह हजार साल पहले के त्रेतायुग के अद्भुत नजारे को अयोध्या की धरती पर तीसरी बार उतारा जाएगा। इतना ही नहीं बल्कि 5.51 लाख दीये एक साथ जलाकर पिछले साल बने अपने की रिकार्ड को तोड़कर नया इतिहास रचने की कोशिश सरकार की कोशिश होगी।

यूपी की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने अयोध्या को दुनिया के धार्मिक नक्शे पर ऊपर लाने का संकल्प लिया था। इसे पूरा करने के लिये सीएम ने नरक चौदस यानी की छोटी दीपावली पर अयोध्या में दीपोत्सव का जश्न मनाने की नयी परंपरा शुरू की थी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक करीब छह हजार साल पहले इसी दिन भगवान राम चौदह साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे और अयोध्यावासियों ने घी के दिये जलाकर उनका स्वागत किया था। छह हजार साल पहले के इसी नजारे को योगी सरकार ने अयोध्या की धरती पर उतारा था। पिछले साल इस आयोजन को सीएम योगी ने बड़ा रूप देते हुये दक्षिणी कोरिया की महारानी तथा वहां के कलाकारों की मौजूदगी में तीन लाख से अधिक दीप एक साथ जलाकर नया इतिहास रचा था। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलित करने पर गिनीज बुक के रिकार्ड का हिस्सा यह आयोजन बन गया था।

छब्बीस अक्टूबर को नरक चौदस के दिन आयोध्या में होने वाला दीपोत्सव योगी सरकार का तीसरा आयोजन है। जिसमें सरकार दिये जलाने का अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़कर नया रिकार्ड बनाने की सोच रही है। इस दिन अयोध्या के 13 प्रमुख मंदिरों सहित सरयू तट तथा अयोध्या के अन्य स्थानों पर 5.51 लाख दिये जलाये जाने हैं। नेपाल, इंडोनेशिया नेपाल और श्रीलंका सहित पांच देशों के कलाकारों ने आज से रामलीला का मंचन शुरू कर दिया है।

नरक चौदस के दिन देशी-विदेशी मेहमानों की मौजूदगी में ये सभी कलाकार पूरे दिन रामलीला का मंचन करेंगे और शाम छह बजे मुख्य आयोजन शुरू होगा। राज्य सरकार के हेलीकाप्टरों को पुष्पक विमान का रूप दिया जाएगा और एक विमान रामकथा पार्क में उमड़े सैलाब पर पुष्प वर्षा करेगा। सरकार के अनेक मंत्रियों की मौजूदगी में सीएम योगी भगवान राम की अगवानी करके उनका अभिषेक करेंगे। राजतिलक के साथ ही सरयू तट तथा अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर दिये जलाकर पूरी अयोध्या जश्न मनायेगी।

**नमो एप के जरिए पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से किया सीधे संवाद**

# जनता के बीच समाज नीति के लिए भी जाएं : मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी गुरुवार को सायंकाल साढ़े चार बजे से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कार्यकर्ताओं से नमो एप के माध्यम से सीधा संवाद कर रहे हैं। इसके लिये क्षेत्र में शामिल सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में पांच स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में अग्रसेन महिला पीजी कालेज, बुलानाला में एलईडी स्क्रीन लगेगा। इसी प्रकार उत्तरी में गणेश मंडपम, नाटी इमली, कैन्ट में निवेदिता शिक्षा सदन, तुलसीपुर, सेवापुरी में कछवां स्थित सिनेमाहाल का मैदान और रोहनियां विधानसभा क्षेत्र में गंगापुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर संवाद कार्यक्रम के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के बीच सिर्फराजनीति के लिए नहीं बल्कि समाजनीति के लिए भी जाएं। गांधी संकल्प यात्रा के लिए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने के लिए कहा कि पहले दिन थकान हुई होगी लेकिन बाद में ऊर्जा मिली होगी, वो ऊर्जा बनाए रखिए। पुराने कार्यकर्ताओं की लिस्ट बनाएं, साल में कम से कम एक बार उनका सम्मेलन कराएं और पूछिए कि वो जनता के बीच कैसे अपना संपर्क बनाते थे, उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। संवाद के दौरान कार्यकर्ताओं को भी सवाल पूछने के मौके मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के पहले विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के संगठन का ही कार्य प्रमुख रूप से करते थे। संघ में भी दशकों तक प्रचारक रहे। वह एक अच्छे संगठनकर्ता हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी शासकीय जिम्मेदारियों की व्यस्तता के बीच वह कार्यकर्ताओं से संवाद का अवसर निकाल ही लेते हैं। वह अलग-अलग तरीके से कार्यक्रम आयोजित कर संवाद करते रहते हैं। करीब तीन महीने से अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से दूरी को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री ने इस बार नमो एप के माध्यम से संवाद का कार्यक्रम बनाया है। गुरुवार को शाम साढ़े चार बजे से पीएम वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद शुरू किए। प्रधानमंत्री का केवल वाराणसी के कार्यकर्ताओं से जुड़ने का भले ही यह पहला अवसर हो लेकिन वह पहले भी कई बार आनलाइन संवाद कर चुके हैं। 27 अगस्त 2018 को भी उन्होंने संवाद किया था। पीएम ने प्रवासी भारतीय दिवस को लेकर तैयारियों के साथ ही शहर को सजाने-संवारने के टिप्स दिए।

# विधानसभा क्षेत्र 248-प्रतापगढ़ के चुनाव परिणाम घोषित

- सदर उपचुनाव में अपनादल के राजकुमार पाल ने रिकार्ड मतो से बांधा जीत का सेहरा

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**विधानसभा** उप निर्वाचन-248-प्रतापगढ़ के निर्वाचन के मतों की गणना महुली मण्डी मतगणना स्थल पर सम्पन्न हुई। मतगणना पर्याप्त सुरक्षा घेरे में प्रातः 8 बजे शुरू हुई। जारी मतगणना परिणाम के अनुसार 248-प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपना दल प्रत्याशी राजकुमार पाल को कुल 52949 मत पाकर विजयी रहे। इन्होंने अपने निकटतम समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बृजेश वर्मा को हराया जिन्हें कुल 23228 मत मिले। इस प्रकार अपना दल प्रत्याशी राजकुमार पाल की जीत 29721 मतों से हुई। इसी प्रकार एआईएमआईएम के प्रत्याशी इसरार अहमद को 20269 मत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी को 19715 मत, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रणजीत सिंह पटेल को 19000 मत, बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार हरिकेश कुमार को 3456 मत, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार प्रवीण कुमार को 2531 मत, कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के प्रत्याशी निर्भय प्रताप सिंह को 2237 मत, पीस पार्टी के उम्मीदवार अब्दुल मतीन को 1612 मत, सर्वोदय भारत पार्टी के प्रत्याशी मुहम्मद इरशाद को 1440 मत एवं निर्दलीय प्रत्याशी बजरंगी लाल वर्मा को 1179 मत प्राप्त हुये। विधानसभा क्षेत्र 248-प्रतापगढ़ के 1568 मतदाताओं ने नोटा (इनमें से कोई नहीं) का प्रयोग। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र 248-प्रतापगढ़ में कुल 149184 मत पड़े। पूरी मतगणना 27 राउण्ड में पूरी हुई।

# कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी विजय राजभर विजयी

- सपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को 1758 मतों से हराया
- मऊ जिले के घोसी विधान सभा के उप निर्वाचन की कड़ी सुरक्षा में हुई मतगणना

**संवाददाता।** मऊ



**घोसी विधान** सभा के उप निर्वाचन के दौरान कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना हुआ। 33 चक्र में हुए मतगणना के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय राजभर व सपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व विधायक सुधाकर सिंह के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय राजभर को 68,337 मत तो वहीं सपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को 66,579 मत मिला। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय राजभर ने सपा समर्थित पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को 1758 मतों से पराजित कर दिया।

बताते चलें कि घोसी विधान सभा के उप निर्वाचन को लेकर कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान थे। इसमें भाजपा के विजय राजभर, सपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व विधायक सुधाकर सिंह, बसपा से प्रत्याशी अब्दुल क्यूम, कांग्रेस से प्रत्याशी राजमंगल यादव, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से प्रत्याशी हेसामुद्दीन, जनता क्रांति पार्टी राष्ट्रवादी से प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह चौहान, परिवर्तन समाज पार्टी के प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के प्रत्याशी नेबू लाल, पीस पार्टी से प्रत्याशी फौजेल अहमद, बहुजन मुक्ति मोर्चा से प्रत्याशी शरदचंद चुनाव मैदान में थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 33 चक्र में मतगणना हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय राजभर को 68,337 मत तो वहीं सपा समर्थित प्रत्याशी पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को 66,579 मत मिला। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय राजभर ने सपा समर्थित पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को 1758 मतों से पराजित कर दिया।

## सपा को हरा कर आनंद शुक्ला ने मानिकपुर विस में लहराया भगवा परचम

**चित्रकूट।** उप्र के चित्रकूट जिले की मानिकपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने एक बार फिर भगवा परचम लहरा दिया है। भाजपा प्रत्याशी रहे आनंद शुक्ला ने 12840 वोटो से सपा प्रत्याशी रहे डॉ निर्भय सिंह पटेल को हरा कर शानदार जीत दर्ज की है। बसपा प्रत्याशी रहे राजनारायण कोल को 38,292 मत और कांग्रेस प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडेय को 8230 मत प्राप्त पर संतोष करना पड़ा। इसके अलावा उपचुनाव में किस्मत आजमा रहे पांच प्रत्याशियों को पछाड़कर नोटा ने 3096 वोट हांसिल किये। दस्यु प्रभावित क्षेत्र के रूप में देश दुनिया में कुख्यात रहे बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले की मानिकपुर विधानसभा का अलग ही इतिहास रहा है। 1991 की राम लहर के बाद भी जिले की कर्वी और मानिकपुर दोनों सीटों पर भाजपा जीत नहीं दर्ज कर सकी थी। 26 साल बाद सूबे में भाजपा ने पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता हासिल की है।

# जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के साथ अमेठी पहुंची प्रियंका

- कार्यकर्ताओं से किया आवाहन, संगठन को करें मजबूत

**संवाददाता।** अमेठी

**कांग्रेस की** राष्ट्रीय महा सचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज एक बार फिर अमेठी से परिवारिक रिश्तों का संकेत देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने मे वे लगी हैं। प्रियंका गांधी कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को लेकर अमेठी पहुंची थी। प्रियंका ने कांग्रेस जनो से कहा कि आप ने हमारा स्वागत किया इसके लिए मै आप सब की आभारी हूँ, मै आप सब को बताना चाहती हूँ कि आज से हमारे जिले के प्रदीप सिंघल अध्यक्ष होंगे। हम सब को मिल कर काम करना है।अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव हारने के बाद से कांग्रेस के लोगो मे खासी निराशा देखी जा रही थी। कांग्रेस गुटबाजी की शिकार हुई हार को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप होता रहा। इस सब के बीच केंद्रीय मंत्री सांसद स्मृति ईरानी की सक्रियता ने यहा कांग्रेसी कार्यकर्ता की बेचैनी बढा दी थी। ऐसे में प्रियंका गांधी वाड्रा के आज के अमेठी दौरे से कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे उत्साह देखा जा रहा है। प्रियंका ने आज अपने एक दिवसीय दौरे से कांग्रेस के लोगो मे नयी ऊर्जा के संचार की कोशिश की। यही नही अमेठी के चार विधान सभा क्षेत्रों में दौरा कर सियासी परा चढा दिया। प्रियंका ने अपनी अमेठी यात्रा की शुरूआत नहर कोठी फुर्सतगंज से शुरू की उसके बाद बहादुरपुर, जायस, गांधीनगर, काजीपटटी, बनी, होते हुए गौरीगंज पहुंची, यहां से कार्यक्रम के बाद प्रियंका का काफिला जामों, जगदीशपुर, इन्हौना होते हुए लखनऊ के लिए रवाना हुआ। प्रियंका ने आज एक कार्यक्रम मे जरूर भाग लिया पर अपने काफिले को अमेठी संसदीय क्षेत्र की पांच में से चार विधान सभा सीटों सलोन, तिलोई, गौरीगंज जगदीशपुर मे दौडा राहुल गांधी की हार से हताश कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे जोश भरने की कोशिश की इस दौरान प्रियंका का कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया, फूलों की बारिश की।

# फतवा जारी करने वाले मौलानाओं को फांसी की सजा मिलनी चाहिएः साध्वी प्राची

**महमूदाबाद सीतापुर।** फायरब्राण्ड हिन्दू नेता विश्व हिन्दू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी की संस्थापक साध्वी प्राची ने गुरूवार को अपने समर्थकों के साथ कमलेश तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। साध्वी प्राची के आने की सूचना मिलते ही प्रशासन हाई अलर्ट पर था। अपर पुलिस अधीक्षक एसपी महेन्द्र प्रताप सहित सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे थे। समर्थकों को रोकने के लिये बैरीकेटिंग के पास पर्याप्त सुरक्षा तैनात की गई थी। किन्तु प्रशासन की सुरक्षा धरी रह गई। साध्वी प्राची ने समर्थकों के साथ जाकर कमलेश तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। करीब दो घंटे तक उन्होने कमलेश तिवारी की मां, पत्नी और बेटे से बात की। कमलेश तिवारी की मां को उन्होने अपने गले से लगाकर उनके दुख में शामिल होने का एहसास कराया। घर से बाहर आने के बाद वह मीडिया से मुखातिब हुई। उन्होने कहा कि कमलेश तिवारी पर फतवे जारी करने वाले मौलानाओं को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। बिजनौर के मौलाना जिसने कमलेश का सर कलम करने पर 51 लाख देने का ऐलान किया था उसको तुरंत फांसी पर लटका देना चाहिए। उन्होने कहा कि कमलेष की हत्या में शामिल लोगो की सजा सिर्फ फांसी है। साध्वी ने प्रशासन को भी जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होने कहा कि कमलेश तिवारी हत्याकाण्ड के मामले में प्रशासन की कार्यवाही से वह भी संतुष्ट नहीं है। मां, पत्नी और बेटे के साथ प्रशासन ने जो व्यवहार किया है वह बेहद दुखद और दयनीय है। उन्होने कहा कि यह अफसोस की बात है गुजरात और महाराष्ट्र की एटीएस अपराधियों को पकड़ने में सक्षम है लेकिन यूपी पुलिस सक्षम नहीं है। वह दावत खाने में व्यस्त है। मुझे शर्म आती है। उन्होने कहा कि दादरी में अखलाक मारा गया था वहां कोई हिन्दू घुस नहीं सकता था। उन्होने कहा कि महमूदाबाद का नाम बदलकर कमलेश तिवारी पुरम इसका नाम कर दिया जाना चाहिए।

# अवैध गुटखा व केरोसीन बरामद, दो को भेजा जेल

- पुलिस ने छापा मारकर भारी मात्रा में बरामद किया

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)



**कल देर** रात खाद्य निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौदहा कस्बे मे छापा मारकर भारी मात्रा मे अवैध गुटखा व 240 लीटर अवैध केरोसीन, नमकीन बरामद की है। चार लोगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर दो लोगो को जेल भेज दिया गया है। इसमे बसपा नेता नीरज अनुरागी भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक एसडीएम व सीओ की अगुवायी मे पुलिस टीम ने संतोष कुमार गुप्ता के घर मे छापा मारकर गुटखा सूरज, किस्मत, शिवा ब्रान्ड के गुटखे व 50 किलो सुपारी एक बोरा मिश्रित तम्बाकू युक्त गुटखा व कई गुटखा बनाने वाली मशीने बरामद की है। बताया जाता है कि यह व्यापार कई सालो से चल रहा था। इसमें नीरज अनुरागी, जयप्रकाश ,राजू गुप्ता ,संतोष गुप्ता, गुटखा का कारोबार करते थे पुलिस ने आज नीरज अनुरागी व जयप्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जो सामग्री बरामद की गयी है उसका सैम्पल भर कर खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रयोगशाला भिजवा दिया है। इस कार्यवाही से अवैध गुटखा बनाने वालो मे हड़कम्प मचा हुआ है। हालांकि राठ कस्बे मे गुटखा का अवैध कारोबार अभी भी चल रहा है। अभी तक पुलिस व खाद्य विभाग ने कोई कार्यवाही नही की है। नये पुलिस कप्तान आने के बाद यह कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो मे खुशी व्याप्त है।

# ‘छठ से पहले साफ होंगे घाट’

- शहर की सफाई पर होगा विशेष ध्यान

**जनता की समस्याओं का प्रमुखता से होगा निस्तारण**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**नव नियुक्त** नगर आयुक्त गौरांग राठी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पहुच कर उन्होंने महापौर से मुलाकात की। इसके बाद निगम के अधिकारियों और कर्मचरियो से मुलाकात कर परिचय लिया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि शहर और घाट की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान होगा। दीवाली और छठ को देखते हुवे घाटों की सफाई में तेजी लाई जाएगी ताकि छठ पूजा करने वाली महिलाओं को घाट पर आने जाने में कोई परेशानी ना हो। अभी 65 पंप घाटों पर लगे है। इनकी संख्या और बढ़ाया जाएगा। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जो जेसीबी और डम्पर की कमी है उसके लिए पीडब्लूडी और वीडीए से बात कर ली गई है। उनके यहां से डम्पर और जेसीबी मंगाया जा रहा है।

सीवेज और ड्रेनेज की व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा। जनता और जनप्रतिनिधियों की समस्या का समाधान तत्परता से किया जाएगा। इसके लिए अगले दो महीने के भीतर एक एप बनाया जाएगा। जहां लोग अपनी शिकायत कर उसकी स्थित देख सकेंगे और निस्तारण के बाद फीडबैक देंगे। फिलहाल कंट्रोल रूम की व्यवस्था तब तक जारी रहेगी। उन्हीने बताया वार्डों में जो भी समस्या है उसे वार्डवार अगले 45 दिनों में अभियान चलाकर समाधान किया जाएगा। इसके लिए प्रतिदिन दो वार्डों का चयन कर समस्या का समाधान करेंगे।

# कांटे की टक्कर में सपा ने लहराया परचम

**अंबेडकरनगर।** जलालपुर विस उप चुनाव में काटे के मुकाबले में सपा के सुभाष राय ने बसपा के डॉ छाया वर्मा को 790 वोटो से हराकर सीट पर अपना कब्जा कर लिया सत्ताधारी भाजपा तीसरे और सुहेल देव की भारतीय समाज पार्टी चैथे स्थान पर रही कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासी अपना जबानत भी नही बचा पाए। रुझान में बसपा की डॉ छाया वर्मा एवं भाजपा राजेश सिंह के बीच मुकाबला चल रहा था सपा के सुभाष राय तीसरे पर थे लेकिन जैसे जैसे मतगणना का समय बीत रहा था वैसे वैसे सपा के सुभाष राय का वोट बढ़ता रहा और अठहरवे राउंड में वह भाजपा के राजेश सिंह से 66 वोट आगे निकल कर दूसरे पर पहुच गये। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि बसपा की छाया वर्मा आसानी से चुनाव जीत जायेगी लेकिन जैसे जैसे समय ढल रहा था वैसे वैसे बसपा और सपा के बीच वोटों का अंतर कम होता चला गया और अंतिम समय मे काटे के मुकाबले में सपा के सुभाष राय ने बसपा के डॉ छाया वर्मा को 790 वोट से हराकर जलालपुर सीट बसपा से छीन कर सपा के खाते में डाल दिया। इस सीट के परिणाम से भले ही सरकार के सेहत पर कोई फर्क न पड़ता पर इस को भाजपा अपने लिये बहुत महत्वपूर्ण मान रही थी और सीट को बसपा से छीन कर अपने कब्जे में करना चाहती थी। मुख्यमंत्री योगी ने चुनाव के घोषणा से पहले जलालपुर आकर कई घोषणा किया और चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या प्रदेशाध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने जनसभा किया कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक को यहाँ का चुनाव प्रभारी बनाया तथा दर्जनों मंत्री जलालपुर में कैम्प करके भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए नुक्कड़ सभा किये वही सपा बसपा के कई नेताओं को अपने पार्टी में लेकर आये। इतना सब करने के बाद भी भाजपाई जलालपुर की जनता को अपने पक्ष में नही कर सके।

# पेज एक का शेष

### बहुमत से...

हैरान और परेशान है। गत अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव में उसे सभी 10 सीटों पर कब्जा जमाया था और उसे 58 फीसदी मत मिला था लेकिन विधानसभा चुनाव में उसका मत प्रतिशत 22 फीसदी गिर गया है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध ताजा सूचना के अनुसार उसे 36.3 प्रतिशत मत मिले हैं। इस विधानसभा चुनाव में पहले के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के आसपास ही मत मिला है। लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस का मत प्रतिशत 28.42 प्रतिशत था जबकि इस विधानसभा चुनाव में उसे कुल मतदान का 28.2 प्रतिशत मिला है। खट्टर सरकार के आठ दिग्गज मंत्री चुनाव हार गए हैं और चुनावी अखाड़े में उसके टिकट पर उतरे नामी गिरामी पहलवान योगेश्वर दत्त-बबीता फोगाट चारों खाने चित्त हो गए हैं। भाजपा ने अपने 10 मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा था जिनमें से सिर्फ दो ही जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। कैबिनेट मंत्री और पांच बार विधायक रहे अनिल विज अपनी पारंपरिक सीट अंबाला छावनी से जीत गए हैं। राज्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने भी बावल सीट से जीत दर्ज की है। हारने वाले मंत्रियों में रामबिलास शर्मा (महेंद्रगढ़), कैप्टन अभिमन्यु (नारनौंद), ओमप्रकाश धनखड़ (बादली), कविता जैन (सोनीपत), कृष्णलाल पंवार (इसराना), मनीष कुमार ग्रोवर (रोहतक), कृष्ण कुमार बेदी (शाहबाद) और कर्ण देव कांबोज (रादौर) शामिल हैं। भाजपा ने अपने दो मंत्रियों-विपुल गोयल और राव नरबीर सिंह को टिकट नहीं दिया था। मुख्यमंत्री खट्टर ने करनाल सीट बरकरार रखी है। भाजपा के एक नेता ने चुनाव परिणाम का जिक्र करते हुए स्वीकार किया कि हरियाणा में स्थानीय मुद्दों ने चुनाव में पार्टी के उम्मीद से कमतर रहे प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा ने चुनाव में अनुच्छेद 370 जैसे व्यापक महत्व वाले राष्ट्रीय विषयों को चुनावी मुद्दा बनाया था। त्रिशंकु विधानसभा बनने पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के चुनाव प्रचार की कमान संभालने वाले वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उन्हें थोड़ा और समय मिलता तो कांग्रेस को पूर्ण बहुमत हासिल हो जाता। गैर-भाजपा दलों से एकजुट होने का आग्रह करते हुड्डा ने रोहतक में संवाददाताओं से कहा कि यह जनादेश भाजपा के खिलाफ है। निर्दलीयों सहित जजपा, इनेलो और अन्य को कांग्रेस के साथ हाथ मिला लेना चाहिए ताकि भाजपा को दूर रखा जा सके। हुड्डा ने आरोप लगाया कि प्रशासन भाजपा की ओर से निर्दलीयों पर समर्थन देने का दबाव डाल रहा है और उन्हें स्वतंत्र रूप से नहीं घूमने दे रहा। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कुमारी शैलजा ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने भाजपा को खारिज कर दिया है और वे न्याय की नई सुबह अपनाने को तैयार हैं। नतीजों पर टिप्पणी करते जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इससे पता चलता है कि (मनोहर लाल) खट्टर सरकार के खिलाफ व्यापक सत्ता विरोधी लहर है। यह पूछे जाने पर कि उनकी पार्टी भाजपा को समर्थन देगी या कांग्रेस को, जवाब मिला कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। पहले वह पार्टी विधायकों की बैठक बुलाएंगे, फैसला करेंगे कि सदन में जजपा का नेता कौन होगा और फिर इस पर आगे सोचेंगे। साथ ही यह भी कहा, हरियाणा के लोग बदलाव चाहते हैं।

### बीजेपी ने...

की गोविंद नगर सीट पर बीजेपी के सुरेंद्र मैथानी ने कांग्रेस की करिश्मा ठाकुर को 21244 वोटों से पराजित किया है। चित्रकूट की मानिकपुर पर बीजेपी के आनंद शुक्ला ने सपा के डा निर्भय सिंह पटेल को 12840 मतों के अंतर से हराया है। प्रतापगढ़ में अपना दल सोनेलाल पटेल ने सपा के बृजेश वर्मा को 29721 वोटों से पराजित किया है। बाराबंकी की जैदपुर सुरक्षित पर सपा के गौरव कुमार रावत ने बीजेपी के अम्बरीश को 4165 मतों के अंतर से हराया है। अंबेडकर की जलालपुर पर सपा के सुभाष राय ने बसपा की प्रत्याशी डा. छाया वर्मा को 790 वोटों से हराया है। बहराइच की बलहा सुरक्षित पर बीजेपी की सरोज सोनकर ने सपा की किरन भारती को 46487 मतों से पराजित किया है। घोसी में बीजेपी के विजय कुमार राजभर ने सपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी सुधाकर सिंह से 1773 मतों से पराजित किया है। जिन 11 सीटों पर सोमवार को उपचुनाव हुए, उनमें से आठ पर भाजपा का और एक पर उसकी सहयोगी अपना दल सोनेलाल का कब्जा था। दो सीटों पर सपा और बसपा का कब्जा था। मई के लोकसभा चुनावों में विधायकों के सांसद बनने के बाद अधिकांश सीटों पर उपचुनाव कराने पड़े। वहीं घोसी विधायक फागू चौहान को बिहार का राज्यपाल बनाए जाने के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। विधानसभा की 403 सीटों में से भाजपा के पास 302, उसकी सहयोगी अपना दल एस के पास आठ, सपा के पास 47, बसपा 18 और कांग्रेस के पास सात विधायक हैं। उप चुनाव में विपक्षी दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

### कंपनियों को...

सकल आय की गणना और कंपनियों को उसका भुगतान करने के लिए समयसीमा तय करेगी। केंद्र ने जुलाई में शीर्ष अदालत से कहा था कि भारती एयरटेल, वोडाफोन जैसी प्रमुख निजी दूरसंचार कंपनियों और सरकार के स्वामित्व वाली एमटीएनएल और बीएसएनएल पर उस दिन तक 92,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि लाइसेंस शुल्क के रूप में बकाया है। दूरसंचार विभाग ने न्यायालय में दाखिल हलफनामे में कहा था कि गणना के अनुसार एयरटेल पर 21,682.71 करोड़ रुपए लाइसेंस शुल्क के बकाया थे। इसी तरह वोडाफोन पर 19,823.71 करोड़ रुपए और रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 16,456.47 करोड़ रुपए बकाया था। हलफनामे में यह भी कहा गया था कि बीएसएनएल पर 2,098.72 करोड़ रुपए और एमटीएनएल पर 2,537.48 करोड़ रुपए बकाया है। हलफनामे के अनुसार इन सभी दूरसंचार कंपनियों से कुल 92,641.61 करोड़ उस दिन तक वसूल करना था। नई दूरसंचार नीति के अनुसार दूरसंचार लाइसेंसधारकों को अपनी समायोजित सकल आय का कुछ प्रतिशत सालाना लाइसेंस शुल्क के रूप में सरकार को देना होगा। इसके अलावा, मोबाइल संचार सेवा प्रदाताओं को उन्हें आवंटित स्पेक्ट्रम की रेडियो फ्रीक्वेंसी के उपयोग के लिए स्पेक्ट्रम उपायोग शुल्क का भी भुगतान करना होता है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में कहा था कि किराया, अचल संपत्ति की बिक्री पर लाभ, लाभांश और प्रतिभूति से होने वाली आमदनी जैसे गैर-संचार राजस्व को समायोजित सकल आय माना जाएगा जिस पर उन्हें सरकार को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करना होगा।

# भाजपा का स्ट्राइक रेट बेहतर रहाः फड़णवीस

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने पर कहा कि भाजपा ने 2014 की तुलना में कम सीटें जीती हैं लेकिन इस बार उसका स्ट्राइक रेट बेहतर है। फड़णवीस ने भाजपा नीत राजग को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश देने को लेकर महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और शिवसेना सत्ता की साझेदारी के बारे में अपने बीच हुए पूर्व के निर्णय के अनुसार आगे बढ़ेगी। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भाजपा के कुछ नेताओं की बगावत के चलते पार्टी को विधानसभा चुनाव में नुकसान का सामना करना पड़ा लेकिन इनमें से 15 उनके संपर्क में हैं। हालांकि, उन्होंने सतारा लोकसभा सीट पर हुए उपुचनाव में पार्टी से उम्मीदवार उदयनराजे भोसले और परली विधानसभा सीट पर पंकजा मुंडे (राज्य सरकार में मंत्री) के हारने पर हैरानगी जताई। उन्होंने कहा, मैं महायुति(महागठबंधन) को स्पष्ट जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, यह समय खुशी मनाने का है ना कि विश्लेषण करने का। लेकिन जब हम नतीजों को देखते हैं तो भाजपा ने 2014 में 260 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 122 पर जीत दर्ज की थी। इस बार हम 164 सीटों पर चुनाव लड़े और 105 सीटों आने की संभावना है। हमारा स्ट्राइक रेट बेहतर है, हमनें 70 प्रतिशत सीटें जीती हैं। फड़णवीस ने 2014 में कुल वोटों में भाजपा को 28 प्रतिशत प्राप्त होने का जिक्र करते हुए कहा, इस बार हमें 26.5 प्रतिशत वोट मिले जबकि हम 164 सीटों पर चुनाव लड़े थे। उन्होंने राकांपा प्रमुख शरद पवार पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने (पवार ने) कहा था कि विपक्षी पार्टियां चुनाव में सूपड़ा साफ कर देंगी। उन्होंने कहा, सिर्फ हम सरकार बनाने जा रहे हैं, वे (विपक्ष) इससे कोसों दूर है।

## उद्धव का भाजपा के साथ सत्ता बंटवारे के लिए 50:50 फॉर्मूले पर जोर

एजेंसी। मुंबई





**महाराष्ट्र में** सरकार गठन के दौरान अपने सहयोगी दल भाजपा के साथ कड़ा मोलभाव करने के संकेत देते हुए शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वक्त सत्ता बंटवारे के लिए 50:50 फॉर्मूले को लागू करने का है। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों में से भाजपा 101 सीटों पर जीती या आगे चल रही है तथा शिवसेना 57 सीटों पर जीती या आगे चल रही है। दोनों पार्टियां आसानी से सरकार बना सकती है जबकि भाजपा अपने दम पर बहुमत के करीब पहुंचने के अपने लक्ष्य से दूर दिखाई दे रही है जिससे शिवसेना की स्थिति मजबूत हो गई है ।पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि कौन-सी पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिलेगा, इस पर ठाकरे ने कहा, यह वक्त भाजपा को उस फॉर्मूले की याद दिलाने का है जिस पर हम तब राजी हुए थे जब भाजपा प्रमुख अमित शाह मेरे घर आए थे...हम गठबंधन के लिए 50:50 फॉर्मूले पर पहुंचे थे। ठाकरे ने कहा, हम भाजपा के मुकाबले कम सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हुए लेकिन हर बार भाजपा के लिए गुंजाइश नहीं बनाई जा सकती। मेरी पार्टी को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि वह अपनी पार्टी और भाजपा नेताओं के साथ नतीजों पर चर्चा करेंगे तथा गठबंधन के अगली सरकार बनाने के लिए दावा पेश करने से पहले शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सत्ता बंटवारे के फॉर्मूले पर पहुंचेंगे ।जनादेश को कई लोगों की आंखे खोलने वाला बताते हुए ठाकरे ने कहा कि राज्य के लोगों ने लोकतंत्र को जिंदा रखा ।उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस-राकांपा के चुनावों में उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करने का जिक्र करते हुए कहा, अब कोई भी ईवीएम पर सवाल नहीं उठाएगा। शिवसेना प्रमुख ने कहा, राजनीतिक दलों को जमीन पर पांव रखने की जरूरत है वरना लोग उन्हें उनकी जगह दिखा देते हैं।

# दुष्यंत चौटालाः किंगमेकर , देवीलाल की विरासत के संभावित उत्तराधिकारी

एजेंसी। चंडीगढ़

**हरियाणा विधानसभा** के चुनाव परिणाम ने पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं दिग्गज जाट नेता देवीलाल की विरासत पर चर्चा का रुख उनके प्रपौत्र दुष्यंत चौटाला के पक्ष में मोड़ दिया है। चुनाव रुझानों के अनुसार हरियाणा में न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को खुद अपने दम पर सरकार गठन के लिए बहुमत मिलता दिखाई देता है ।दुष्यंत की महीनों पुरानी जननायक जनता पार्टी (जजपा) 10 सीटों पर आगे है। इससे वह किंगमेकर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। मतगणना के आगे बढ़ने के साथ ही 31 वर्षीय दुष्यंत चौटाला ने इस बारे में पत्ते नहीं खोले हैं कि त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में वह सरकार गठन में भाजपा का समर्थन करेंगे या फिर कांग्रेस का ।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। पहले हम अपने विधायकों की बैठक बुलाएंगे और तय करेंगे कि सदन में हमारा नेता कौन होगा तथा इसके बाद किसी चीज पर आगे बढ़ेंगे। जजपा ने दुष्यंत चौटाला के दादा ओमप्रकाश चौटाला और चाचा अभय चौटाला के नेतृत्व वाली मूल पार्टी इनेलो को पछाड़ दिया है जो रुझानों में सिर्फ दो सीटों पर आगे है। दुष्यंत अब जाट समुदाय तथा युवाओं में एक सम्मानित नेता बनकर उभरे हैं। पिछले साल इनेलो में दुष्यंत के पिता अजय चौटाला और चाचा अभय चौटाला के बीच दो फाड़ हो गया था। अजय और अभय पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पुत्र हैं। अजय और उनके पिता इनेलो के कार्यकाल में हुए शिक्षक भर्ती घोटाले में सजा काट रहे हैं ।कुछ लोग दुष्यंत को जोखिम उठाने वाला व्यक्ति मानते हैं। उन्होंने इनेलो के उत्तराधिकार को लेकर अपने चाचा अभय के साथ कानूनी लड़ाई में पड़ने की जगह नई पार्टी बनाने का विकल्प चुना था। कुछ खापों और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने चौटाला परिवार में मेल-मिलाप कराने की कोशिशें की थीं, लेकिन दुष्यंत अपने फैसले पर अटल रहे ।गठन के एक महीने बाद ही जजपा को पिछले साल दिसंबर में जींद उपचुनाव में अपनी पहली चुनावी चुनौती का सामना करना पड़ा। इसके उम्मीदवार दिग्विजय चौटाला भाजपा के हाथों हार गए, लेकिन जजपा कांग्रेस के धुरंधर रणदीप सिंह सुरजेवाला को तीसरे स्थान पर धकेलने में कामयाब रही ।इसके बाद जजपा ने लोकसभा चुनाव में तीन सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ते हुए सात सीटों पर चुनाव लड़ा था ।तब भाजपा ने राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करते हुए अन्य दलों का सूपड़ा साफ कर दिया था। दुष्यंत चौटाला को खुद अपनी हिसार सीट गंवानी पड़ी थी। लेकिन यह हार उन्हें पार्टी निर्माण और विधानसभा चुनाव में एक शक्ति के रूप में उभरने के बड़े लक्ष्य की ओर जाने से नहीं रोक पाई। जजपा ने इस बार किसी के साथ गठबंधन नहीं किया और विधानसभा चुनाव अपने दम पर ही लड़ा ।दुष्यंत ने खुद कड़े मुकाबले वाली उचाना कलां सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की पत्नी एवं भाजपा नेता प्रेमलता के खिलाफ लड़ने का विकल्प चुना और जीत दर्ज की। प्रेमलता ने पिछली बार उन्हें इस सीट पर हराया था। पिछले पांच वर्षों में अपनी यात्रा को याद करते हुए दुष्यंत ने पीटीआई से कहा था, काफी बदलाव हुआ है, राजनीति में आने के लिए मुझे अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी और आज मैं पार्टी का नेतृत्व कर रहा हूं। इसके लिए कड़े प्रयास और बड़े बदलावों की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### उत्तरी सेना कमांडर को ले जा रहा सेना का हेलीकॉप्टर कश्मीर में दुर्घटनाग्रस्त

**जम्मू।** उत्तरी सेना कमांडर को ले जा रहा सेना का एक हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कोई हताहत नही हुआ।अधिकारियो ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी। वह पुंछ जिले के बेदार इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह दो पायलट समेत सात सदस्ईय चालक दल का हिस्सा थे। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नही है।

### कश्मीर में आम जनजीवन प्रभावित

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी मे लगातार 81वे दिन बृहस्पतिवार को आम जनजीवन प्रभावित रहा। मुख्य बाजार बंद रहे और सड़को से यातायात नदारद रहा। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि घाटी मे अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और कुछ क्षेत्रो मे सुबह कुछ घंटे के लिए कुछ दुकाने खुली लेकिन सुबह 11 बजे दुकानों को फिर से बंद कर दिया गया। अधिकारियो ने बताया कि निजी वाहन चले और कुछ क्षेत्रो मे ऑटो रिक्शा तथा कैब का भी संचालन देखा गया। हालांकि सार्वजनिक वाहन सड़को से नदारद रहे। उन्होंने बताया कि स्कूल और कॉलेज खुले लेकिन अभिभावको ने अपने बच्चो की सुरक्षा की आशंका के कारण उन्हे स्कूल नही भेजा।केन्द्र सरकार ने गत पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानो को हटाए जाने और राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशो में बांटे जाने की घोषणा की थी। तब इंटरनेट सेवाएं और मोबाइल तथा लैंडलाइन टेलीफोन सेवाएं बाधित कर दी गईं। लैंडलाइन सेवाओं को पहले और फिर पिछले सप्ताह पोस्टपेड मोबाइल सेवाएं बहाल की गईं। प्रीपेड मोबाइल सेवाएं अभी बाधित है।

### बसपा नेताओं से अभद्रता मामले में सात गिरफ्तार

**जयपुर।** बसपा के दो नेताओं से कथित अभद्रता के मामले मे पुलिस ने सात लोगो को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सात व्यक्तियो के नाम निसार खान, बाबूलाल, दीपक कुमार, राहुल, पूर्ण परनामी, नीरज और विजेंद्र है। इन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया।उल्लेखनीय है कि बसपा नेताओ से अभद्रता की घटना मंगलवार को यहां बनीपार्क मे हुई जहां पार्टी का कार्यालय है। पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय समन्वयक रामजी गौतम तथा पार्टी की राज्य इकाई के प्रभारी सीताराम के चेहरे पर काली स्याही पोत दी और उन्हे जूतो की माला पहनाई। उन्होंने गौतम को गधे पर बैठा दिया। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ।

### भाजपा उम्मीदवार अल्पेश ठाकोर राधनपुर विधानसभा सीट से हारे चुनाव

**अहमदाबाद।** ओबीसी नेता और भाजपा उम्मीदवार अल्पेश ठाकोर राधनपुर विधानसभा सीट से बृहस्पतिवार को उपचुनाव हार गए है। एक अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस के रघुभाई देसाई ने ठाकोर को 3,500 से ज्यादा मतो से हराया। पटेल आरक्षण को लेकर हुए आंदोलन के दौरान ओबीसी नेता के रूप मे उभरे ठाकोर ने 2017 मे कांग्रेस टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था और बाद मे वह पार्टी के साथ मतभेदो की वजह से कांग्रेस से बाहर आ गए थे।



कोलकाताः महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर जश्न मनाते कार्यकर्ता

# केरल उपचुनावः विपक्षी यूडीएफ ने पांच में तीन सीटें जीती

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**● मंजेश्वरम से आईयूएमएल के विधायक अब्दुल रजाक के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी**

**केरल में** पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ को माकपा नीत सत्तारूढ़ एलडीएफ से अपने गढ़ वट्टीयूरकावू और कोन्नी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। हालांकि, यूडीएफ ने दो सीटों पर अपना कब्जा बरकरार रखा और मार्क्सवादियों के गढ़ रहे अरूर सीट पर जीत दर्ज की। उपचुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली।

वट्टीयूरकावू सीट पर तिरुवनंतपुरम के मेयर वी. के. प्रशांत ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के के. मोहनकुमार पर 14,465 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इस सीट पर 2011(जब इस विधानसभा क्षेत्र का गठन हुआ) से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन दो बार विधायक चुने गए थे ।वहीं, यूडीएफ के एक और गढ़ कोन्नी में एलडीएफ के उम्मीदवार यू जिग्नेश कुमार ने 9,953 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। इस सीट पर कांग्रेस का 1996 से कब्जा था। हालांकि, एलडीएफ को माकपा के गढ़ अरूर में शिकस्त का सामना करना पड़ा, जहां यूडीएफ की शनीमोल उस्मान ने 2079 वोटों से जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री पिनराई विजय ने एलडीएफ सरकार की नीतियों का समर्थन करने के लिए एक ट्वीट में लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, केरल ने एक बार फिर से नफरत की राजनीति को खारिज कर दिया और प्रगतिशील राजनीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यूडीएफ ने मंजेश्वरम सीट पर जीत दर्ज की, जहां आईयूएमएल के एमसी कमरूद्दीन ने 7923 वोटों के अंतर से भाजपा उम्मीदवार एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराया ।यूडीएफ उम्मीदवार टी जे विनोद ने एर्नाकुलम सीट से मनु रॉय (एलडीएफ-निर्दलीय) को 3,750 मतों के अंतर से हराया। मंजेश्वरम से आईयूएमएल के विधायक अब्दुल रजाक के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी। जबकि शेष सीटों के विधायक लोकसभा चुनाव में विजई हुए थे जिसके बाद उनकी सीटें रिक्त हो गई थी। उपचुनाव के नतीजों के बाद 140 सदस्ईय विधानसभा में एलडीएफ के विधायकों की संख्या बढ़ कर अब 93 हो गई है, जबकि यूडीएफ के सदस्यों की संख्या 45 हो गई।

# हजेला को मध्य प्रदेश स्थानांतरित करने के लिए केंद्र ने मांगा समय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार असम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) समन्वयक प्रतीक हजेला को मध्य प्रदेश स्थानांतरित करने संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने की समयसीमा बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय पहुंची ।न्यायालय ने केन्द्र और असम सरकार को 18 अक्टूबर को निर्देश दिया था कि हजेला को सात दिनों में उनके मूल राज्य मध्य प्रदेश स्थानांतरित कर दिया जाए ।केंद्र के वकील ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ से बृहस्पतिवार को कहा कि हालांकि सरकार ने असम-मेघालय काडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी को स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाए हैं लेकिन प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी करने में कुछ और समय लगेगा ।न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी पीठ में शामिल हैं। पीठ ने कहा, आप याचिका दायर कीजिए। हजेला को शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी को अंतिम रूप देने और इसके आंकड़ों के प्रकाशन की संवेदनशील कवायद के लिए समन्वयक नियुक्त किया था। शीर्ष अदालत ने हजेला को अधिक संभव अवधि के लिए अंतर-काडर तबादले पर उनके गृह राज्य में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का आदेश दिया ।पीठ ने यह आदेश पारित करने की कोई वजह स्पष्ट नहीं की लेकिन इससे इन अटकलों को बल मिला कि असम राष्ट्रीय नागरिक पंजी को अंतिम रूप से देने के विशाल और संवेदनशील काम की निगरानी के बाद इस अधिकारी को शायद किसी प्रकार के खतरे की आशंका है।

## समय-समय पर पाबंदियों की समीक्षा होनी चाहिएः सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीर के संबंध में कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से बृहस्पतिवार को कहा कि वह राष्ट्र हित में पाबंदियां लगा सकता है, लेकिन समय-समय पर इनकी समीक्षा भी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अगुवाई वाली एक पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रशासन रोजाना इन प्रतिबंधों की समीक्षा कर रहा है। पीठ जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद राज्य में लगाई गई पाबंदियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी ।जम्मू-कश्मीर प्रशासन का पक्ष रख रहे मेहता ने शीर्ष अदालत से कहा, पाबंदियों की रोजाना समीक्षा की जा रही है। करीब 99 प्रतिशत क्षेत्रों में कोई प्रतिबंध नहीं हैं। पीठ में न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई भी शामिल हैं।

# वह दिन दूर नहीं जब पीओके में तिरंगा फहराया जाएगा : सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली



**● सुरंग का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने का प्रस्ताव स्वीकार करने का श्रेय सिंह ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को दिया**

**केंद्रीय मंत्री** जितेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में तिरंगा फहराना संभव होगा। जम्मू-कश्मीर में चेनानी- नाशरी सुरंग का नाम बदलने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का कारवां आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में तिरंगा फहराया जाएगा जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। सुरंग का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने का प्रस्ताव स्वीकार करने का श्रेय सिंह ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को दिया ।उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 2017 में नौ किलोमीटर लंबी सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था जिससे जम्मू और श्रीनगर के बीच दूरी में 31 किलोमीटर की कमी आई लेकिन किन्हीं मजबूरियों के कारण इसका नाम मुखर्जी के नाम पर नहीं रखा जा सका था ।उन्होंने कहा कि 66 वर्ष पहले 11 मई 1953 को मुखर्जी को बिना प्राथमिकी, आरोपपत्र या चेतावनी दिए अवैध रूप से लखनपुर से गिरफ्तार किया गया था और उन्हें चेनानी- नाशरी मार्ग से श्रीनगर ले जाया गया था ।मुखर्जी की 23 जून 1953 को मृत्यु के बाद उनकी मां ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर उनकी मौत की जांच करने की मांग की थी ।उन्होंने कहा, कुछ कारणों से तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने उस पत्र पर ध्यान नहीं दिया और कोई जांच नहीं की गई। अब नया जमाना है। तब नेहरू की सरकार थी, अब मोदी की सरकार है... उस जांच या खामी को पाटा जा सकता है लेकिन यह यादगारी भावी पीढ़ी के लिए उनकी विरासत एवं याद को संजोकर रखेगी।

उन्होंने कहा, नेहरू सरकार की खामियों को मोदी सरकार ने दुरूस्त कर दिया है। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के करीब दो महीने बाद सुरंग का नाम बदलने का निर्णय किया गया है ।चेनानी- नाशरी सुरंग का निर्माण 2600 करोड़ रुपए की लागत से किया गया था। यह सुरंग बर्फ से आच्छादित ऊपरी इलाकों से अलग होकर गुजरती है जिससे यात्रा की अवधि दो घंटे कम हो जाती है और जम्मू से उधमपुर, रामबन, बनिहाल और श्रीनगर यात्रा करने वाले हर समय सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं।



रांची में जनसंवाद यात्रा के आखिरी दिन यात्रा में शामिल महिलाएं मुख्यमंत्री रघुवर दयाल से मुलाकात करतीं हुईं

# पंजाब : उपुचनाव में कांग्रेस की जीत पर अमरिंदर ने शिअद पर साधा निशाना

एजेंसी। बटाला, (पंजाब)



**पंजाब के** मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने उपचुनाव में कांग्रेस की जीत की बृहस्पतिवार को सराहना की और कहा कि जलालाबाद सीट पर शिअद की हार बताती है कि लोगों ने उनके नकारात्मक एजेंडे को खारिज कर दिया है। सिंह ने कहा, अकालियों ने अपनी पिछली चुनावी हारों से कोई सबक नहीं सीखा और धर्म का राजनीतिकरण करने समेत नकारात्मक प्रचार में शामिल रही।

उन्होंने कहा कि सुखबीर बादल के स्वघोषित गढ़ जलालाबाद में उनकी (शिअद) की हार बताती है कि लोगों ने उनके नकारात्मक एजेंडे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन पार्टियों के लिए कोई जगह नहीं है जो लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं करती हैं। कांग्रेस ने फगवाड़ा, मुकेरियां और जलालाबाद विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है। शिरोमणि अकाली दल अपनी झोली में केवल दाखा की सीट डाल सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि नतीजों ने एक बार फिर अकालियों के खोखले दांवों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, उपचुनावों को अकाली जनमत संग्रह बता रहे थे जो स्पष्ट रूप से उनके पक्ष में नहीं गया है और पंजाब के लोगों ने एक बार फिर शिअद की अरचनात्मक नीतियों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह नहीं मानते हैं ए चुनाव उनके कार्यकाल पर जनमत संग्रह था। सरकार पहले ही अपने कई वादों को पूरा कर चुकी है और पंजाब के लोगों ने दिखा दिया है कि वे अपनी सरकार से क्या चाहते हैं। सिंह ने कहा कि अगर शिअद इन चुनावों को जनमत संग्रह मानते हैं तो उन्हें लोगों ने जवाब दे दिया है ।मुख्यमंत्री ने पंजाब में पार्टी की जीत को मुमकिन करने के लिए एक ताकत के रूप में काम करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई दी। दाखा में पार्टी की हार को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने अपने पहले चुनाव में कड़ी टक्कर देने के लिए पार्टी उम्मीदवार संदीप संधू की तारीफ की।

## क्विक न्यूज

### मारुति का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 39 प्रतिशत घटकर 1,391 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 38.99 प्रतिशत घटकर1,391.1 करोड़ रुपए पर आ गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 2,280.2 करोड़ रुपए रहा था।कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय 25.19 प्रतिशत घटकर 16,123.2 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 21,553.7 करोड़ रुपए थी। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री 3,38,317 इकाई रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 30.2 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी का लाभ 35.55 प्रतिशत घटकर 2,767.9 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले 2018-19 की इसी अवधि में 4,295.3 करोड़ रुपए था।

### पाइप के जरिए कोयले की ढुलाई की तैयारी में कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह खानों और स्टॉक के आस पास कोयला के परिवहन में बदलाव ला रहा है। इसके तहत 2023-24 तक ईंधन की ढुलाई मौजूदा सड़क मार्ग की जगह पाइप (पाइप कनवेयर बेल्ट) के जरिए की जाएगी। पाइप कनवेयर बेल्ट के जरिए परिवहन के तहत कोयले की ढुलाई ढके रूप से होती है। कोयला परिवहन का यह माध्यम न केवल पर्यावरण रूप से अनुकूल है बल्कि कोयले की कालाबजारी पर भी अंकुश लगाता है।कंपनी के बयान के अनुसार यह प्रणाली कोल इंडिया के कुछ खदानों में पहले से काम कर रही है। इसे कोयल इंडिया लि. की 35 कोयला परियोजनाओं में लागू किया जाएगा। इनमें प्रत्एक कोयला परियोजना की उत्पादन क्षमता 40 लाख टन सालाना और उससे अधिक होगी।बयान के अनुसार इन 35 परियोजनाओं पर जरूरी बुनियादी ढांचा के लिए कोल इंडिया पूंजी व्यय के तहत निवेश करेगी।

विश्वबैंक कारोबार सुगमता सूची

# भारत ने 14 स्थान की लगाई छलांग, विश्व में 63वां रैंक

एजेंसी। वाशिंगटन




**विश्वबैंक की** कारोबार सुगमता सूची में भारत ने 14 स्थान की छलांग लगाई है और अब वह दुनिया का 63वां ऐसा देश है जहां कारोबार करना सुगम है। विश्वबैंक ने यह सूची बृहस्पतिवार को जारी की। भारत उन शीर्ष दस देशों में शामिल है जिन्होंने इस सूची में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। यह तीसरी दफा है जब भारत सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले देशों में शीर्ष दस में शामिल रहा है। इसकी प्रमुख वजह दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता को कुशल और सफल तरीके से लागू करना है। इससे पिछली सूची में 190 देशों में भारत 77वें स्थान पर था। कारोबार सुगमता सूची में न्यूजीलैंड शीर्ष पर बना हुआ है। इसके बाद क्रमश: सिंगापुर, हांगकांग का स्थान है। दक्षिण कोरिया सूची में पांचवे और अमेरिका छठे स्थान पर है।

भारत के लिए इस सूची में स्थान सुधरना एक राहत भरा मौका है। यह सूची ऐसे समय में आई है जब भारतीय रिजर्व बैंक, विश्वबैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। कारोबार सुगमता सूची-2020 में विश्वबैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए सरकार द्वारा किए गए सुधार प्रयासों की सराहना की है। विश्वबैंक में विकास अर्थशास्त्र के निदेशक सिमोन जानकोव ने एक साक्षात्कार में कहा, यह लगातार तीसरा साल है जब भारत कारोबार सुगमता की दिशा में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष दस देशों में शामिल रहा है। पिछले 20 साल में ऐसा करने में कुछ देश ही सफल रहे हैं। अविश्वसनीय रूप से ऐसा करने वाले अन्य देश जनसंख्या और आकार इत्यादि के मामले में बेहद छोटे (भारत के मुकाबले) हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा पहला देश है जिसने ऐसा कीर्तिमान हासिल किया है। इस साल उसकी रैंकिंग में 14 स्थान का सुधार हुआ है। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 शीर्ष देशों में चीन, बहरीन, सऊद्दी अरब, जॉर्डन, कुवैत, तोगो, तजाकिस्तान, पाकिस्तान और नाइजीरिया हैं। कारोबार सुगमता के मामले में पड़ोसी मुल्क चीन 31वें और पाकिस्तान 108वें स्थान पर है। विश्वबैंक ने अपनी रपट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया पहल का मुख्य लक्ष्य विदेशी निवेश को आकर्षित करना, निजी क्षेत्र विशेषकर विनिर्माण को और देश की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। सरकार ने 2015 में भारत को 2020 तक 50 सर्वाधिक कारोबार सुगम देशों में शामिल कराने का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में एक सवाल के जवाब में जानकोव ने कहा कि सूची में ऊपर चढ़ने की प्रतिस्पर्धा कड़ी हुई है लेकिन भारत अगले एक दो साल में कारोबार सुगमता सूची में शीर्ष 50 देशों में शामिल होने के सही रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि भारत की रैंकिंग 50 से नीचे या 25 के अंदर आ सकती है। लेकिन इसके लिए सरकार को अब महत्वाकांक्षी आर्थिक सुधारों की घोषणा और उन्हें लागू करना शुरू करना होगा। इन सुधारों का जमीन पर असर दिखने में कुछ साल का वक्त लगेगा। विश्वबैंक की रपट में कहा गया है कि कारोबार सुगमता को बढ़ाने वाले सभी क्षेत्रों में लक्षित प्रशासनिक सुधार किए जाने चाहिए। इसमें कर भुगतान पर विशेष ध्यान देना, सीमापार व्यापार और दिवाला समाधान शामिल हैं। कारोबार सुगमता सूची 2016 में देश 130वें स्थान पर था और अब 2020 में यह 63वें स्थान पर है। यह बहुत लंबी छलांग है। विश्वबैंक के अधिकारी ने कहा कि भारत की रैंकिंग में इस साल सुधार की एक बड़ी वजह दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता को सफलतापूर्वक लागू करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 2014 में कुर्सी संभाली थी तब इस सूची में देश की रैंकिंग 142 थी। चार साल के आर्थिक सुधारों के बाद 2018 की कारोबार सुगमता सूची में भारत शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया।

### कारोबार सुगमता में भारत की रैंकिंग सुधरना एक बड़ी उपलब्धि : कांत

**नई दिल्ली।** वैश्विक कारोबार सुगमता सूची में देश की रैंकिंग में लंबी छलांग पर खुशी जताते हुए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। हालांकि उन्होंने कुछ और मानकों पर बेहतरी की उम्मीद जताई। विश्वबैंक की कारोबार सुगतमा सूची-2020 में भारत की रैंकिंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 63वीं रही है। यह सूची 190 देशों की रैंकिंग करती है। विश्वबैंक की रपट में इस रैंकिंग सुधार की अहम वजह सरकार का मेक इन इंडिया कार्यक्रम और निवेश आकर्षित करने के लिए अन्य सुधार करना बताई गई। इसके अलावा दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता को सफलता पूर्वक लागू करने के चलते भी भारत की रैंकिंग सुधरी है। भारत-कोरिया व्यापार भागीदारी मंच-2019 कार्यक्रम से इतर कांत ने यहां कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य पहले शीर्ष 50 देशों में और उसके बाद अगले तीन सालों में शीर्ष-25 देशों में शामिल होने का है। प्रधानमंत्री ने हमारे लिए यह लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि देश का प्रदर्शन बढ़िया रहा है लेकिन अभी और कुछ किए जाने की जरूरत है। कांत ने कहा, मुझे लगता है कि हमने कई पैमानों पर बहुत बढ़िया काम किया है लेकिन हमें परिसंपत्तियों के पंजीकरण, व्यापार को शुरु करने और अनुबंधों के अनुपालन जैसे इत्यादि बहुत से मुद्दों पर बेहतर काम करने की जरूरत है।

### फिच ने 2019-20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 5.5 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया है। उसने बृहस्पतिवार को कहा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में संकट के कारण कर्ज देने में कमी से आर्थिक वृद्धि दर छह साल के न्यूनतम स्तर पर आ गई है। फिच ने इस साल जून में 2019-20 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कंपनी कर की दरों में कटौती समेत सरकार के हाल के उपायों से धीरे-धीरे आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। यह रिजर्व बैंक के इसी महीने जताए गए 6.1 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान से कम है। फिच ने कहा कि अगले वित्त वर्ष (2020-21) में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत तथा उसके अगले वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में घअकर 5 प्रतिशत पर आ गई जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8 प्रतिशत थी। यह 2013 के बाद किसी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर का न्यूनतम स्तर है। फिच ने कहा, अर्थव्यवस्था में कमजोर व्यापक है।

# कारोबार सुगमता में देश की रैंकिंग सुधारने के लिए जीएसटी को बनाया जाएगा और सरल


एजेंसी। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे विश्वबैंक के कारोबार सुगमता सूचकांक में भारत की रैंकिंग सुधारने में मदद मिलेगी। विश्वबैंक की 2020 की कारोबार सुगमता सूची में भारत 14 पायदान ऊपर 63वें स्थान पर आ गया। इसका कारण ऋण शोधन मामलों के समाधान तथा निर्माण परमिट प्राप्त करने में सुधार है। सरकार ने अगले कुछ साल में कारोबार सुगमता रैंकिंग मामले में 50 के भीतर आने का लक्ष्य रखा है।

इसके अलावा संपत्ति पंजीकरण, कर भुगतान, बिजली कनेक्शन लेना और कारोबार शुरू करने के मानदंडों में सुधार हुआ है। हालांकि कर्ज प्राप्त करने, अल्पांश निवेशकों का संरक्षण तथा ठेके को लागू करने के मामले में प्रभावी सुधार नहीं हुए। सीतारमण ने कहा कि अब प्रयास शीर्ष 50 में आने का होगा। उन्होंने कहा कि अभी कंपनी शुरू करने के मानदंड में केवल एक पायदान का सुधार हुआ है, अत: क्षेत्र में सुधार की और कोशिश करनी होगी। सीतारमण ने कहा, जीएसटी के मामले में कठिनाइयां कहां है, इसे समझने की निरंतर प्रक्रिया है...हम इस बात पर भी गौर कर रहे हैं ऑनलाइन रिटर्न फाइल उपयोग करने में कहां समस्याएं हैं। इसीलिए जीएसटी को सरल बनाना निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जीएसटी की अगली बैठक जब भी होती है, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अनुपालन को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएं।

मंत्री ने यह भी कहा कि अगले साल से रैंकिंग में विश्वबैंक कोलकाता और बेंगलुरू में कारोबारी माहौल को शामिल करेगा। फिलहाल वह केवल दिल्ली और मुंबई को शामिल करता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अबतक देश के दो शहरों को ही शामिल किया जाता रहा है। बड़े और क्षेत्रीय विविधता वाले देश में हमने विश्वबैंक से कहा था कि केवल दो शहरों को शामिल करने सही प्रतिनिधित्व नहीं हो सकता। इसीलिए आने वाले वर्ष कोलकाता और बेंगलुरू को शहरों की सूची में शामिल किया जाएगा। इसके तहत विश्वबैंक रैंकिंग सूचकांक तैयार करते समय इन दोनों शहरों के उद्योग से राय लेगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमणियम ने कहा कि बैंकों द्वारा कर्ज देने को लेकर ग्राहकों तक पहुंचने के मौजूदा कार्यक्रम से एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) को कर्ज देने की स्थिति में सुधार होगा।




### भारतीय अर्थव्यवस्था बदलाव के दौर में, वृद्धि की राह पर लौटेगी : एसबीआई चेयरमैन

**वाशिंगटन।** भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है और जल्द यह वृद्धि की राह पर लौटेगी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने यह बात कही। कुमार ने भरोसा जताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द वृद्धि की राह पर लौटेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि वापस लौटेगी। पिछले कुछ साल में कई सुधार किए गए हैं, अर्थव्यवस्था बदलाव के दौर में है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लाया गया है। दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) लाई गई है। इस वजह से हम बदलाव के दौर में हैं। कॉरपोरेट क्षेत्र में काफी साफसफाई हुई है। कुमार (61) पिछले सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। एसबीआई प्रमुख ने कहा कि जब कुछ बदलाव होता है तो मुझे लगता है कि कुछ अड़चन आती है। कुमार ने कहा कि जहां तक विकास की बात है तो भारत अभी विकसित की श्रेणी में नहीं है। इसके अलावा हमारी प्रति व्यक्ति आय भी कम है। भारत में वृद्धि की काफी संभावनाएं हैं। जनसांख्यिकीय (युवा आबादी का अनुपात) भी भारत के साथ है। उन्होंने कहा कि कई अन्य विकसित जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन कम से कम कुछ समय तक भारत के समक्ष ऐसी चुनौती नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वृद्धि वापस लौटेगी। कुमार ने कहा, मेरे विचार में आर्थिक वृद्धि में हम निचला स्तर छू चुके हैं। अब यह क्षेत्र दर क्षेत्र आधार पर ऊपर जाएगी। यदि हम कृषि क्षेत्र को देखें तो मुझे लगता है कि ऋण के मामले में इस साल स्थिति बेहतर है। विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती है और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश भी सुस्त है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार बैंकिंग को प्रत्एक घर के दरवाजे पर पहुंचा चुकी है। सक्रिय खातों की संख्या 90 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके अलावा इन खातों में जमा राशि ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जो बैंकों के लिए घाटे का सौदा नहीं है। उन्होंने कहा कि इन खातों में औसत शेष।,900 रुपए पर पहुंच गया है। जून तक बचत बैंक खातों में जमा राशि 230 अरब रुपए थी। कुमार ने कहा कि जब इतनी बड़ी आबादी को बैंकिंग चैनल के तहत लाया जाता है तो अर्थव्यवस्था को फायदा होता है।

# दूरसंचार राजस्व की परिभाषा पर फैसले को उद्योग जगत ने विनाशकारी बताया

एजेंसी। नई दिल्ली

**दूरसंचार** उद्योग ने दूरसंचार राजस्व की परिभाषा पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को विनाशकारी प्रभाव वाला करार दिया है। दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वोडाफोन आइडिया ने कहा है कि दूरसंचार राजस्व की परिभाषा पर इस फैसले का उद्योग पर काफी प्रतिकूल असर पड़ेगा। कंपनी ने कहा कि वह कानूनी सलाह के बाद इस निर्णय के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। वहीं एक अन्य दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले से कंपनियों की वित्तीय स्थिति कमजोर होगी। उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर निराशा जताते हुए वोडाफोन आइडिया ने सरकार से उद्योग पर वित्तीय दबाव को कम करने के लिए तरीके ढूंढने का आग्रह किया है। वोडाफोन आइडिया ने कहा, हम इस फैसले का अध्ययन करेंगे। अपने कानूनी सलाहकारों से विचार विमर्श के बाद हम अगला कदम उठाएंगे। यदि ऐसा करने के लिए किसी तरह का तकनीकी या प्रक्रियागत आधार होगा तो उसे पुनर्विचार याचिका में शामिल किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस फैसले का देश के दूरसंचार उद्योग पर विनाशकारी असर पड़ेगा। यह उद्योग पहले से ही भारी वित्तीय दबाव से जूझ रहा है। वहीं एयरटेल ने भी इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि सरकार को इसके प्रभाव की समीक्षा करनी चाहिए संकट से गुजर रहे उद्योग पर वित्तीय बोझ को कम करने के रास्ते तलाशने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने दूरसंचार सेवाप्रदाताओं से करीब 92,000 करोड़ रुपए की समायोजित सकल आय (दूरसंचार सेवाओं की बिक्री से प्राप्त आय) की वसूली के लिए केंद्र की याचिका स्वीकार कर ली है। इससे कंपनियों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा। एयरटेल ने फैसले पर निराशा जताते हुए कहा, दूरसंचार सेवा प्रदाता दूरसंचार क्षेत्र को विकसित करने और ग्राहकों को विश्वस्तरीय सेवाएं देने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण देखेगा इंफोसिस में कथित लेखा अनियमिताएं

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंफोसिस के** भीतर व्हिसिलब्लोअर की शिकायत के बाद के घटनाक्रम पर सरकार नजर बनाए हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) कंपनी में कथित लेखा अनियमिताओं के मामले को देखेगा। एनएफआरए कारपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत काम करता है। यह ऑडिटिंग के पेशे का नियमन करने वाला एक स्वतंत्र नियामक है।अधिकारी ने कहा कि एनएफआरए से इंफोसिस में कथित अनैतिक गतिविधियों और लेखा अनियमिताओं के मामले को देखने के लिए कहा गया है।

इंफोसिस ने सोमवार को शेयर बाजारों को अज्ञात व्हिसिलब्लोअर के कंपनी में अनैतिक कामकाज की शिकायत की जानकारी दी थी। बाद में मंगलवार को इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और अमेरिकी बाजार नियामक सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) भी व्हिसिलब्लोअर की शिकायत के बाद इंफोसिस के मामले को देख रहे हैं। इंफोसिस ने एक बयान में कहा, कंपनी एसईसी के साथ इस मामले को लेकर लगातार संपर्क में है। हमें ज्ञात हुआ है एसईसी ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। कंपनी एसईसी को जांच में पूरा सहयोग करेगी। इसके अलावा एक खबर के मुताबिक, सेबी ने इस मामले में कंपनी से अतिरिक्त जानकारी की मांग की है। कंपनी ने यह भी बताया कि वह अमेरिका में उसके खिलाफ प्रतिभूति से जुड़े एक कानूनी वाद के बारे में वह सजग है। कंपनी अदालत में इस कानूनी वाद में अपना मजबूती से बचाव करेगी। अमेरिका की रोजेन लॉ फर्म ने अमेरिका में इंफोसिस के निवेशकों को हुए नुकसान की वसूली के लिए एक कानूनी वाद पहले से दायर किया हुआ है। इंफोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने मंगलवार को बताया था कि खुद को नैतिक कर्मी बताने वाले कंपनी के एक व्हिसिलब्लोअर समूह ने कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलिल पारेख और मुख्य वित्त अधिकारी निलांजन रॉय के खिलाफ लघु अवधि में आय और लाभ बढ़ाने के लिए अनैतिक कामकाज में लिप्त होने का आरोप लगाया है। उनकी इस शिकायत पर कंपनी की व्हिसिलब्लोअर नीति के अनुरूप कार्वाई की गई है। इन पूरे घटनाक्रम के चलते इंफोसिस का शेयर बीएसई पर 1.95 प्रतिशत गिरकर 638 रुपए और एनएसई पर 1.93 प्रतिशत घटकर 638 रुपए पर चल रहा है।

### एफडीआई नियमों को ढील देने के लिए अंतर-मंत्रालई समूह की होगी बैठक

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए एफडीआई नियमों को और सरल तथा आसान बनाने की संभावना पर चर्चा के लिए अंतर-मंत्रालई समूह की बैठक यहां 29 अक्टूबर को होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव गुरुप्रसाद महापात्र की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। अधिकारी ने कहा कि बैठक में रक्षा, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रानिक्स और आईटी तथा वित्त समेत विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारी शामिल होंगे। विभाग उन क्षेत्रों पर गौर कर रहा है, जहां एफडीआई नीति को और उदार बनाना संभव है। इसके लिए डीपीआईआईटी विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के साथ बैठकें कर रहा है।हालांकि ज्यादातर क्षेत्रों में एफडीआई की स्वत: मार्ग से मंजूरी है। रक्षा, दूरसंचार, मीडिया, औषधि और बीमा जैसे कुछ क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों के लिए सरकार की मंजूरी जरूरी है। सरकारी मार्ग के तहत विदेशी निवेशकों को संबंधित मंत्रालया विभाग से निवेश से पहले मंजूरी लेनी होती है जबकि स्वत: मार्ग के मामले में निवेश के बाद केवल आरबीआई को सूचना देनी होती है।कुल नौ क्षेत्र हैं जहां एफडीआई पर पाबंदी है। इसमें लॉटरी कारोबार, जुआ और सट्टा, चिट फंड, रीयल एस्टेट कारोबार तथा सिगार और सिगरेट जैसे तंबाकू के उपयोग वाले उत्पादों के विनिर्माण शामिल हैं। हाल में सरकार ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नियमों में ढील दी। इसमें एकल खुदरा ब्रांड, ठेका खेती और कोयला खनन शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान देश में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) 28 प्रतिशत बढ़कर 16.33 अरब डॉलर रहा।

# विधानसभा चुनावों में भाजपा के मिलेजुले प्रदर्शन से सेंसेक्स में मामूली गिरावट

एजेंसी। मुंबई

**उतार-चढ़ाव भरे** कारोबार में बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों में मामूली गिरावट दर्ज हुई। राज्य विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी भाजपा के लिए मिलेजुले नतीजों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और बैंकिंग कंपनियों शेयरों में गिरावट आई, जिससे बाजार नीचे आ गए। ब्रोकरों ने कहा कि कमजोर वृहद आर्थिक संकेतकों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा दूरसंचार कंपनियों से 92,000 करोड़ रुपए का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) वसूलने संबंधी याचिका स्वीकार किए जाने से बाजार की धारणा कमजोर हुई।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 486 अंक तक नीचे-ऊपर चढ़ने उतरने के बाद अंत में 38.44 अंक या 0.10 प्रतिशत के नुकसान से 39,020.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 38,840.76 अंक के निचले स्तर तक गया। इसने 39,327.15 अंक का उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 21.50 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 11,582.60 अंक पर बंद हुआ। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र







की दूरसंचार कंपनियों से 92,000 करोड़ रुपए का एजीआर स्वीकार करने संबंधी याचिका को स्वीकार कर लिया है। इससे दूरसंचार और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव बढ़ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एस बैंक, एसबीआई और इंडसइंड बैंक 5.76 प्रतिशत तक टूट गए। सेबी और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने इन्फोसिस के खिलाफ व्हिसलब्लोअर द्वारा कंपनी के शीर्ष प्रबंधन के खिलाफ की गई शिकायत की जांच शुरू कर दी है। इससे इन्फोसिस का शेयर 2.36 प्रतिशत तक टूट गया। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) से कंपनी में कथित अनियमितता की जांच करने को कहा है। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक,एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के शेयर 3.31 प्रतिशत तक चढ़ गए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना गठबंधन स्पष्ट बहुमत की ओर अग्रसर हैं। वहीं हरियाणा में त्रिशंकु विधानसभा के संकेत मिल रहे हैं। राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन बहुमत की ओर बढ़ रहा है। वहीं हरियाणा में त्रिशंकु विधानसभा के संकेत हैं। इस बीच, विश्वबैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत 14 स्थानों की छलांग के साथ 63वें पायदान पर पहुंच गया है। हालांकि, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया है। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अध्यक्ष (इक्विटी रिसर्च) पारस बोथरा ने कहा, विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी भाजपा के लिए मिलेजुले नतीजों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। शीर्ष अदालत द्वारा दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ याचिका स्वीकार किए जाने से दूरसंचार उद्योग को झटका लगा है। इससे दूरसंचार क्षेत्र में अनिश्चितता और बढ़ेगी। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.39 प्रतिशत तक की गिरावट आई। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग,जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। वहीं चीन के शंघाई में नुकसान रहा। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार बढ़त में चल रहे थे।इस बीच, अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में दिन में कारोबार के दौरान रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 71 प्रति डॉलर पर चल रहा था। ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.47 प्रतिशत के नुकसान से 60.88 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# करतारपुर गलियारा चालू करने को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ समझौता

● समझौते पर हस्ताक्षर करने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन नरोवाल में भारत-पाकिस्तान सीमा पर करतारपुर जीरो प्वाइंट पर हुआ

**एजेंसी।** लाहौर/डेरा बाबा नानक



**भारत** और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय संबंधों में जारी तनाव से प्रभावित हुए बिना बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक करतारपुर गलियारे को चालू करने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे अब भारत के सिख श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित पवित्र दरबार साहिब तक जा पाएंगे।

यह गलियारा भारत के पंजाब में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतापुर स्थित दरबार साहिब से जोड़ेगा जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज चार किलोमीटर दूर पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नरोवाल जिले में स्थित है। समझौते पर हस्ताक्षर करने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन नरोवाल में भारत-पाकिस्तान सीमा पर करतारपुर जीरो प्वाइंट पर हुआ। इस समझौते के साथ ही गलियारे को चालू करने में आ रही मुख्य कानूनी बाधा को दूर कर लिया गया है। सिख समुदाय लंबे समय से इस गलियारे को खोलने की मांग कर रहा था। भारत की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव एस सी एल दास ने, जबकि पाकिस्तान की तरफ से पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने समझौते पर दस्तखत किए।

समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद फैसल ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपना वायदा पूरा किया है और एक साल के भीतर गलियारे को पूरा कर लिया। फैसल ने कहा, करतारपुर गलियारे को लेकर समझौते पर पहुंचना कभी आसान नहीं था। भारत के साथ हमारे वैमनस्यपूर्ण संबंधों के चलते नि:संदेह यह बहुत ही कठिन बातचीत (भारत के साथ) थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उन बिन्दुओं पर कायम रहा है जो उसने गलियारे पर बातचीत के शुरू में प्रस्तावित किए थे। फैसल ने कहा, समझौते के तहत गलियारा सप्ताह के सातों दिन सूर्योदय से सूर्योस्त तक खुला रहेगा। हर रोज कुल पांच हजार भारतीय सिख पहुंचेंगे और उसी दिन वापस चले जाएंगे। उन्होंने कहा, उन्हें (तीर्थयात्रियों को) अपनी पहचान के लिए सिर्फ अपना पासपोर्ट लाना होगा और इस पर मुहर नहीं लगाई जाएगी। गुरुद्वारा (दरबार साहिब करतारपुर) आने वाले श्रद्धालुओं की सूची उनके यात्रा कार्यक्रम से 10 दिन पहले भारत द्वारा साझा की जाएगी।

समझौते पर हस्ताक्षर होने के तुरंत बाद श्रद्धालुओं का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया। गुरुद्वारा दरबार साहिब में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे। प्रत्एक श्रद्धालु को 20 डॉलर शुल्क का भुगतान करना होगा। भारत ने पाकिस्तान से भारतीय श्रद्धालुओं से शुल्क नहीं वसूलने का आग्रह किया था। फैसल ने कहा कि व्यापक खर्च की तुलना में यह राशि मामूली सी है। यह गुरुद्वारा विश्व का सबसे बड़ा गुरुद्वारा है। उन्होंने कहा, आइए और देखिए कि यह एक अद्‌भुत चीज है। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि इस गलियारे के जरिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को पंजाब प्रांत में अन्य गुरुद्वारों तक जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के अन्य गुरुद्वारों या अन्य जगहों को देखने के लिए यात्रियों को वीजा लेना होगा। हर रोज अनेक लोगों के आने के कारण आतंकवाद की आशंका के बारे में पूछे जाने पर फैसल ने कहा कि गुरुद्वारे के अंदर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, भारतीय मीडिया हमसे बहुत नाराज रहता है। तीन चरण की बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया जा सका। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान गुरु नानक देव की 550वीं जयंती से पहले नौ नवंबर को इस गलियारे का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे।

करतारपुर गलियारे के भारतीय क्षेत्र में आने वाले हिस्से का शिलान्यास उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने पिछले साल नवंबर में पंजाब के गुरदासपुर जिले में किया था। इसके दो दिन बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नरोवाल में कॉरिडोर की आधारशिला रखी थी। गलियारा चालू करने संबंधी समझौते पर ऐसे समय हस्ताक्षर हुए हैं जब जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के भारत के पांच अगस्त के फैसले के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव जारी है।

# एनआरसी को अल्पसंख्यक अधिकारों से गलत तरह जोड़ा जाना निराश करने वाला

● भारत ने संरा में कहा

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



**भारत** ने कहा है कि यह निराश करने वाला है कि असम की राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को गलत तरह से अल्पसंख्यक अधिकारों के मुद्दे से जोड़ा जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के एक विशेष प्रतिनिधि द्वारा एनआरसी के चलते मानवीय संकट की संभावना जताए जाने के बाद नई दिल्ली ने यह बात कही। भारत ने कहा कि किसी को भी अपूर्ण समझ के आधार पर गलत निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में प्रथम सचिव पौलोमी त्रिपाठी ने कहा कि एनआरसी को अद्यतन करना उच्चतम न्यायालय के आदेश और निगरानी वाली संवैधानिक, पारदर्शी तथा कानूनी प्रक्रिया है। त्रिपाठी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की थर्ड कमेटी (सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक) के एक सत्र में कहा, भारत के असम राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी का मुद्दा अल्पसंख्यकों के अधिकारों का मुद्दा नहीं है। हम निराश हैं कि इस मुद्दे को गलत तरीके से अल्पसंख्यक अधिकारों के मुद्दे से जोड़ा जा रहा है। भारत में अल्पसंख्यकों को संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है जो हमारे मौलिक अधिकारों का हिस्सा है और जो न्यायोचित है।

त्रिपाठी की यह टिप्पणी तब आई जब संयुक्त राष्ट्र के अल्पसंख्यक मुद्दों के विशेष प्रतिनिधि फर्नांड डे वैरेनेस ने असम में अवैध प्रवासियों की पहचान और प्रमाणन के लिए की गई एनआरसी कवायद के बारे में कहा। वैरेनेस ने महासभा की कमेटी में अपनी टिप्पणियों में कहा, ...मैं यह मुद्दा उठाते हुए दुखी हूं कि आगामी वर्षों तथा महीनों में राज्यविहीनता की स्थिति और आगे जा सकती है। उन्होंने कहा कि इससे संभावित मानवीय संकट, अस्थिर स्थिति उत्पन्न हो सकती है क्योंकि भारत में हजारों तथा शायद लाखों बंगाली और मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विदेशी माने जाने तथा असम राज्य के नागरिक न माने जाने का जोखिम है और इसलिए वे खुद को राज्यविहीनता की स्थिति में पा सकते हैं।

इसके जवाब में त्रिपाठी ने कहा, अपूर्ण समझ के आधार पर किसी गलत निष्कर्ष पर पहुंचने की जगह न्यायिक प्रक्रिया को पूरा होने देना चाहिए। उन्होंने कहा, यह भेदभाव रहित प्रक्रिया है, जैसा कि डेटा प्रविष्टि के फॉर्म से देखा जा सकता है। त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कहा कि फॉर्म में धार्मिक जुड़ाव के बारे में जानकारी देने से संबंधित कोई कॉलम नहीं है। उन्होंने कहा कि सूची से छूटे किसी भी व्यक्ति के पास इस चरण में संबंधित न्यायाधिकरणों में अपील करने का अधिकार है और न्यायाधिकरण के फैसले से असंतुष्ट लोगों के पास उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। त्रिपाठी ने कहा कि सूची से छूटे ऐसे किसी भी व्यक्ति को राज्य की ओर से नि:शुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी जो कानूनी सहायता का खर्च वहन कर पाने में असमर्थ हो।

उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में सभी के लिए समान अधिकार और अपने संविधान में कानून के शासन के लिए सम्मान सुनिश्चित किया है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए काम करने वाली न्यायपालिका और पूर्ण स्वायत्त राज्य संस्थान हमारे राजनीतिक ताने-बाने तथा हमारी परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। त्रिपाठी की टिप्पणियों के जवाब में वैरेनेस ने कहा, अल्पसंख्यक अधिकार मानवाधिकार हैं। वैरनेस ने कहा, मेरा मानना है कि हमें इस बारे में स्पष्ट होना चाहिए कि असम की स्थिति में मानवाधिकार शामिल हैं। उन्होंने संबंधित लोगों के अधिकारों की रक्षा के वास्ते कुछ कदम उठाने के लिए भारत का धन्यवाद व्यक्त किया, लेकिन कहा कि यदि विशेष प्रतिनिधि असल में जमीनी हकीकत का आकलन करने में सक्षम हो तो अधिक बेहतर होगा।

## नवाज को देखने अस्पताल पहुंची बेटी मरियम खुद बीमार हुईं, अस्पताल में भर्ती



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज की तबियत खराब है और उन्हें उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनके पिता का, प्लेटलेट घट जाने की समस्या की वजह से इजाज चल रहा है। बृहस्पतिवार को मीडिया में आई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार शरीफ (69) की प्लेटलेट्स सोमवार को काफी ज्यादा घट गईं और उनकी हालत गंभीर हो गई। उन्हें कोट लखपत जेल से लाहौर के सर्विस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि कोट लखपत जेल में ही सजा काट रहीं मरियम नवाज ने अपने पिता को अस्पाल में देखने जाने की अनुमति संबंधी अर्जी जवाबदेही अदालत में दाखिल की थी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। प्रधानमंत्री इमरान खान के निर्देश पर पंजाब गृह विभाग ने मरियम को बीमार पिता को देखने जाने की अनुमति दी। पिता से मिलने के बाद मरियम भी बीमार पड़ गईं। इसके बाद उन्हें भी उसी अस्पताल में और नवाज के कमरे के बगल वाले कमरे में ही भर्ती किया गया है। जिओ टीवी के मुताबिक, मरियम को वीवीआईपी 2 में भर्ती किया गया है वहीं उनके पिता वीवीआईपी। में भर्ती हैं।रिपोर्ट के अनुसार, उनकी जांचें चल रही हैं। मरियम को जवाबदेही अदालत ने धन शोधन के एक मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। बाद में उनकी हिरासत की अवधि बुधवार को दो दिन के लिए और बढ़ा दी गई थी।

## पाक समर्थक प्रदर्शनकारियों को लंदन में भारतीय मिशन के बाहर एकत्रित होने की नहीं मिली इजाजत

**लंदन।** ब्रिटेन के अधिकारियों ने पाकिस्तान समर्थक प्रदर्शकारियों को रविवार को कश्मीर को लेकर प्रदर्शन के लिए यहां लंदन में भारतीय मिशन के बाहर एकत्रित होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि बुधवार को प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों को बताया था कि ऐसे प्रदर्शनों के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय मिशन के एक प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, उन्हें उच्चायोग के बाहर एकत्रित नहीं होने दिया जाएगा। इससे पहले 15 अगस्त को इन्हीं समूहों के प्रदर्शन के दौरान झड़पें हुई थीं।



चिली के सैंटियागो में आम हड़ताल के बीच पुलिस के साथ झड़प के दौरान चिली के झंडे को लहराते प्रदर्शनकारी

## सिंगापुर में भारतीय दंपति पर मानव तस्करी के आरोप लगे

**एजेंसी।** सिंगापुर

**सिंगापुर** में एक भारतीय दंपति पर उनके नाइट क्लब में काम करने वाली बांग्लादेशी महिलाओं के एक समूह के शोषण को लेकर मानव तस्करी के आरोप लगे हैं। दंपति पर इन महिलाओं का वेतन कथित तौर पर नहीं देने, उनके पासपोर्ट जब्त करने और उनमें से एक को वेश्यावृत्ति में धकेलने का आरोप है। टुडे समाचारपत्र ने खबर दी है कि मलकर सवलारम अनंत (51) और उसकी पत्नी प्रियंका भट्टाचार्य राजेश (31) पर इन महिलाओं को अपने निवास पर बंधक बना कर रखने, उनका मोबाइल फोन एवं पासपोर्ट जब्त कर लेने और 720 डॉलर का उनका मासिक वेतन नहीं देने का आरोप है। ए महिलाएं उनके हिंदी मनोरंजन क्लब कंगन में काम करती थीं। जिला न्यायाधीश शैफुद्दीन सरुवन ने बुधवार की सुनवाई के दौरान मामले में 15 नवंबर के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया। सिंगापुर के उप लोक अभियोजक जेम्स च्यू और रिंपलजीत कौर ने 20 दिन से ज्यादा चले मुकदमे के बाद दंपति के खिलाफ लिखित निवेदन में जोड़े के खिलाफ इस मामले को विस्तार से बताया है। खबर में बताया गया कि अनंत पर मानव तस्करी रोधी कानून (पीएचटीए) के तहत तीन आरोपों समेत कुल पांच आरोप लगे हैं। प्रियंका पर भी इसी तरह के पांच आरोप के साथ एक पीड़िता को वेश्यावृत्ति में धकेलने का भी आरोप लगा है। अगर यह दंपति दोषी पाया जाता है तो वे देश के 2015 के मजदूर तस्करी कानून के तहत पहले सजा पाने वाले पहले दोषी होंगे और उन्हें 10 साल की सजा के साथ ही उन पर 73,366 डॉलर का जुर्माना तक लग सकता है।

# आतंकवादी नेटवर्क के मुखिया को पाकिस्तान में मिलती है पनाह

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

**पाकिस्तान** पर परोक्ष हमला करते हुए भारत ने कहा है कि जो देश आतंकवादी नेटवर्क के मुखिया को अपने यहां पनाह देता है उससे ज्यादा मानवाधिकारों के हित को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बाद पाकिस्तान ने इस हफ्ते संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि वहां संचार माध्यम ठप्प पड़े हुए हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि कश्मीर के लोगों को उनके मूल अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इस पर जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में स्थाई भारतीय मिशन की प्रथम सचिव पालोमी त्रिपाठी ने कहा कि वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मानवाधिकार के मुद्दे का छद्म तरीके से इस्तेमाल कर इसकी साख को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। त्रिपाठी ने सोमवार को पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए महासभा की तीसरी समिति (सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक) में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से इस तरह के एक अन्य प्रयास में एक और प्रतिनिधिमंडल ने मेरे देश के अंदरूनी मामलों का जिक्र किया है।

उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि दुनिया भर में आतंकवाद के कई पीड़ित ट्रॉमा में हैं जबकि इस देश में आतंकवादी नेटवर्क के मुखिया को पनाह मिलती है। त्रिपाठी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस छलावे से परिचित है और इन प्रयासों को खारिज कर दिया है जो क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा पर पर्दा डालने का हताशापूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे पर अब और ध्यान नहीं देना चाहता। मानवाधिकारों को बढ़ावा और संरक्षण देने के मुद्दे पर तीसरी समिति के समक्ष परिचर्चा में त्रिपाठी ने कहा कि देश का मानवाधिकार दायित्व सभी क्षेत्रों में है और देशों को इसके लिए कई स्तर पर क्षमता बढ़ाने की जरूरत है और आपसी समन्वय बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहयोग इस मामले में महत्वपूर्ण है।

## क्विक न्यूज

### पश्चिमी मेक्सिको में विमान दुर्घटना में पांच लोगों की मौत


**मेक्सिको सिटी।** पश्चिमी मेक्सिको के मिकोआकन राज्य के अधिकारियो ने बताया कि एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मकोआकन राज्य अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को बताया कि वह मादेरो कस्बे के लास जुंटास में हुई विमान दुर्घटना की जांच कर रहा है। कार्यालय ने बताया कि मरने वालों का फिलहाल यह प्रारंभिक आंकड़ा है। मारे गए लोगों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

### ट्रक में मिले 39 शव चीनी नागरिकों के: ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटेन में एक ट्रक में मिले 39 शव चीनी नागरिकों के हैं। ब्रिटेन पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। आठ महिलाओं और 31 पुरूषों की हत्या के संदेह पर पुलिस नॉर्दर्न आयरलैंड के ट्रक ड्राइवर से लगातार पूछताछ कर रही थी। नॉर्दर्न आयरलैंड में अधिकारियों ने तीन जगहों पर छापा भी मारा है और नेशनल क्राइम एजेंसी ने कहा कि वह अपराध को अंजाम देने मे शामिल आपराधिक संगठनों की पहचान कर रहे है। बीबीसी की खबर के अनुसार आठ महिलाओं और 31 पुरूषों की हत्या के संदेह पर पुलिस ट्रक ड्राइवर मो रॉबिनसन (25) से लगातार पूछताछ कर रही है। ट्रक बेल्जियम में जीब्रुगी से टेम्स नदी के तट पर स्थित परफ्लीट में पहुंचा था। एस्सेक्स के ग्रेज स्थित वाटरग्लेड इंडस्ट्रियल पार्क मे एंबुलेंस कर्मी ने बुधवार सुबह इन शवों को देखा था। एस्सेक्स शहर लंदन से करीब 32 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पुलिस ने बताया कि ट्रक का आगे का हिस्सा नॉर्दर्न आयरलैंड से आया था और परफ्लीट में इसके पीछे के हिस्से को जोड़ा गया था। बेल्जियम के फेडरल पब्लिक प्रोसेक्यूटर के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह अभी स्पष्ट नही है कि मृतकों को ट्रक मे कब रखा गया और क्या यह घटना बेल्जियम में हुई? एस्सेक्स पुलिस ने कहा कि 39 शवों की औपचारिक पहचान एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है।

# पाक ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कश्मीर में पाबंदियां खत्म कराने की अपील की

**एजेंसी।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से और खासतौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से कश्मीर में भारत सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों को खत्म कराने की दिशा में काम करने की अपील की।

जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के भारत सरकार के पांच अगस्त के फैसले के बाद पाकिस्तान नई दिल्ली के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की नाकाम कोशिश करता आ रहा है। कुरैशी ने 24 अक्टूबर को मनाए जाने वाले संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि वैश्विक संस्था ने उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में और मौलिक अधिकारों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा, आत्मनिर्णय का लोगों का अधिकार इसके केंद्र में है। फिर भी इस तरह के एक सार्वभौम मूल्य को जम्मू कश्मीर में रौंदा जा रहा है। कुरैशी ने कहा कि पांच अगस्त के बाद क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा पाबंदियां लगाने के बाद से स्थिति और बदतर हो गई। उन्होंने कहा, जैसा कि हम संयुक्त राष्ट्र दिवस मना रहे हैं, मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से और खासतौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कश्मीर संकट खत्म करने की दिशा में काम करने की अपील करता हूं।

गौरतलब है कि भारत सरकार के अनुच्छेद 370 पर फैसले के बाद राज्य में कई पाबंदियां लगा दी गई थी जिसके तहत मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी। ए पाबंदियां क्रमिक रूप से हटाई जा रही हैं। इस बीच, बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर प्रशासन ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि करीब 99 प्रतिशत इलाकों में किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हालात की रोजाना समीक्षा की जा रही है। राज्य में लगाई गई पाबंदियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष न्यायालय सुनवाई कर रहा है।

# विपक्ष के धरने की योजना से भारत को मिली है खुशी: इमरान खान

**एजेंसी।** इस्लामबाद



**पाकिस्तान** में अगले हफ्ते होने वाले विपक्षी दलों द्वारा आहूत विरोध मार्च के मद्देनजर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्पष्ट किया है कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने इस धरने को विदेश समर्थित एजेंडा बताकर खारिज कर दिया और कहा कि इससे भारत को खुशी मिली है।

उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख फज़्ल-उर-रहमान की अगुवाई में 31 अक्टूबर को राजधानी इस्लामाबाद में आज़ादी मार्च निकलेगा। इस मार्च को जेल में बंद पूर्व प्रधामंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली ज़रदारी की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी समेत सभी बड़ी विपक्षी पार्टियों ने अपना समर्थन दिया है। रहमान ने आरोप लगाया है कि जुलाई 2018 में हुए चुनाव में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की मदद करने के लिए धांधली की गई थी। उन्होंने खान का इस्तीफा मांगा है। जिओ न्यूज़ ने खबर दी है कि प्रधानमंत्री ने पत्रकारों और विशेषज्ञों के साथ बैठक में कहा कि उन्हें रहमान के प्रदर्शन के पीछे साजिश दिखती है और यह किसी विशेष एजेंडे के तहत किया जा रहा है।

खबर में खान के हवाले से कहा गया है, मेरे इस्तीफे का सवाल ही पैदा नहीं होता और मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। धरना एजेंडे के तहत किया जा रहा है और इसे विदेशी समर्थन प्राप्त है। खान का मानना है कि जेयूआई-एफ के प्रदर्शन की योजना से भारत खुश है। उन्होंने कहा, मैं मौलाना (फज़्ल-उर-रहमान) की परेशानी समझ नहीं पा रहा हूं। मैं विपक्ष का एजेंडा समझ नहीं पा रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महंगाई और बेरोज़गारी बड़े मुद्दे हैं और सरकार उन्हें हल करने के लिए काम कर रही है। खान ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विपक्ष की मांग पर मैं इस्तीफा नहीं दूंगा।उन्होंने कहा कि पहले तो भारत मौलानाओं के खिलाफ था लेकिन अब वे रहमान के प्रदर्शन से खुश हो रहे हैं। खान ने कहा कि प्रदर्शन कश्मीर के मुद्दे को नुकसान पहुंचाएगा क्योंकि इससे घाटी में नाकेबंदी से ध्यान हटेगा।उन्होंने कहा, हमें सोचना चाहिए इससे किसे फायदा होगा।

# बांग्लादेश में किशोरी को जिंदा जलाए जाने के मामले में 16 लोगों को मृत्युदंड

**एजेंसी।** फेनी (बांग्लादेश)

**बांग्लादेश** की एक अदालत ने अप्रैल में 19 वर्षीय एक छात्रा को जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने के मामले में बृहस्पतिवार को 16 लोगों को मौत की सजा सुनाई। इस घटना के विरोध में देशभर में व्यापक प्रदर्शन हुए थे। नुसरत जहां रफी ने एक मदरसे के मौलाना के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत वापस लेने से इनकार कर दिया था जिसके कारण केरोसिन छिड़ककर उसे जिंदा जला दिया गया था। अभियोजक हाफिज अहमद ने लोगों की भारी भीड़ के बीच अदालत में फैसला सुनाए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह फैसला साबित करता है कि बांग्लादेश में कोई हत्यारा कानून से नहीं बचेगा। हमारे यहां कानून का शासन है।

छात्रा को उस मदरसे की छत पर फुसलाकर ले जाया गया था, जहां वह पढ़ती थी। हमलावरों ने उससे शिकायत वापस लेने को कहा था। जब उसने इनकार किया, तब हमलावरों ने उसे बांध दिया और उस पर केरोसिन डालकर उसे आग लगा दी। इसमें नुसरत 80 प्रतिशत जल गई थी। उसने पांच दिन बाद 10 अप्रैल को अस्पताल में दम तोड़ दिया। नुसरत की हत्या को लेकर बांग्लादेश में तीखी प्रतिक्रिया और व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस घटना ने बांग्लादेश में यौन उत्पीड़न के मामलों की बढ़ती चिंताजनक संख्या को भी रेखांकित किया था।प्रदर्शनकारियों ने किशोरी के हत्यारों के लिए कड़ी सजा की मांग की थी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी सभी अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने का वादा किया था। नुसरत ने मार्च के आखिर में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। लीक हुए एक वीडियो में दिखाया गया है कि स्थानीय पुलिस थाना प्रमुख ने उसकी शिकायत दर्ज की लेकिन इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह बड़ी बात नहीं है।

## हांगकांग में प्रदर्शन, अहम नीतियों की समीक्षा के लिए होगी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक

**बीजिंग।** हांगकांग में लोकतंत्र के समर्थन में हुए अभूतपूर्व प्रदर्शनों से नेतृत्व के निपटने, अर्थव्यवस्था में आई नरमी और व्यापार युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिकी समझौते पर चर्चा में असमान्य रूप से हुई देर के बाद चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी सोमवार को यहां बैठक करेगी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के 25 सदर्स्ईय राजनीतिक ब्यूरो ने 28 से 31 अक्टूबर तक यहां चौथी पूर्ण बैठक करने का बृहस्पिवार को फैसला किया। ब्यूरो नीति संबंधी निर्णय लेने वाली सीपीसी की शीर्ष इकाई है।

# मलेशिया-भारत को अपने मतभेद मैत्रीपूर्ण तरीके से हल करने चाहिए: अनवर इब्राहिम

**एजेंसी।** कुआलालंपुर




**मलेशिया** के शीर्ष नेता अनवर इब्राहिम ने कहा कि मलेशिया को भारत के साथ अपने मतभेदों को मैत्रीपूर्ण तरीके से हल करना चाहिए क्योंकि देश के कारोबार के लिए भारत महत्वपूर्ण है। मलेशिया के प्रधानमंत्री महातीर मोहम्मद द्वारा कश्मीर को लेकर दिए गए बयान के बाद दोनों देशों के बीच कारोबारी और राजनयिक रिश्ते तनावपूर्ण है। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए मोहम्मद ने आरोप लगाया था कि भारत ने जम्मू-कश्मीर पर आक्रमण कर कब्जा किया। इसके अलावा उन्होंने नई दिल्ली से पाकिस्तान के साथ इस मुद्दे को सुलझाने को कहा था। हालांकि इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी आपत्ति जताई थी। मोहम्मद की टिप्पणी की निंदा करते हुए भारत की एक व्यापार इकाई ने सोमवार को अपने सदस्यों से मलेशिया के पाम तेल का बहिष्कार करने को कहा है। बुधवार को संवाददाताओं से बात करते हुए मलेशिया के सांसद और पार्ती कियादिलां राक्यात (पीकेआर) के नेता इब्राहिम ने कहा, संभव है कि वह देश में कुछ लोगों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हों लेकिन हमें इसे मैत्रीपूर्ण तरीके से हल करने का रास्ता तलाशना होगा क्योंकि यह हमारे देश के कारोबार के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि मोहम्मद ने मंगलवार को कहा है कि वह कश्मीर को लेकर अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और वह अपने मन की बात कहते हैं और इसे बदलते नहीं हैं।

# कोहली को विश्राम, शिवम को मिला मौका

- बांग्लादेश के खिलाफ टी20 टीम शामिल
- दुबे पहली बार टीम में
- श्रृंखला तीन नवंबर को तीन टी20 मैचों से शुरू होगी और उसके बाद दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे





एजेंसी। मुंबई

भारतीय कप्तान विराट कोहली को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए गुरुवार को विश्राम दिया गया जबकि मुंबई के शिवम दुबे को भारत ए टीम की तरफ से शानदार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पहली बार टीम में लिया गया है।
विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और स्पिनर युजवेंद्र चहल की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। पूर्व की तरह कोहली की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करेंगे। केरल के 24 वर्षीय सैमसन ने अपना एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय जिम्बाब्वे के खिलाफ 2015 में खेला था। भारत ए टीम के नियमित सदस्य सैमसन को विजय हजारे ट्राफी में अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने आठ पारियों में एक दोहरे शतक की मदद से 410 रन बनाए थे। चयनसमिति की बैठक में आलराउंडर हार्दिक पंड्या के नाम पर विचार नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ दर्द से नहीं उबरे हैं। उनकी जगह 26 वर्षीय दुबे को सबसे छोटे प्रारूप में जगह मिली है। दुबे को विजय शंकर पर प्राथमिकता दी गई। उनके चयन में उनकी लंबे शाट खेलने की क्षमता ने अहम भूमिका निभाई। चयनसमिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, आपने देखा है कि पहले हमारे पास हार्दिक पंड्या थे, इसके बाद हमने विजय शंकर को भी आजमाया। हम सभी इस पर सहमत थे हमें जिस भूमिका के लिए खिलाड़ी चाहिए उसमें वह (दुबे) फिट बैठता है। उन्होंने कहा, वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करता है। वेस्टइंडीज में भारत ए श्रृंखला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे (भारत ए के लिए) में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया। श्रृंखला तीन नवंबर को तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से शुरू होगी और उसके बाद दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टी20 तीन नवंबर को नई दिल्ली में होगा जबकि बाकी दो मैच सात और दस नवंबर को क्रमश: राजकोट और नागपुर में खेले जाएंगे। टेस्ट विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। पहला टेस्ट 14 से 18 नवंबर के बीच इंदौर और दूसरा टेस्ट 22 से 26 नवंबर के बीच कोलकाता में खेला जाएगा। बांग्लादेश के खिलाड़ियों की हड़ताल के कारण पहले यह दौरा खटाई में पड़ता नजर आ रहा था लेकिन स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन की अगुवाई वाली क्रिकेटरों ने बुधवार को हड़ताल समाप्त कर दी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में खेलने वाले बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम के नाम पर विचार नहीं किया गया। वह मुख्य टीम का हिस्सा नहीं थे और उन्हें चोटिल कुलदीप यादव की जगह रांची टेस्ट के लिए टीम में लिया गया था। उन्होंने उस मैच में चार विकेट लिए थे। टी20 टीम में मुंबई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को भी शामिल किया गया है जबकि आलराउंडर रविंद्र जडेजा को विश्राम दिया गया है। दिल्ली के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को फिटनेस कारणों से टीम में नहीं चुना गया है। महेंद्र सिंह धोनी ने विश्व कप के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और ऋषभ पंत को उनका उत्तराधिकारी माना जा रहा है लेकिन सैमसन की वापसी से उन पर दबाव बढ़ेगा। चयनसमिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार चोट से उबरकर अगली श्रृंखला (वेस्टइंडीज के खिलाफ) में वापसी कर सकते हैं। नवदीप सैनी उपलब्ध नहीं था और इसलिए हमने शार्दुल ठाकुर को चुना। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी समय लगेगा। बुमराह और हार्दिक दोनों का इस महीने के शुरू में पीठ की परेशानी के लिए ब्रिटेन में आपरेशन किया गया था।

## बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने हड़ताल वापस ली

**● भारत दौरे से संदेह के बादल हटे**

**ढाका।** स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन की अगुआई मे बांग्लादेश के क्रिकेटरों ने वेतन और अन्य सुविधाओं को लेकर जारी हड़ताल वापस ले ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से सभी मांगे पूरी होने का आश्वासन मिलने के बाद खिलाड़ियों ने यह कदम उठाया जिससे उनके भारत दौरे पर मंडरा रहे संदेह के बादल भी छंट गए। बुधवार को लगभग मध्यरात्रि तक चली दो घंटे की बैठक के बाद खिलाड़ियों और बीसीबी के बीच गतिरोध खत्म हुआ। इस समझौते का मतलब है कि तीन नवंबर से शुरू हो रहा बांग्लादेश टीम का भारत का टी20 और टेस्ट दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा और खिलाड़ी शुक्रवार को तैयारी शिविर से जुड़ेंगे। शाकिब के हवाले से ईएसपीएनक्रिकइंफो ने कहा, जैसा कि पेपोन भाई (बीसीबी के प्रमुख नजमुल हसन) ने कहा कि बातचीत फायदेमंद रही। उन्होने और बाकी निदेशकों ने हमे आश्वासन दिया है कि जितना जल्दी संभव हो हमारी मांगे पूरी की जाएंगी। उनके आश्वासन पर हम एनसीएल मे खेलना शुरू कर रहे है और ट्रेनिंग शिविर मे हिस्सा लेंगे। बैठक मे शाकिब के अलावा मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह और तमीम इकबाल जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने सोमवार की 11 मांगो मे दो मांग और जोड़ते हुए कहा कि उन्हें बीसीबी के राजस्व मे प्रतिशत हिस्सा और महिला क्रिकेटरों के लिए समान वेतन भी चाहिए। बीसीबी अध्यक्ष हसन ने दो नवीनतम मांगो पर कोई प्रतिबद्धता नही जताई लेकिन कहा कि शुरुआती 11 मांगो को पूरा किया जाएगा। खिलाड़ियों ने खिलाड़ी संस्था मे चुनाव कराने की भी मांग की जिस पर बीसीबी सहमत हो गया। शाकिब ने कहा, हमने उन्हें कहा कि सीडब्ल्यूएबी चुनाव (खिलाड़ियो की संस्था) होने चाहिए। हम मौजूदा खिलाड़ियों मे से एक प्रतिनिधि चाहते है जिससे कि नियमित तौर पर हमारी समस्याओं पर बोर्ड से चर्चा हो सके। यह खिलाड़ियों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। वे राजी हो गए और चुनाव तब होंगे जब हम सभी उपलब्ध होंगे। मै आपसे कह सकता हूं कि जब मांग पूरी होगी तो हमे खुशी होगी लेकिन बातचीत संतोषजनक रही। खिलाड़ियों की हड़ताल के समय को षड्यंत्र बताकर उन्हे फटकार लगा चुके हसन ने बुधवार को कहा कि बोर्ड क्रिकेटरों की अधिकांश मांगो को मानने के लिए सहमत हो गया है। उनकी 11 मांगो मे से पहली (सीडब्ल्यूएबी चुनाव) का बीसीबी से कोई लेना देना नही है और अंतिम मांग (फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट मे खेलने के लिए प्रति वर्ष दो से ज्यादा अनापत्ति प्रमाण पत्र) पर प्रत्एक मामले के हिसाब से गौर किया जाएगा। बीसीबी प्रमुख ने कहा, बाकी मांगो पर हम सहमत हो गए है जिसमे डीपीएल स्थानांतरण और बीपीएल फ्रेंचाइजी माडल भी शामिल है। साथ ही हम घरेलू प्रतियोगिताओ मे उनके भत्तो मे इजाफा करेंगे और यह अगले दो या तीन दिन मे किया जाएगा, छह महीने या एक साल मे नही। सोमवार को शुरू हुई इस अभूतपूर्व हड़ताल मे प्रथम श्रेणी क्रिकेटर भी शामिल थे। मंगलवार रात बीसीबी खिलाड़ियों कि एक अहम मांग पर सहमत हो गया था कि ढाका प्रीमियर लीग मे क्लब स्थानांतरण प्रणाली की वापसी होगी। ढाका लीग समिति की बैठक के बाद यह फैसला किया गया। खिलाड़ियों की अन्य मुख्य मांग बांग्लादेश प्रीमियर लीग के फ्रेंचाइजी माडल पर वापस लौटने, केंद्रीय अनुबंध के वेतन मे इजाफे और इसमे अधिक खिलाड़ियों को शामिल करने, प्रथम श्रेणी मे अधिक मैच फीस और खिलाड़ी संघ मे हितो का टकराव नही होने से जुड़ी थी।

### बांग्लादेश के खिलाफ टी2 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, लोकेश राहुल, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कृणाल पंड्या, युजवेंद्र चहल, राहुल चाहर, दीपक चाहर, खलील अहमद, शिवम दुबे, शार्दुल ठाकुर। **बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम** : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, आर अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, इशांत शर्मा, शुभमन गिल और ऋषभ पंत।

## भारतीय क्रिकेट की योजनाओं पर कोहली और रोहित से बात की गांगुली ने

**मुंबई।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने गुरुवार को चयनसमिति की बैठक से इतर यहां कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा से मुलाकात की और उनसे भारतीय क्रिकेट टीम की आगे की योजनाओं पर चर्चा की। यह भी पता चला है कि महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भविष्य पर भी बैठक के दौरान चर्चा की गई हालांकि सभी ने इस बैठक को लेकर चुप्पी साधे रखी। कोच रवि शास्त्री बैठक का हिस्सा नहीं थे। यह तय है कि गांगुली अगले महीने ईडन गार्डन्स पर बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान शास्त्री से बात करेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, अध्यक्ष और सचिव कप्तान और उप कप्तान से मिलना चाहते थे। टीम की योजनाओं को लेकर कुछ चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कुछ सुझाव दिए। शाह ने बोर्ड अध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक बुलाई थी। बीसीसीआई ने बैठक की तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल पर साझा की है। इस पर लिखा गया है, सीनियर चयनसमिति की दोपहर बाद बैठक में सभी के चेहरों पर खिली मुस्कान। बैठक में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 और टेस्ट टीम घोषित की गई। रोहित बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों में टीम की अगुवाई करेंगे और इसलिए वह बैठक में शामिल हुए। नियमित कप्तान कोहली इन मैचों में विश्राम दिया गया है। वह इसके बाद दो टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व करेंगे।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Gulshan Kumar** who is purchasing the Plot No.102, Area Measuring 50 Sq. Yds., out of total area measuring 243 Sq. Yds., Part of Khasra No.22/10, situated in the area of Village Razapur Khurd, Colony known as Mohan Garden, Block A-2, New Delhi-110059 from **Mr. Sanjay Kumar** and further will be mortgaging against the financial assistance from **VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD.** To comply the requirements of bank/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 08 days from the date of this notice, at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi - 49 Contact# 011 - 40046316

## चीन 2021 में क्लब विश्व कप की मेजबानी करेगा

**शंघाई।** फीफा ने अपने विस्तारित 24 टीमों के क्लब विश्व कप के पहले टूर्नामेंट की मेजबानी चीन को सौपी है। फुटबाल की वैश्विक संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो ने गुरुवार को इसे एतिहासिक फैसला करार दिया। फीफा के इस फैसले को फुटबाल की दुनिया मे चीन के बढ़ते रुतबे के तौर पर देखा जा सकता है और यह अंततः देश के अकेले दम पर फीफा विश्व कप की मेजबानी का रास्ता साफ कर सकता है। इनफेंटिनो ने शंघाई मे फीफा परिषद की बैठक के बाद यह घोषणा की। यह परिषद फुटबाल की वैश्विक संस्था की फैसले करने वाली इकाई है। इस फैसले का मतलब है कि दुनिया के कुछ शीर्ष क्लब और उनके बड़े स्टार खिलाड़ी दो साल मे चीन मे खेलते हुए नजर आएंगे। इनफेंटिनो ने जून मे कहा था कि उनके नए क्लब विश्व कप से 50 अरब डालर तक की व्यावसायिक आय हो सकती है। उन्होने हालांकि यह नही बताया कि कितने सत्र मे यह कमाई होगी। क्लब विश्व कप के अगले सत्र का आयोजन 2020 मे कतर मे होगा जिसमे सात टीमे हिस्सा लेंगी।

## जोशना का लक्ष्य पीएसए रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करना

**चेन्नई।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा कड़ी मेहनत करने मे लगी हुई है और उनका लक्ष्य पीएसए रैंकिंग मे शीर्ष 10 मे वापसी करने का है जिसकी शुरूआत काहिरा में विश्व चैम्पियनशिप मे अच्छे प्रदर्शन से करना चाहेंगी। तैंतीस साल की इस खिलाड़ी ने 2016 मे कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 10 नंबर की रैंकिंग हासिल की थी और इस समय वह 12वें नंबर पर है। वह गुरुवार से शुरू हो रही विश्व चैम्पियनशिप मे भाग लेंगी। चिनप्पा ने कहा कि मै विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए उत्साहित हूं। मै इस सत्र मे शीर्ष 10 मे वापसी करना चाहूंगी और फिर अपने करियर की शीर्ष 10 रैंकिंग में सुधार करने की कोशिश करूंगी। चिनप्पा पहले दौर मे अमेरिका की 42वीं रैंकिंग की खिलाड़ी हाले मेडेज से भिड़ेंगी जिसके बाद वह मरियम मेतवाली या हांगकांग की हो जे लोक से भिड़ सकती है। प्रीक्वार्टर मे उनका सामना दूसरे नंबर की मिस्र की खिलाड़ी नूर एल शेरबिनी से हो सकता है। उन्होने कहा, इस समय मै टूर्नामेंट मे 12वीं वरीय हूं। मेरे पहले और दूसरे दौर के मुकाबले कड़े है। फिर प्री क्वार्टर मे मै दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी से भिड़ सकती हूं। लेकिन मै सिर्फ एक मैच पर ही ध्यान लगाऊंगी।

## महाराष्ट्र को खो खो राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दोहरा खिताब

**सूरत।** मौजूदा चैम्पियन महाराष्ट्र ने 39वीं जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप में शुक्रवार को यहां लड़कों और लड़कियों दोनों वर्ग के खिताब जीते। महाराष्ट्र के लड़कों वर्ग मे कोल्हापुर को रोमांचक फाइनल मे एक अंक से हराया जबकि लड़कियों ने कर्नाटक को दो अंकों के अंतर से हराकर खिताब जीता। लड़कों के वर्ग मे आंध्र प्रदेश और लड़कियों मे दिल्ली ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# दादा के हाथ में प्रसाद और चयनसमिति का भविष्य

- चयनकर्ताओं का कार्यकाल अभी बाकी लेकिन फैसला गांगुली करेंगे पांच साल का कार्यकाल पूरा करना चाहिए या नही



एजेंसी। नई दिल्ली

बीसीसीआई के नए संविधान के अनुसार एमएसके प्रसाद की अगुवाई वाली चयनसमिति का कार्यकाल अभी बचा हुआ है लेकिन बोर्ड के नए अध्यक्ष सौरव गांगुली फैसला करेंगे कि क्या पैनल को पांच साल का कार्यकाल पूरा करना चाहिए या नहीं। पुराने संविधान के अनुसार चयनकर्ताओं का कार्यकाल चार साल था लेकिन अब प्रभावी हो चुके संशोधित संविधान में अधिकतम पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान है। नए संविधान के अनुच्छेद 26(3) में लिखा है, किसी भी व्यक्ति जो किसी क्रिकेट समिति का कुल पांच वर्ष तक सदस्य रहा हो वह किसी अन्य क्रिकेट समिति का सदस्य बनने के योग्य नहीं होगा। प्रसाद (दक्षिण क्षेत्र) और गगन खोड़ा (मध्य क्षेत्र) को 2015 में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में नियुक्त किया गया था और नए संविधान के अनुसार उनका कार्यकाल सितंबर 2020 में समाप्त होगा। अन्य चयनकर्ताओं में जतिन परांजपे (पूर्व क्षेत्र), सरनदीप सिंह (उत्तर क्षेत्र) और देवांग गांधी (पूर्व क्षेत्र) ने 2016 में शुरुआत की थी और उनका दो साल का कार्यकाल बचा हुआ है। गांगुली की चयनकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान इस मामले पर चर्चा होने की संभावना है। चयनकर्ताओं के अनुबंध में एक उपबंध है जिसमें कहा गया है कि प्रत्एक एजीएम में उनके अनुबंध का नवीनीकरण करने की जरूरत होगी। प्रशासकों की समिति के बोर्ड का संचालन करने के कारण 2017 और 2018 में कोई एजीएम नहीं हुई थी और इस तरह से पैनल बना रहा। गांगुली ने संकेत दिए हैं कि प्रसाद और खोड़ा की जगह नए सदस्य रखे जाएंगे जबकि परांजपे, गांधी और सरनदीप का एक साल बचा हुआ है। माना जा रहा है कि गांगुली का बयान पुराने संविधान पर आधार था जिसमें चार साल के कार्यकाल (आखिरी वर्ष कार्यकाल बढ़ाए जाने पर निर्भर) था। बीसीसीआई के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अध्यक्ष तीन को रख सकता है और दो की जगह नए सदस्य रख सकता और यहां तक कि आमूलचूल बदलाव करके क्रिकेट सलाहकार समिति को पांच नए सदस्य रखने के लिए कह सकता है।

### बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली के साथ बातचीत को लेकर उत्सुक हैं कोहली

**मुंबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार को कहा कि वह बीसीसीआई के नव नियुक्त अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के साथ शीर्ष स्तर और पेशेवर चर्चा को लेकर उत्साहित है। राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की भविष्य की योजनाओं के लेकर गांगुली और कोहली के जल्द ही मुलाकात करने की उम्मीद है। बुधवार को बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप मे पदभार संभालने के बाद गांगुली ने कोहली को भारतीय क्रिकेट का सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति करार देते कहा था कि वह कप्तान के लिए चीजे आसान करने के लिए है, मुश्किल करने के लिए नही। कोहली ने गुरुवार को यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, मै अब उनसे मिलूंगा। मै अच्छी चर्चा को लेकर उत्साहित हूं। वह ऐसा व्यक्ति है जो पहले काफी क्रिकेट खेल चुका है, जो उस स्थिति को जानता है जिसमे हम है, टीम की क्या जरूरत है, भारतीय क्रिकेट की क्या जरूरत है। इसलिए आपको अच्छी, पेशेवर, शीर्ष स्तर की चर्चा की जरूरत है। यह स्वस्थ चर्चा होगी क्योंकि मै अभी खेल रहा हूं और वह पहले खेल चुके है, इन चीजों को लेकर आपसी समझ होगी। अतीत मे उनके साथ मेरी अच्छी चर्चा हुई है और इस बार भी मुझे ऐसी ही उम्मीद है। गांगुली चाहते है कि कोहली आईसीसी टूर्नामेंट मे भारत के लिए ट्राफी जीते जो टीम चैपियन्स ट्राफी के बाद से नही कर पाई है।

## मुझे आक्रमक बल्लेबाजी शैली पसंद है : दुबे

**मुंबई।** मुंबई के आलराउंडर शिवम दुबे ने गुरुवार को कहा कि उन्हें आक्रमक बल्लेबाजी करना पसंद है और वह अपनी इस पावर हिटिंग शैली को कभी नही छोड़ेंगे जिसने उन्हें भारतीय टीम मे शामिल कराने में अहम भूमिका निभाई। दुबे को भारत ए टीम मे अपने शानदार प्रदर्शन के बूते पहली बार भारतीय टीम में चुना गया। 26 साल के इस खिलाड़ी को अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचो की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम मे चुना गया है क्योंकि आलराउंडर हार्दिक पंड्या अभी तक पीठ की सर्जरी से उबर रहे है। दुबे ने दूसरी पसंद के आलराउंडर के तौर पर विजय शंकर को पीछे छोड़ा और इसमें उनकी बिग हिटिंग बल्लेबाजी शैली का अहम योगदान रहा। दुबे ने अपने चयन के बाद कुछ पत्रकारों से कहा, मेरी आक्रमक शैली नैसर्गिक है और मै इस पर काम करता हूं। मेरे पिता हमेशा मुझे आक्रमक बल्लेबाज बनाना चाहते थे और फिर यह मेरी शैली बन गई। मुझे पावर हिटिंग पसंद है। मै भगवान और अपने पिता का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। विशेषकर मेरे पिता को जिन्होने हमेशा मेरा समर्थन किया और यह उन्ही का सपना था कि मै भारत के लिए खेलूं। मै टीम मे चुने जाने की उम्मीद कर रहा था। मुझे अपने चयन का भरोसा था।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : "डेल्टन हाउस", 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com
ई–मेल : cs@deltoncables.com

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक अल्पावधि सूचना पर मंगलवार, 29 अक्टूबर, 2019 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही/अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।
यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
तिथि : 24–10–2019 हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली विकास रावत
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

### सैफुद्दीन पीठ की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर

ढाका। बांग्लादेश के आलराउंडर मोहम्मद सैफुद्दीन पीठ की चोट के कारण भारत के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। विश्व कप में आस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच और श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर रहने वाला यह आलराउंडर भारत के खिलाफ तीन नवंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए फिट नहीं हो पाया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि सैफुद्दीन के कई स्कैन किए गए जिनसे पता चला कि उन्हें फिट होने में अभी समय लगेगा। वह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चिकित्सा दल की निगरानी में पूर्ण फिटनेस हासिल करने की कोशिश करते रहेंगे। बांग्लादेश ने अभी सैफुद्दीन की जगह पर किसी दूसरे खिलाड़ी का चयन नहीं किया है।

## अब परफेक्ट बल्लेबाज बनने की कोशिश नहीं कर रहा हूं: सैमसन

एजेंसी। नई दिल्ली



संजू सैमसन को अपने कैरियर में कई बार निराशा का सामना करना पड़ा और अब उन्हें इन उतार चढ़ाव से कोई परेशानी भी नहीं होती तथा चार साल के अंतराल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाला यह खिलाड़ी परफेक्ट बल्लेबाज बनने की कोशिश भी नहीं करता।
सैमसन ने भारत के लिए एकमात्र मैच जुलाई 2015 में टी20 के रूप में खेला था जब कम अनुभवी टीम ने जिम्बाब्वे का दौरा किया था। तब वह 19 साल के थे। इसके बाद से विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए सफर उतार चढ़ावों भरा रहा है जिन्हें अनुशासनहीनता के आधार पर केरल टीम से भी बाहर कर दिया गया था। वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन भी नहीं कर सके और इस बीच उनकी फिटनेस भी अच्छी नहीं रही। इस दौरान उन्होंने बेहतरीन पारियां भी खेलीं। इसी तरह की एक पारी इस महीने में विजय हजारे ट्राफी में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर से रही जिसमें उन्होंने नाबाद 212 रन बनाए। सैमसन अब 24 साल के हैं और उन्होंने गुरूवार को कहा, आपने सही कहा कि यह मेरे लिए उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा। अगर आपका करियर सुरक्षित और आसान राह वाला रहता है तो आप बहुत कम चीजें सीखते हो। मैंने पिछले चार से पांच वर्षों में काफी चीजें सीखी हैं अगर आप काफी बार विफल होते हो तो आप जानते हो कि कैसे फिर से वापसी की जाए और कैसे सफल हुआ जाए। मैं अपनी जिंदगी में काफी बार विफल हुआ हूं इसलिए मैं जानता हूं कि कैसे उठकर अच्छा प्रदर्शन किया जाए। यह मेरे लिए फायदे की चीज रही। महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ सहित कई ने सैमसन की तारीफ की लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी उनके खिलाफ जाती रही। दिनेश कार्तिक की वापसी के बाद ऋषभ पंत के आने से वह पिछले दो वर्षों में भारत की सीमित ओवरों की टीम से बाहर रहे। कोहली को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर रखा गया है जिससे सैमसन के विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेलने की उम्मीद है जिसमें पंत विकेटकीपिंग करेंगे। पहले सैमसन का खुद से काफी ऊंची उम्मीदें रहती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे कोई पछतावा नहीं है। जैसा कि मैंने कहा कि मैं काफी उतार चढ़ाव से गुजरा हूं। मुझे खुद से काफी ज्यादा उम्मीदें रहती थी कि मुझे बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। लेकिन अब मैं समझ गया हूं कि हर चीज का अपना समय होता है और आपको अपनी बारी का संयम से इंतजार करना होता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त अर्जुन उर्फ गोपू उर्फ साहिल पुत्र राजेन्दर, पता:** मकान नं. सी–101, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली, **FIR No. 282/18, u/s 379/356/411/34 IPC** थाना बुरारी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अर्जुन उर्फ गोपू उर्फ साहिल** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अर्जुन उर्फ गोपू उर्फ साहिल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 282/18, u/s 379/356/411/34 IPC** के उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ गोपू उर्फ साहिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2019** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरजीत सिंह जसपाल,
एम.एम सैन्ट्रल, कमरा नं. 286,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/446/N/19

# पंत को मौका देंगे और धोनी भी चयनकर्ताओं से सहमत हैं : प्रसाद

एजेंसी। मुंबई



चयनसमिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने गुरुवार को साफ किया कि वे ऋषभ पंत को लंबे समय तक मौका देने की मंशा रखते हैं और कहा कि महेंद्र सिंह धोनी भी युवाओं को अवसर प्रदान करने के चयनकर्ताओं के रवैए से सहमत हैं। धोनी ने 50 ओवरों के विश्व कप के बाद से खुद को चयन के लिए अनुपलब्ध रखा है। चयनसमिति ने गुरुवार को बांग्लादेश श्रृंखला के लिए पंत के साथ संजू सैमसन को भी विकेटकीपर के तौर पर टी20 में शामिल किया है। प्रसाद ने कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि अब धोनी से आगे सोचने की जरूरत है और उनके टीम में चयन में यह प्रतिबिंबित होता है। विश्व कप के बाद मैंने साफ कर दिया था कि हम अब आगे बढ़ रहे हैं। हम युवाओं को मौका दे रहे हैं और देखिए वे टीम में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ऋषभ पंत अच्छा कर रहा है और संजू सैमसन की टीम में वापसी हुई है, मुझे पूरा विश्वास है कि आप हमारी विचार प्रक्रिया को समझ रहे होंगे। हमारी निश्चित तौर पर धोनी से बातचीत हुई और उन्होंने भी युवाओं को बढ़ावा देने के हमारे फैसले पर सहमति जताई। पंत का पक्ष लेते हुए प्रसाद ने कहा, विश्व कप के बाद मेरी इस पर स्पष्ट राय थी कि अब हम ऋषभ पंत को आगे बढ़ाएंगे। इसलिए हम अब भी उसका पक्ष लेंगे और देखिए कि वह अच्छी प्रगति कर रहा है। यह सही है कि वह कुछ मैचों में हमारी उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाया लेकिन आप किसी का पक्ष लेकर ही एक खिलाड़ी को तैयार कर सकते हैं। इसलिए हमें यकीन है कि वह सफल रहेगा। धोनी के भविष्य के बारे में इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि यह पूरी तरह से उनका फैसला होगा। प्रसाद ने कहा, घरेलू क्रिकेट में खेलना और लय हासिल करना या संन्यास पर विचार करना सब कुछ पूरी तरह से उनका निजी फैसला होगा। हमने पहले ही भविष्य के लिए खाका खींच दिया है। पांच सदस्ईय चयनसमिति ने आलराउंडर शिवम दुबे को पहली बार मौका दिया है। आपने देखा है कि पहले हमारे पास हार्दिक पंड्या थे, इसके बाद हमने विजय शंकर को भी आजमाया। हम सभी इस पर सहमत थे हमें जिस भूमिका के लिए खिलाड़ी चाहिए उसमें वह (दुबे) फिट बैठता है। वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करता है। वेस्टइंडीज में भारत ए श्रृंखला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे (भारत ए के लिए) में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

**कार्यालय नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी बागपत**

पत्रांक 303 न.पं.अ. मं./2019–20 दिनांक 23/10/2019

विज्ञापन

नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी समस्त नगरवासियों को दीपावली, भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए निम्न अपील करती है।

1. कूड़ा कचरा निश्चित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी में ही डाले तथा नगर पंचायत द्वारा कूड़ा उठा लेने पर उसी दिन पूर्ण कूड़ा ना डाले।
2. पेयजल को व्यर्थ बर्बाद न करें क्योंकि जल ही जीवन है।
3. नगर पंचायत के करो तथा अन्य दयो का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
4. यदि पथ प्रकाश का कोई बिंदु दिन में जलता दिखाई पड़े तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पंचायत को अवश्य दें।
5. नगर पंचायत के खड़ंजे/सड़कों पर अतिक्रमण न करें तथा अतिक्रमण हटाकर शहर को सुंदर बनाने में सहयोग दें
6. पॉलिथीन का प्रयोग न करें कपड़े का थैला प्रयोग करें।
7. 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप अवश्य पिलाएं।
8. जन्म मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि 21 दिवस के अंदर अवश्य कराएं।
9. कृपया आप अपने पशुओं को सड़कों पर आवारा ने घूमने दे।
10. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें।
11. ग्रीन यूपी के अंतर्गत शहर को हरा–भरा एवं सुंदर बनाए
12. जल ही जीवन है जल बचाओ कल बचाओ
13. पेड़ धरा का जीवन है। पेड़ लगाओ जीवन बचाओ।
14. स्वछता अभियान से जुड़कर अपनी गली व मोहल्लों को स्वच्छ बनाएं।
15. प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को नगरीय सुविधा समाधान दिवस में अपनी समस्या का निस्तारण कराएं।
16. खुले में शौच न करें। सामुदायिक शौचालय‍ सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग करें।

हस्ता./– समस्त (सभासद) नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी जनपद बागपत

हस्ता./– अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी जनपद बागपत

हस्ता./– अध्यक्ष नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी जनपद बागपत

# कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

## ● विजय हजारे फाइनल आज

## ● मयंक, अश्विन और लोकेश के प्रदर्शन पर नजर

एजेंसी। बेंगलूरू

कर्नाटक और तमिलनाडु की टीमें शुक्रवार से विजय हजारे ट्राफी के लिए फाइनल में एक दूसरे को पछाड़कर ट्राफी हासिल करना चाहेंगी जिसमें सभी की निगाहें भारतीय खिलाड़ी मयंक अग्रवाल, आर अश्विन और लोकेश राहुल के प्रदर्शन पर लगी होंगी।

मनीष पांडे की अगुआई वाली कर्नाटक ने नाकआउट मैचों में शानदार जीत हासिल की लेकिन लीग चरण में दबदबा बनाने वाली तमिलनाडु थोड़ी भाग्यशाली रही कि बारिश के नियम से उन्हें क्वार्टरफाइनल में पंजाब को पछाड़ने में मदद मिली जिसके बाद युवा एम शाहरूख खान ने उन्हें गुजरात के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत दिलाई। दोनों टीमें बराबरी की टक्कर देनी वाली हैं जिसमें मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप मौजूद है और बेहतरीन गेंदबाज मौजूद हैं। हालांकि आर अश्विन की मौजूदगी से तमिलनाडु का आक्रमण और अनुभवी दिखता है जिसमें वैराइटी भी मौजूद है। शुक्रवार से शुरू होने वाले इस मुकाबले का नतीजा इस बात पर निर्भर करेगा कि किस टीम का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावशाली रहता है क्योंकि दोनों टीमों की बल्लेबाजी में काफी गहराई है। घरेलू टीम में



भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज राहुल (10 मैचों में 546 रन) ने क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन दिखाया। उनके साथ उनके सलामी जोड़ीदार देवदत्त पडीक्कल (10 मैचों में 598 रन) ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। कप्तान मनीष पांडे भी अच्छी लय में हैं और उनकी तरह मयंक और टेस्ट टीम से बाहर चल रहे करूण नायर भी फाइनल में अपना दमखम दिखाना चाहेंगे। तमिलनाडु की बल्लेबाजी इकाई भी इतनी ही दमदार है जिसमें बाबा अपराजित (480 रन), अभिनव मुकुंद (440 रन) और स्टाइलिश मुरली विजय मौजूद हैं। कप्तान दिनेश कार्तिक ने कुछ बेहतरीन पारियों से फिनिशर की अच्छी भूमिका अदा की है और फाइनल में भी उनसे इसी जिम्मेदारी को निभाने की उम्मीद की जाएगी। आल राउंडर विजय शंकर और युवा शाहरूख खान ने भी कुछ महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कर्नाटक की गेंदबाजी में कुछ नायक भी निकलकर आए जिसमें वी कौशिक शामिल है जिन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ सेमीफाइनल में चार विकेट झटके जबकि तेज गेंदबाजों में अनुभवी अभिमन्यु मिथुन और प्रसिद्ध कृष्णा तथा स्पिनर के गौतम, श्रेयस गोपाल और प्रवीण दुबे ने विकेट हासिल किए। मेजबान टीम के गेंदबाजों को तमिलनाडु के आत्मविश्वास से भरे बल्लेबाजों के सामने गेंदबाजी करनी होगी और उन्हें रोकना ही उनकी सफलता की कुंजी साबित होगा। आफ स्पिनर आर अश्विन और लेग स्पिनर मुरूगन अश्विन इस बात से वाकिफ हैं कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की छोटी बाउंड्री गेंदबाजों के लिए मुश्किलों भरी हो सकती है तथा उनके लिए राहुल, मयंक और अन्य बल्लेबाजों को रोकना बहुत कठिन होगा। तमिलनाडु के मध्यम गति के गेंदबाज टी नटराजन, एम मोहम्मद और के विग्नेश अहम होंगे क्योंकि शुरू में विकेट चटकाने से मैच पर काफी अंतर पड़ सकता है। तमिलनाडु की टीम का प्रदर्शन पिछले दो सत्र में काफी खराब रहा है जिससे यह फाइनल उनके लिए वापसी का मौका हो सकता है जबकि 2018-19 सत्र में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली कर्नाटक भी खिताब जीतकर शुरूआत करना चाहेगी। मैच सुबह नौ बजे शुरू होगा।

### देवधर ट्राफी के लिए टीमें घोषित, अश्विन-अग्रवाल को भी मौका

**मुंबई।** पिछले दो साल से भी अधिक समय से भारत की तरफ से सीमित ओवरों का मैच नहीं खेलने वाले आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने देवधर ट्राफी में खेलने का मौका दिया है। अश्विन के अलावा टेस्ट सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को भी 50 ओवरों के प्रारूप के इस टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को घोषित तीन टीमों में से एक टीम में जगह दी गई है। टूर्नामेंट में भारत ए की अगुवाई हनुमा विहारी करेंगे जो टेस्ट टीम के एक अन्य नियमित सदस्य हैं जबकि शुभमन गिल को भारत सी टीम की कमान सौंपी गई है। गिल टेस्ट टीम में हैं लेकिन उन्हें अभी तक खेलने का मौका नहीं मिला है। भारत बी की अगुवाई पार्थिव पटेल करेंगे। अश्विन ने भारत की तरफ से अपना आखिरी वनडे 30 जून 2017 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था हालांकि वह टेस्ट टीम के नियमित सदस्य रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला समाप्त होने के बाद वह अभी विजय हजारे ट्राफी में तमिलनाडु की तरफ से खेल रहे हैं। अग्रवाल भी टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद कर्नाटक की तरफ से विजय हजारे ट्राफी में खेल रहे हैं। अश्विन और अग्रवाल शुक्रवार को होने वाले फाइनल में आमने सामने होंगे। अग्रवाल के साथी केएल राहुल को हालांकि तीनों टीमों में से किसी में जगह नहीं मिली। देवधर ट्राफी एकदिवसीय टूर्नामेंट 31 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच रांची में खेला जाएगा। **भारत ए** : हनुमा विहारी (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, अभिमन्यु ईश्वरन, विष्णु विनोद, अमनदीप खरे, अभिषेक रमन, इशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, रविचंद्रन अश्विन, जयदेव उनादकट, संदीप वारियर, सिद्धार्थ कौल, भार्गव मेराई। **भारत बी** : पार्थिव पटेल (कप्तान एवं विकेटकीपर), प्रियांक पांचाल, यशस्वी जायसवाल, बाबा अपराजित, केदार जाधव, रुतुराज गायकवाड़, शाहबाज़ नदीम, अनुकूल रॉय, के गौतम, विजय शंकर, मोहम्मद सिराज, रश क्लारिया, एर्र पृथ्वीराज, नितीश राणा। **भारत सी** : शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, सूर्यकुमार यादव, प्रियम गर्ग, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, मयंक मारकंडे, जलज सक्सेना, अवेश खान, धवल कुलकर्णी, इशान पोरेल, डी जी पठानिया, विराट सिंह।

# श्रीलंका के खिलाफ शुरुआत करेगा गत चैंपियन भारत

## ● अंडर-19 विश्व कप का आगाज 19 फरवरी से

एजेंसी। दुबई

ग्रुप ए : भारत, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, जापान, ग्रुप बी : आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नाइजीरिया, ग्रुप सी : पाकिस्तान, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे, स्काटलैंड, ग्रुप डी : अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा।

ICC U/19 CRICKET WORLD CUP

गत चैम्पियन भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में खिताब के बचाव की शुरूआत 19 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन के मैनगौंग ओवल में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। चार बार के चैम्पियन भारत को ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पहली बार खेल रहे जापान के साथ रखा गया है। सोलह टीमों का टूर्नामेंट 17 जनवरी से शुरू होगा जिसमें भारत 21 और 24 जनवरी को क्रमश: जापान और न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। फाइनल मुकाबला नौ फरवरी को खेला जाएगा। पिछले चरण की उप विजेता और तीन बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप बी मुकाबले में वेस्टइंडीज से होगा जिसमें इंग्लैंड और पदार्पण कर रही नाइजीरिया भी शामिल है। ग्रुप सी में पाकिस्तान को बांग्लादेश, जिम्बाब्वे और स्काटलैंड से खेलना होगा। मेजबान दक्षिण अफ्रीका 17 जनवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ शुरूआती मैच खेलेगा। संयुक्त अरब अमीरात और कनाडा ग्रुप डी की दो अन्य टीमें हैं। टूर्नामेंट के 13वें चरण में दूसरे चरण को सुपर लीग और प्ले टूर्नामेंट में विभाजित किया गया है। चार में से प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर लीग में जगह बनाएंगी जबकि बची हुई टीमें प्लेट चैम्पियनशिप में खेलेंगी। पोचेफस्ट्रूम में जेबी मार्क्स ओवल दो सुपर लीग क्वार्टरफाइनल, दोनों सेमीफाइनल और फाइनल की मेजबानी करेगा।

### हैदराबाद एफसी के सहमालिक बने राणा दग्गुबती

**हैदराबाद।** अभिनेता राणा दग्गुबती इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबाल टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही हैदराबाद एफसी से फ्रेंचाइजी के सह मालिक के तौर पर जुड़ गए हैं। टीम के अन्य सह मालिक वरुण त्रिपुरानेनी और विजय मादुरी है। दग्गुबती ने कहा, हैदराबाद की खेलो में शानदार विरासत रही है। इस टीम के पास उस विरासत को नया जीवन देने का मौका रहेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि कमलजीत और उनकी टीम अपने पहले सत्र में ही विशिष्ट छाप छोड़ेगी। टीम ने चेन्नई और गोवा में अपने प्रारंभिक शिविरो में अपनी क्षमता दिखाई है। वह सभी सात मैत्री मैचों में अजेय रही।

### बातशुआई के गोल से चेल्सी ने अयाक्स को हराया

**एम्सटरडम।** चेल्सी की युवा टीम ने मिशी बातशुआई के अंतिम लम्हो मे दागे गए गोल की बदौलत बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग मे अयाक्स को 1-0 से हराकर नाकआउट चरण मे जगह बनाने की उम्मीदो को जीवंत रखा है। स्थानापन्न खिलाड़ी बातशुआई ने 86वें मिनट मे गोल दागकर चेल्सी की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से चेल्सी के ग्रुप एच मे छह अंक हो गए है। पिछले साल सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाले अयाक्स के भी छह अंक है।

### ओक्सलेड-चेम्बरलेन के दो गोल से लीवरपूल ने गेंक को हराया

**गेंक (बेल्जियम)।** मिडफील्डर एलेक्स ओक्सलेड-चेम्बरलेन के दो गोल से लीवरपूल ने बुधवार को चैंपियन्स लीग मे गेंक को 4-1 से हरा दिया। चोट के कारण पिछले लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे इंग्लैड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ओक्सलेड-चेम्बरलेन ने दूसरे ही मिनट मे लीवरपूल को बढ़त दिला दी। उन्होंने 57वे मिनट मे दूसरा गोल दागा जो चैंपियन्स लीग मे लीवरपूल का 200वां गोल था। गत चैंपियन लीवरपूल के लिए सादियो माने और मोहम्मद सालाह ने भी एक-एक गोल किया। गेंक की ओर से एकमात्र गोल स्टीफन ओडे ने किया।

### यूपी की सब जूनियर बैडमिंटन टीम घोषित

**लखनऊ।** बिहार में होने वाली सब जूनियर अंडर-13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप और भुवनेश्वर में 17 से 22 दिसम्बर तक होने वाली अंडर-15 व अंडर-17 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम घोषित कर दी गयी है। टीमः (अंडर-13 सब जूनियर नेशनल चै. बालक एकल)- भाव्या छाबरा, योगांधर चौधरी। (युगल)- भाव्या छाबरा, विभाग अग्रवाल। (बालिका एकल)- ऐशानी सिंह, रिद्धिमा सिंह। (युगल)- ए. सिंह, तरनजीत कौर। (अंडर-15 सब जूनियर नेशनल चै. बालक एकल)- अभय राज झा, शिवम श्रीवास्तव, (युगल)-दिव्यम अरोरा, अर्श। (बालिका एकल)-सिद्धि कुमार, काजल पंवार। (युगल)- रामा सिंह, सुजाता सिंह। (मिश्रित युगल)- दिव्यम अरोरा व सुजाता सिंह। (अंडर-17 सब जूनियर नेशनल चै. बालक एकल)- अंश विशाल, अश्वनी सिंह। (युगल)- अंश विशाल गुप्ता व अश्वनी सिंह। (बालिका एकल)-समायरा पंवार, शिवांगी सिंह। (युगल)-निमिषा पांडेय व आयुषी। (मिश्रित युगल)- आयुष अग्रवाल व तनीषा सिंह।

# सात्विक-चिराग ने विश्व चैंपियन्स को हराया

## ● सिंधू और साइना भी क्वार्टर में

एजेंसी। पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष जोड़ी ने 750,000 डालर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां मौजूदा विश्व चैंपियन मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया जबकि पी वी सिंधू और साइना नेहवाल ने भी महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अगस्त में थाईलैंड ओपन का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने विश्व में दूसरे नंबर की जोड़ी को 21-18, 18-21, 21-13 से पराजित किया। विश्व में 11वें नंबर की भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और आंद्रेस स्कारूप रासमुसेन से होगा। चीन, कोरिया और डेनमार्क के पहले दौर में हारने वाली विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने सिंगापुर की इयो जिया मिन को 21-10, 21-13 से हराया। अगले दौर में उनका सामना विश्व की नंबर एक ताइ जु यिंग से हो सकता है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क जार्सफेल्ट को 27 मिनट तक चले मैच में लाइन को 21-10, 21-11 से हराया। लगातार तीन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारने वाली साइना का अगला मुकाबला कोरिया की आन सी यंग से होगा जिन्होंने पिछले सप्ताह डेनमार्क ओपन के पहले दौर में सिंधू को हराया था। साइना ने कल रात पहले दौर में हांगकांग की चेयुंग नगान ई को 23-21, 21-17 से पराजित किया था।



### भारत फीफा रैंकिंग में दो स्थान नीचे 106वें पायदान पर खिसका

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबाल टीम गुरुवार को जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से 106वें पायदान पर खिसक गई। इस महीने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में खराब रैंकिंग वाली बांग्लादेश की टीम के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलने के बाद भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। सितंबर में एशियाई चैंपियनशिप कतर के खिलाफ भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल रहित ड्रा खेला था लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ इस प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहा। बांग्लादेश को इस ड्रा से फायदा हुआ है और वह तीन स्थान के फायदे से 184वें स्थान पर पहुंच गया है। बेल्जियम की टीम शीर्ष पर बरकरार है जबकि उसके बाद फ्रांस और ब्राजील का नंबर आता है। शीर्ष 10 में उरुग्वे (पांचवें), क्रोएशिया (सातवें) और अर्जेन्टीना (नौवें) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।

# मेस्सी के रिकार्ड गोल से बार्सीलोना ने स्लेविया प्राग को हराया

## ● चैंपियन्स लीग फुटबाल टूर्नामेंट

एजेंसी। प्राग

लियोनल मेस्सी के रिकार्ड गोल से बार्सीलोना चैंपियन्स लीग फुटबाल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ में बुधवार को स्लेविया प्राग को 2-1 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया।



मेस्सी ने तीसरे ही मिनट में स्लेविया के गोलकीपर ओंद्रेज कोलार को छकाकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई। वह चैंपियन्स लीग में लगातार 15 सत्र में कम से कम एक गोल दागने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। मध्यांतर तक बार्सीलोना की टीम 1-0 से आगे थी। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में लुकास मासोपस्ट के बेहतरीन पास को गोल में पहुंचाकर यान बोरिल ने स्लेविया को बढ़त दिलाई। स्लेविया के विंगर पीटर ओलायिंका हालांकि 57वें मिनट में आत्मघाती गोल कर बैठे जिससे बार्सीलोना ने 2-1 की बढ़त बना ली जो निर्णायक साबित हुई। बार्सीलोना ग्रुप एफ में तीन मैचों में सात अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। टीम ने इंटर मिलान पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जिसने बोरूसिया डोर्टमंड को 2-0 से हराया। स्लेविया की टीम एक अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

# संजू यादव ने 10 हजार मी. रेस जीती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संजू यादव ने जय नारायण मिश्र पीजी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा 100 मी. रेस में परमजीत ने बाजी मारी। 10000 मीटर स्पर्धा में राधा द्वितीय, सरिता और नीतू मौर्या तृतीय तथा बालकों में सौरभ प्रथम, आकाश द्वितीय, योगेश कुमार व सौरभ सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 100 मीटर बालक वर्ग में परमजीत प्रथम, देवेश द्वितीय व संजय कुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शोनल कश्यप ने प्रथम शबाना ने दूसरा व सोनिया सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बालकों की चैम्पियन ट्राफी हर्ष कुमार और बालिका वर्ग में शोनल कश्यप की दी गयी। इस मौके अर्जुन आवार्डी गुलाब चन्द्र, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसडी शर्मा, प्रबन्धक जीसी शुक्ल, उप प्रबन्धक विनायक शर्मा, डा. मधु गौड़ आदि मौजूद थे।

### वीपी फाउंडेशन जीता

**लखनऊ।** वीपी फाउंडेशन ने फूलमती चौधरी स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में राज गार्डन को 57 रनों से हराया। एनईआर स्टेडियम में वीपी फाउंडेशन ने पहले बैटिंग करके 35 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। कुशल ने 45, अमन सिंह ने 23 और बादल साही ने 23 रनों का योगदान दिया। रिजवान ने चार, मनीष यादव और हिमांशु ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में राज गार्डन 29.1 ओवर में 91 रन बनाकर आल आउट हो गयी। सुमित सिंह और कोमल होरा ने 17-17 रन बनाए। आयुष तिवारी ने चार और अर्जुन यादव ने तीन विकेट लिए।

### इंडियन आयल और एयर इंडिया फाइनल में

#### अखिल भारतीय बाबू आमंत्रण प्राइजमनी हाकी

**लखनऊ।** इंडियन आयल मुम्बई और एयर इंडिया दिल्ली ने अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू आमंत्रण प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मो. शाहिद हाकी स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में इंडियन आयल मुंबई ने स्पोर्ट्स हास्टल भुवनेश्वर को पेनाल्टी शूट में 4-1 से हराया। खेल के निर्धारित समय में दोनों टीमें 6-6 गोल से बराबरी पर थी। इसके बाद परिणाम निकालने के लिए पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया, जिसमें इंडियन आयल मुम्बई 4-1 गोल से जीतने में सफल रही। इससे पहले खेल के पांचवें मिनट में प्रसाद कुजर ने एक गोलकर टीम का खाता खोला। इसके पांच मिनट बाद ही इंडियन आयल तलविंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद इंडियन आयल के गुरजिंदर ने 11वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर से गोलकर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। इसके दो मिनट बाद ही अरमान कुरैशी ने और 15वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने एक-एक गोल कर अपनी को 4-1 गोल की मजबूत बढ़त दिला दी। दूसरे सेमीफाइनल में एयर इंडिया ने पेनाल्टी शूट में केन्द्रीय सचिवालय को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। इससे पहले दोनों टीमें निर्धारित समय में 1-1 गोल से बराबरी पर थी।

### लखनऊ जोन की नीशू ने 100 मी. रेस जीती

**लखनऊ।** लखनऊ जोन की नीशू मॉंगट ने उप्र पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मी. रेस में पहला स्थान हासिल किया। 35वीं वाहिनी महानगर में चली प्रतियोगिता के तीसरे दिन के परिणाम इस प्रकार हैं। (पुरुष) 110 मीटर बाधा दौड़- प्रथम सचिन कुमार लखनऊ जोन, द्वितीय सुरजीत कुमार यादव मध्य जोन, तृतीय भूपेंद्र कुमार पश्चिमी जोन। 400 मीटर दौड़- प्रथम विश्वास तोमर बरेली जोन, द्वितीय हिमांशु आगरा जोन, तृतीय बलराम पश्चिमी जोन। चक्का फेंक- प्रथम राजवीर सिंह मध्य जोन, द्वितीय आनन्द मौर्या पूर्वी जोन, तृतीय रवीन्द्र यादव मध्य जोन। 5000 मीटर दौड़- प्रथम नरेश कुमार पश्चिमी जोन, द्वितीय अनिल सिंह यादव प्रयागराज जोन, तृतीय अमित ढाका बरेली जोन। लम्बी कूद- प्रथम शशिकांत राय मध्य जोन, द्वितीय विरेश कुमार, पश्चिमी जोन, तृतीय विनय कुमार पश्चिमी जोन। (महिला) भाला फेंक- प्रथम उपासना मेरठ जोन। लम्बी कूद-प्रथम पुष्पा चाहर बरेली जोन, द्वितीय शिल्पी दूबे लखनऊ जोन, तृतीय संध्या मेरठ जोन। गोला फेंक- प्रथम पल्लवी बरेली जोन, द्वितीय अनुराधा कानपुर जोन, तृतीय कल्पना मेरठ जोन। 100 मीटर दौड़- प्रथम नीशू मॉंगट लखनऊ जोन, द्वितीय अर्चना चौधरी बरेली जोन, तृतीय दीक्षा गुप्ता लखनऊ जोन। 5000 मीटर दौड़- प्रथम पूजा बरेली जोन, द्वितीय आरती राजभर लखनऊ जोन, तृतीय पल्लवी लखनऊ जोन।

### अखिल इंफ्रा ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी ट्राफी जीती

**लखनऊ।** अखिल इंफ्रा ने साउंड इमेजेज को छह रन से हराकर आल इंडिया स्पोर्ट्स गैलेक्सी ट्राफी जीत ली है। जयपुरिया ग्राउंड में खेले गए फाइनल में अखिल इंफ्रा ने पहले बैटिंग करके 40 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए। अमित चोपड़ा ने नाबाद 66, रविकांत शुक्ला ने 43 और उपेन्द्र यादव ने 42 रन बनाए। मोनू पासवान, मित्रकांत यादव और शुभम चौबे ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में साउंड इमेजेज की टीम 40 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 222 रन बना सकी। सिद्धार्थ दास ने 74, मृत्युंजय यादव ने 77 और अलमास शौकत ने 24 रन बनाए। संदीप यादव ने दो विकेट लिए। पुरस्कार वितरण यूपीसीए सचिव युद्धवीर सिंह ने किया।




### एलपीएस सहारा स्टेट व डीपीएस फाइनल में

#### 11वीं कुवर मुनीन्द्र सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**लखनऊ।** मैन आफ द मैच रविकांत के 24 की उपयोगी पारी से एलपीएस सहारा स्टेट ने काल्विन कालेज को छह विकेट से हराकर कुवर मुनीन्द्र सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में यूनिटी कालेज को सात विकेट से मात दी। काल्विन कालेज में काल्विन कालेज बनाम एलपीएस सहारा स्टेट के मध्य खेले गए पहले सेमीफाइनल में काल्विन कालेज ने पहले बल्लेबाजी करके नादिर के24 व सोहैल के नाबाद 26 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 87 रन बनाए। एलपीएस सहारा स्टेट से देवांश ने तीन व उत्कर्ष ने दो विकेट चटकाए। जवाब में एलपीएस सहारा स्टेट ने रविकांत के नाबाद 24, अनिकेत के नाबाद 21 की पारियों से 14 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल शहीद पथ ने यूनिटी कालेज को सात विकेट से हराया। यूनिटी कालेज ने पहले बल्लेबाजी करके 98 रन बनाए। जवाब में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 15 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाते हुए मैच जीत लिया।

### अबुधाबी टी-10 टूर्नामेंट में खेलेंगे युवराज



**दुबई।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह को आगामी अबुधाबी टी10 टूर्नामेंट के लिए मराठा अरेबियन्स ने गुरुवार को अपना आइकन खिलाड़ी चुना। जून मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद वह इस फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट मे दूसरी दफा शिरकत करेंगे। यह टूर्नामेंट 14 नवंबर को शुरू हो रहा है जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंजूरी मिल चुकी है। युवराज ने 2007 टी20 विश्व कप और 2011 विश्व कप मे खिताब जीतने वाली भारतीय टीम मे अहम भूमिका अदा की थी। युवराज के संन्यास लेने का एक कारण यह भी था कि वह दुनिया भर की लीग मे खेलना चाहते थे। बीसीसीआई अभी सक्रिय क्रिकेटर को किसी विदेशी लीग मे भाग लेने की अनुमति नही देता इसलिए उन्होने संन्यास लेने का फैसला किया था। संन्यास के बाद 37 साल के इस खिलाड़ी ने जुलाई-अगस्त मे वैश्विक टी20 कनाडा मे टोरंटो नेशनल्स की कप्तानी की। मराठा अरेबियन्स ने हाल मे जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया था। युवराज ने कहा, इस रोमाचंक नए प्रारूप का हिस्सा होना शानदार है। मै टीम मराठा अरेबियन्स का प्रतिनिधित्व करके इस लीग मे खेलने के लिए तैयार हू जिसमे दुनिया के कुछ बड़े खिलाड़ी भी भाग लेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो पिछले चरण की तरह फ्रेंचाइजी की अगुआई जारी रखेंगे। इस फ्रेंचाइजी ने कुछ अन्य खिलाड़ियों को भी बरकरार रखा जिसमे श्रीलंकाई टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान लसिथ मलिंगा के अलावा अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई और नजीबुल्लाह जदरान शामिल है। आस्ट्रेलिया के पावर हिटर क्रिस लिन को फ्रेंचाइजी का आइकन खिलाड़ी बनाया गया था।

### विश्व सैन्य खेलः गुणशेखरन ने तीसरा स्वर्ण जीता, शिवपाल भी शीर्ष पर रहे

**वुहान (चीन)।** पैरा एथलीट आनंदन गुणशेखरन ने स्पर्धा का तीसरा स्वर्ण अपने नाम किया जबकि भाला फेंक एथलीट शिवपाल सिंह ने भी पहला स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को यहां चल रहे सातवे सीआईएसएम विश्व सैन्य खेलो मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पुरुषो की 100 मी और 400 मीटर आईटी। स्पर्धा मे शीर्ष स्थान हासिल करने वाले गुणशेखरन ने 24.31 सेकेंड के समय से 200 मीटर आईटी। स्पर्धा मे स्वर्ण पदक हासिल किया। कोलंबिया के फजार्डो पार्डो ने रजत और पेरू के कासा जोस ने कांस्य पदक जीता। वाराणसी के पास चंदौली गांव के 24 साल के शिवपाल ने 83.33 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से भाला फेंक स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतकर भारत की पदक तालिका मे इजाफा किया। पोलैंड के क्रुकोवस्की मार्सिन ने रजत और श्रीलंका के राणासिंघे मुदियानेसेलागे सुमेधा जगत ने कांस्य पदक हासिल किया। वही पुरुषो की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष स्पर्धा मे 2010 राष्ट्रमंडल खेलो के स्वर्ण पदकधारी निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने 585 के कुल स्कोर से कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण यूक्रेन के कोरोस्तिलोव पावलो ने जीता जबकि चीन के याओ जोआनन ने रजत पदक हासिल किया। भारत ने अभी तक खेलो मे सात पदक हासिल कर लिए है जिसमे छह स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल है।

### मुंबई सिटी ने केरल ब्लास्टर्स को हराकर खाता खोला



**कोच्चि।** अमीन चेरिमिती के अंतिम क्षणो में किए गए गोल की मदद से मुंबई सिटी एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में गुरुवार को यहां मेजबान केरल ब्लास्टर्स को 1-0 से हराकर अपना खाता खोला। दोनो टीमो ने गोल करने के कई मौके गंवाए। चेरेमिती ने आखिर में यह महत्वपूर्ण गोल 82वें मिनट में किया। इस जीत का मतलब है कि मुंबई ने जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। यह कोच्चि में उसकी केरल ब्लास्टर्स पर पहली जीत भी है। केरल ब्लास्टर्स का यह इस सत्र का दूसरा मैच था। दोनो मैच उसने अभी तक अपने घरेलू मैदान पर खेले है। पहले मैच में उसने एटीके को हराया था, लेकिन मुंबई के खिलाफ उसे अंक गंवाने पड़े।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2019



## शुभांगी अत्रे वृद्धाश्रम में मनाएंगी दिवाली




**मुंबई ।** दिवाली के त्योहार ने दस्तक दे दिया है और 'भाभी जी घर पर है!' फेम अभिनेत्री शुभांगी अत्रे इसे मुंबई में स्थित एक वृद्धाश्रम में मनाने के लिए उत्साहित हैं। शुभांगी ने कहा, 'हिंदुओं के त्योहारों में दिवाली सबसे शानदार है। रोशनी का त्योहार होने के अलावा और नई शुरुआत का स्वागत करने के अलावा, मैं इसे खुशियों को साझा करने के त्योहार के रूप में भी देखती हूं। हर साल इस त्योहार के दौरान, मैं किसी जगह कुछ नया दान करने की परंपरा का पालन करती हूं। पिछले साल मैंने एक एनजीओ में छोटे-छोटे बच्चों के लिए कपड़े दान में दिए थे और इस साल एक वृद्धाश्रम में नए कपड़े और दीयों को गिफ्ट में देने की मेरी योजना है।' उन्होंने कहा, 'मैंने अपने दादा-दादी को उस वक्त खुशियों में देखा है जब हम उनके साथ दिवाली मनाते हैं, मैं दूसरे लोगों को भी यही खुशी देना चाहती हूं, जो शायद अपने बच्चों के साथ इस उत्सव को मनाने की चाह रखते हैं।'

## मुझे खरीददारी का शौक नहीं: सारा



**लॉस एंजेलिस।** सेक्स एंड द सिटी की स्टार सारा जेसिका पार्कर का कहना है कि उन्हें खरीददारी करने का ज्यादा शौक नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो उन्हें शॉपिंग से बेचैनी तक होने लगती है। ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, एक रेडियो शो पर उन्होंने कहा, मैं खरीददारी के लिए क्रेजी (दीवानी) नहीं हूं। उन्होंने कहा, मैं कई सालों से खरीददारी के लिए नहीं गई हूं। मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि मैं कुछ ज्यादा जाने लगी थी। लेकिन खरीददारी से कभी-कभी मुझे बेचैनी होने लगती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे बुरा लगता है। मैं अगर कुछ खरीदती हूं तो मुझे लगता है, 'ओह, क्या मुझे वास्तव में इसकी जरूरत है? क्या पांच सालों बाद मुझे इसकी जरूरत पड़ेगी? क्या यह पांच साल बाद मुझ पर अच्छा लगेगा?'

## आडाई के रिमेक में नहीं दिखेंगी कंगना



**बॉलीवुड** स्टार कंगना रनौत को तमिल की थ्रिलर फिल्म आडाई के रिमेक के लिए संपर्क नहीं किया गया। सभी भाषाओं में 'आडाई' के रीमेक के अधिकार हासिल करने वाले ए एंड पी ग्रुप के निर्माता अरुण पांडियन ने कहा, 'हम 'आडाई' के हिंदी रिमेक को लेकर बॉलीवुड में देख रहे हैं। हम इसे किसी प्रसिद्ध स्टार के साथ करना चाहते हैं। कुछ खबरों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस प्रोजेक्ट के लिए कंगना रनौत से संपर्क नहीं किया है। फिल्म का डायरेक्टर और क्रू मेंबर्स को जल्द ही फाइनल कर लिया जाएगा।' रथना कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'आडाई' में अमला पॉल मुख्य भूमिका में दिखी थी।




**दिवाली पार्टी** मुंबई में निर्माता रमेश तौरानी की मेजबानी में आयोजित दिवाली पार्टी में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, रकुल प्रीत सिंह, सोहा अली खान, सोनाक्षी सिन्हा और प्रीति जिन्टा

# 'कुछ भी पाना कठिन है, लेकिन हम सच्चा प्रयास तो कर ही सकते हैं'

टेलीविज़न के लोकप्रिय शो 'इंडियन आइडल' के इस सीज़न 11 तथा इससे नवोदित प्रतिभाओं को मिलने वाले लाभ विषय पर प्रख्यात संगीतकार **अनु मलिक** से बात की पायनियर संवाददाता **मुज़्बा हाशमी** ने। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश –



■ **इस बार शो इंडियन आइडल की थीम है 'एक देश एक आवाज़', जरा इस बारे में कुछ बताइये कि ये क्या है?**
– देखिये हम एक प्रगतिशील देश हैं और हमारे देश के हर कोने में प्रतिभाएं भरी पड़ी हैं। अपनी इस थीम 'एक देश एक आवाज़' के माध्यम से हम यही बताने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रतिभा के मामले में हम पृष्ठभूमि और नस्ल आदि को महत्व नहीं देते। हमारा विश्वास है कि प्रतिभा संगीतमय ढंग से हमें एक करती है। हम शो में हर आवाज़ को महत्व देते हैं बिना ये सोचे कि उसका संबंध किस प्रकार के संगीत से है।

■ **प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निर्णय करते समय आप किन बातों को ध्यान रखते हैं?**
– हम तीनों-विशाल डडलानी, नेहा कक्कड़ और मैं, एक नई प्रतिभा की तलाश में हैं जो वास्तविक अर्थों में एक नई प्रतिभा हो। आज के दौर में आप लता मंगेशकर, आशा भोंसले या मोहम्मद रफी जैसे गायकों की तलाश तो नहीं कर सकते। उनका तो कोई जवाब ही नहीं है। वे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ हैं। उन जैसा तो कोई हो ही नहीं सकता। मैंने 18 साल की आयु में उनके साथ काम करने का अवसर पाया था। लेकिन अब मैं 55 का हूं। लेकिन अब समय आगे बढ़कर नई प्रतिभाओं को सामने लाने का है। अब यदि किसी के पास कुछ नया है जो वो सामने रख सकता है तो हम उसे दिल खोलकर अवसर देते हैं। मेरा मानना है कि हमें वो जादुई स्वर मिल चुके हैं जिन्हें हम ढूंढ रहे थे। आप अज़मत को ही ले लीजिये जिसने 10-11 साल की आयु में गायन रियलिटी शो जीत लिया था। लेकिन बाद में वो बुरी संगत में पड़ गया और उसे अपनी गलती का आभास हुआ और उसने इसे स्वीकार भी किया। हमनें उसे दूसरा अवसर प्रदान किया। बस इंडियन आइडल 11 में हम इतना ही काम कर रहे हैं।

■ **आप लंबे समय से रियलिटी शोज़ जज करते आ रहे हैं। इस बारे में आपको अनुभव कैसा रहा है?**
– देखिये अब तो दर्शक भी कहने लगे हैं कि इंडियन आइडल का तीन लोगों का वर्तमान पैनल सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ पैनल रहा है। इसका कारण ये है कि हम तीनों के बीच का संतुलन अविश्वसनीय है। हमारे बीच भी मतभेत होता है लेकिन ये सब तो चलता रहता है। यात्रा के बारे में बता दूं कि ये अतुलनीय रही है।

■ **क्या आपको पांच साल पहले की प्रतिभाओं और आज की प्रतिभाओं के बीच कुछ अंतर दिखाई देता है?**
– देखिये प्रतिभा तो प्रतिभा ही होती है। हम भारतीयों के डीएनए में ही संगीत होता है। लेकिन जब मैं आज के युवाओं को देखता हूं तो तकनीक में आए बदलाव को देखकर हैरत होती है। इससे बहुत अंतर आया है। ऑडिशन में आने से पहले युवा काफी अभ्यास करते हैं। वे तैयारी तो करते ही हैं साथ ही उन्हें पता होता है कि प्रतिस्पर्धा कांटे की होती है। सभी को पता है कि तकनीक तो सभी को उपलब्ध है लेकिन कुछ अलग करने की ललक उनमें साफ दिखाई देती है। काम के प्रति उनका समर्पण हमारे समय से बहुत अधिक है।

■ **क्या रियलिटी शोज़ में भागीदारी से गायक के कॅरियर में सकारात्मक बदलाव आ सकता है?**
– जी हां, ये आज की पीढ़ी का सौभाग्य है कि उन्हें रियलिटी शोज़ में भाग लेने का अवसर मिलता है। हमें ऐसा मौका उपलब्ध नहीं था। जब आपमें प्रतिभा होती है और आप ऐसे शो पर गाते हैं तो सभी को आपके बारे में जानने का अवसर मिलता है। जब आप कोई शो जीतते हैं या फिर टॉप टेन में रहते हैं तो आपकी मांग में वृद्धि होती है। आपको काम मिलना प्रारंभ हो जाता है। मैं शो पर अक्सर ये मजाक में कहता हूं कि पिछले इंडियन आइडल के विजेता सलमान अली का पासपोर्ट मेरे पासपोर्ट से मोटा है।

■ **आपके लिए संगीत के क्या अर्थ हैं?**
– मेरे लिए संगीत सबकुछ है। ये मेरी अंतरात्मा है और हर अच्छे-बुरे वक्त में ये मेरे साथ रहा है। मेरी बेटियों के अलावा संगीत ही वो चीज है जिसने मुझे अब तक जीवित रखा है। ये ऐसा उपकरण है जिसके माध्यम से आप किसी भी तरह के दर्द से उबर सकता है। जब मैंने मोह मोह के धागे बनाया तो लोगों ने मुझे फोन करके बताया कि इससे उनका स्वास्थ्य सुधर रहा है। मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात है।

■ **क्या आपका कोई प्रिय गाना है जिसके बारे में आप बताना चाहते हों?**
– देखिये ऐसा गाना तो अभी आना शेष है। (हंसते हुए)

■ **आपके लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट क्या रहा है?**
– मेरे लिए 'मैं हूं ना' की कव्वाली सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण थी। मैं ऐसी कव्वाली बनाना चाहता था जिससे एक रुझान बन सके। प्रसन्नता इस बात की होती है कि उसके बाद से कई संगीतकारों ने कव्वाली बनानी शुरू कर दी थी। पहले कोई कव्वाली आदि नहीं होती थी लेकिन अचानक कजरारे कजरारे कव्वाली सामने आती है और एक रुझान बन जाता है और इसके बाद कई लोगों ने कव्वाली की रचना की।

■ **उभरते गायकों के लिए आप क्या संदेश देना चाहते हैं?**
– बस संदेश केवल इतना है कि आपको केवल अपना कठिन परिश्रम और समर्पण पर भरोसा करना चाहिये और किसी बात पर नहीं। कई लोग मुझसे पूछते हैं कि तुम इस इंडस्ट्री में पिछले 42 सालों से टिके रहने में किस आधार पर सफल रहे हो। मैंने 16 साल की आयु से गाना प्रारंभ किया था और तब से मैं काम करता आ रहा हूं। अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। मैं तरह तरह के गाने बनाता रहता हूं बिना ये सोचे कि उन्हें फिल्मों में लिया जाएगा या नहीं। अब तक ऐसा कोई दिन नहीं गया होगा जब मैंने कोई न कोई गाना बनाया न हो। कठिन परिश्रम तो सभी कर रहे हैं आपको तो उनसे चार कदम आगे बढ़ते हुए और भी कठिन पश्रिम करना होगा। जीवन में आसानी से कुछ भी नहीं मिलता। कुछ भी पाना या हासिल करना कठिन होता है, लेकिन हमें हिम्मत न हारते हुए उसके लिए सच्चा प्रयास तो करना ही चाहिये।

## हॉरर-कॉमेडी शैली में काम करने के बारे में कभी नहीं सोचा था: कियारा



**मुंबई।** हॉरर कॉमेडी शैली में अभिनेत्री कियारा आडवाणी की दो फिल्में अगले कुछ महीनों में आ रही हैं। कियारा 'लक्ष्मी बॉम्ब' में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी और 'भूल भुलैया 2' में वह कार्तिक आर्यन संग दिखाई देंगी।

मुंबई में मीडिया संग बातचीत में कियारा ने कहा, 'मैंने कभी भी इस शैली (हॉरर-कॉमेडी) में काम करने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन 'लक्ष्मी बॉम्ब' के बाद 'भूल भुलैया2' आ रही है, ये दोनों ही काफी अलग तरह की फिल्में हैं, इसलिए मैं बेहद उत्साहित हूं।'

'लक्ष्मी बॉम्ब' के बारे में कियारा ने कहा, 'हमने इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हम इसे बेहतरीन मनोरंजक बनाने की हम उम्मीद करते हैं क्योंकि मुझे यकीन है कि उम्मीदें काफी ज्यादा होंगी। मैं अक्षय कुमार सर की 'भूल भुलैया' की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। यह पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म है जिसे मैंने देखा था।'

'भूल भुलैया 2' के निर्देशक अनीस बज्मी हैं और भूषण कुमार इसके निर्माता है। यह साल 2007 में आई हिट फिल्म 'भूल भुलैया' की सीक्वेल है, अक्षय कुमार अभिनीत इस फिल्म को प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था।

'भूल भुलैया 2' 31 जुलाई, 2020 को रिलीज होगी। राघव लॉरेंस द्वारा निर्देशित 'लक्ष्मी बॉम्ब' साल 2011 में आई तमिल हिट फिल्म 'मुनी 2: कंचना' की रीमेक है। फिल्म में अक्षय के साथ कियारा भी हैं। यह फिल्म 22 मई, 2020 को रिलीज होगी।

## आने वाले सालों में सिर्फ अभिनय पर दूंगा ध्यान: राजकुमार राव



**मुंबई ।** अभिनेता राजकुमार राव की फिल्म 'मेड इन चाइना' दिवाली सप्ताहांत पर रिलीज होने जा रही है। राजकुमार का कहना है कि अपने कई अन्य सहकर्मियों की तरह उनका फिल्म निर्माण या राजनीति में आने की कोई योजना नहीं है, आने वाले सालों में वह अभिनेता बने रहना ही पसंद करेंगे। मुंबई में बुधवार को 'मेड इन चाइना' की एक स्पेशल स्क्रीनिंग पर मीडिया से बात करते हुए राजकुमार ने कहा, 'आने वाले सालों में मैं अभिनेता बने रहना पसंद करूंगा, क्योंकि यह मेरा पहला प्यार है। मैं खुद को धन्य महसूस करता हूं कि मैं एक कलाकार बना और अपने सपनों को पूरा किया, इसलिए मैं बहुत खुश हूं और किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रहा हूं।'

राजकुमार की आगामी फिल्म 'मेड इन चाइना' 25 अक्टूबर को दो और फिल्मों 'सांड की आंख' और 'हाउसफुल 4' के साथ रिलीज हो रही है। इस टकराव के बारे में पूछे जाने पर राजकुमार ने कहा, 'दिवाली एक बड़ा वीकेंड है। मेरा मानना है कि हम एक बहुत बड़े देश में रहते हैं, जहां लोगों को फिल्में देखना पसंद है, खासकर दिवाली में। मैं चाहता हूं कि सभी फिल्में अच्छा प्रदर्शन करें और इन फिल्मों के निर्माताओं को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं।' मिखिल मुसाले द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ मौनी राय, बोमन ईरानी और परेश रावल भी हैं।

## माधुरी ने लॉन्च किया अपना यूट्यूब चैनल



**मुंबई।** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने ने अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है जिसके माध्यम से वह अपनी निंजी जिंदगी की झलकियां अपने प्रशंसकों संग साझा करेंगी। माधुरी ने कहा, 'यूट्यूब एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे मैं काफी लंबे समय से एक्सप्लोर करना चाहती थी।' नए और मजेदार तरीकों से अपने प्रशंसकों के साथ जुड़े रहना मुझे पसंद है और इसके लिए यूट्यूब चैनल एक बेहतरीन च्वॉइस है। इसके माध्यम से मैं अपनी निजी जिंदगी और काम की झलकियां अपने प्रशंसकों संग साझा करूंगी। मैं बेहद उत्साहित हूं। एक बेहतरीन अनुभव का मुझे इंतजार है।

## माइकल जैक्सन की तरह कंप्लीट परफॉर्मर बनना चाहता हूं: टाइगर



**नई दिल्ली।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ का कहना है कि वह माइकल जैक्सन व ब्रूनो मार्स की तरह कंप्लीट परफॉर्मर बनना चाहते हैं। 'हीरोपंती' के अभिनेता बॉलीवुड के सफलतम एक्शन हीरो में से एक हैं। उन्होंने अपने व्यस्त बॉलीवुड करियर के बावजूद कुछ म्यूजिक वीडियो भी किए हैं।

टाइगर ने आईएएनएस से कहा, 'म्यूजिक वीडियो अच्छी मोहलत देते हैं। वे छोटे होते है। म्यूजिक वीडियो एक तरह से शॉर्ट फिल्म जैसे होते हैं। उनमें एक शुरुआत, मध्य व एक अंत होता है, इसलिए मैं उनका आनंद लेता हूं।' टाइगर ने म्यूजिक वीडियो 'जिंदगी आ रहा हूं मैं', 'चल वहां जाते हैं' और 'बेफिक्र' में काम किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह अच्छा लगता है कि कैसे थोड़े समय में आपको अपने दृष्टिकोण को जाहिर करने का मौका मिलता है। मुझे यह अच्छा लगता है और मुझे डांस करना भी अच्छा लगता है, तो क्यों नहीं?'

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी गाना गाने की भी योजना है। टाइगर ने कहा, 'हां, मैं कर सकता हूं। मैं आर एंड बी स्टार्स जैसे (दिवंगत गायक) माइकल जैक्सन व ब्रूनो मार्स का फैन हूं। वे कंप्लीट परफॉर्मर हैं। वे गाते हैं और नाचते भी हैं। किसी दिन मैं भी यह करना चाहूंगा।' टाइगर की हालिया फिल्म 'वॉर' देश में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर चुकी है।